आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० = 7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 146 • नई दिल्ली, शनिवार 02 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 भुराराही गांव में मृतक के परिजन से मिलने पहुंचे ....

ख़ास ख़बर

मंडफिया के सांवलियाजी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक हुई संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान /चितौड़गढ़ जिले का मंडफिया स्थित सांवलिया जी में राजस्थान पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक में स्मृति मंच के राजस्थान प्रदेश महामंत्री एवं बेगूं विधानसभा के लोकप्रिय किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने हर जाति एवं वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।जनता के हित में मोदी सरकार हमेशा ही प्रयासरत है। किसान नेता हाड़ा ने कहा की राजस्थान का इतिहास पूरे विश्व में जाना जाता है।हम बहुत सोभाग्यसाली है जो हमारा संबंध राजस्थान से है। और वह भी मेवाड़ से।इतिहास गवाह है की मेवाड़ ने अपनी स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया पर कभी अधीनता स्वीकार नही की। किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना है।राजनीति की सबसे छोटी इकाई बूथ स्तर को मजबूत करना एवं पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही भाजपा का ध्येय है। भाजपा के सदस्य जोड़ों अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेवे एवं नए कार्यकर्ताओं को जोड़े।

शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सरकारी विद्यालय में छुट्टियां रद्द और कटौती करने के आदेश के विरोध में शिक्षको ने विद्यालयों में काला बिल्ला लगाकर

मधुबनी। शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सरकारी विद्यालयों में पूर्व से प्रदत्त छुट्टियां रद्द व कटौती करने के आदेश के विरोध में आज प्रारंभिक शिक्षक कल्याण संघ के आवाह्न पर जिले के सैकड़ों प्रारंभिक स्कूलों के शिक्षकों ने काला विला लगा कर विद्यालय कार्य किया । इस सम्बंध में प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा सुधार की आड़ में शिक्षकों एवं बच्चों से पूर्व में प्रदत्तअधिकारों से वंचित कर प्रताड़ित कर रही है । शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षा अधिकार अधिनियम का हवाला देकर सभी को गुमराह करने वाला पत्र निकाल छुट्टी को रद्द कर दिये है । जिसमे कहा गया है कि वर्ष में 220 दिनों का कार्यदिवस अवश्य होनी चाहिए इस लिए विद्यालय की छुट्टी में कटौती की गई है जबकि यह पूर्णतः भ्रामक है , पिछले शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कुल 228 दिनों का कार्यदिवस में पठन पाठन कार्य किये गए थे । वर्ष में कुल 53 रविवार और 60 दिनों का त्यौहार के लिए अवकाश होता है जो कुल 113 दिनों का ही होता है ।शेष बचे 252 दिनों में 220 दिनों का ही पठन पाठन संचालित करना है ।

नारियल वृक्ष धरती पर मनुष्य सभ्यता के उदय के पूर्व से मौजूद - पूर्व प्राचार्य

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। श्रीफल यानी नारियल के वृक्ष धरती पर मनुष्य सभ्यता के उदय के पूर्व से मौजूद हैं।आदिकाव्य रामायण और महाभारत में कई स्थानों पर नारियल का उल्लेख है। उक्त बातें इन्टरमीडिएट कांलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय ने कहीं। उन्होंने कहा कि आचार्य सुश्रुत से लेकर महर्षि चरक तक इसके बारे में लिख गये हैं। यह विश्व के सबसे उपयोगी वृक्षों में से एक है, जिसका हर हिस्सा हमारे लिए उपयोगी होता है। तभी इसे जीवन वृक्ष भी कहते हैं। नारियल के तने से घर बना सकते हैं पत्तियों से छत ढक सकते हैं, जटा से रस्सी, पायदान, थैले, चटाई आदि बनते हैं तो इसके फल से मिलने वाला दूध, तेल व पानी तो अमृत समान है। इसके इतने गुणों के कारण ही दो सितंबर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यूं तो अब नारियल देश के लगभग हर राज्य में मिल जाता है लेकिन यदि कोई राज्य है जिसने नारियल को यथोचित सम्मान दिया है तो वह है केरल जहां इसका खूब उत्पादन होता है।

एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने संभाला पदभार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज। अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में सूर्य प्रकाश गुप्ता ने शुक्रवार को अपना पदभार संभाला। प्रभार लेने के उपरांत श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं और उद्देश्यों का अनुश्रवण करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ हीं अनुमंडल की गरिमा को बनाए रखते हुए प्रखंड और अंचल कार्यालय से लोगों का ससमय कार्य निष्पादित हो तथा अनुमंडल क्षेत्र के सभी कार्यालयों में जो भी कमियां होगी, उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को सजग रखना है। एसडीएम ने यह भी कहा कि सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आमलोगों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ हीं क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस क्षेत्र में कार्य किया जाएगा।

I.N.D.I.A. की कोऑर्डिनेशन कमेटी में 13 नहीं 14 मेंबर होंगे माकपा मेंबर का नाम जुड़ेगा

एजेंसी। मुंबई

विपक्षी दलों के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस (I.N.D.I.A.) की तीसरी बैठक मुंबई में हुई। मीटिंग के दूसरे दिन 1 सितंबर को गठबंधन ने 13 मेंबर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का ऐलान किया। बाद में कहा गया कि कमेटी में CPI(M) के मेंबर का नाम भी जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस कमेटी में 14 मेंबर हो जाएंगे। अगली मीटिंग (चौथी) दिल्ली में होगी। विपक्ष की मीटिंग खत्म होने के बाद साढ़े तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें तीन संकल्पों की जानकारी दी गई। इनमें देशभर में गठबंधन की रैलियां करने और कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाने के अलावा कैंपेन की थीम जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया रखना शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लालू यादव ने कहा- हमने संकल्प लिया है कि मोदी जी को हराकर ही दम लेंगे।

किसने क्या कहा?

उद्धव ठाकरे - देशभर में हम गठबंधन की रैली करेंगे। जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम तय हुई है। कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है।हम सबने तय किया है कि आने वाले चुनाव में तानाशाही-जुमलेबाजों के खिलाफ लड़ेंगे। हमने सुना था- सबका साथ, सबका विकास। चुनाव जीतने के बाद मित्रों को लात और अपना विकास हुआ।

लालू बोले- संकल्प लिया है, मोदी को हटाकर ही दम लेंगे

लालू प्रसाद यादव

मुझे काफी प्रसन्नता हुई कि हम इस देश की विभिन्न पार्टियों के नेता अलग-अलग बैठे थे। हम एक नहीं थे। उसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ा और मोदी ने काफी इसका फायदा उठाया। लगातार लड़ाई लड़ते-लड़ते हम लोग इस मुकाम पर आए हैं कि हम सब एक निष्कर्ष पर पहुंचे हैं एक स्वरूप बना है। हम शुरू से ही यह लड़ाई लड़ते रहे कि भाजपा हटाओ, देश बचाओ। देश में माइनॉरिटी सुरक्षित नहीं है। महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है। भिंडी 60 रुपए किलो हो गई, टमाटर कितना महंगा हो गया। आप सबको याद होगा कि ये लोग कितना झूठ बोलकर ये लोग सत्ता में आए थे। मेरा भी नाम था उस समय, और देश के नेताओं का नाम प्रचारित किया था कि इन लोगों का पैसा स्विस बैंक में है और हम यह पैसा लाएंगे और देश के हर नागरिक के खाते में 15-15 लाख आएगा। हमने भी झांसे में खाता खुलवा लिया। हम पति-पत्नी, बच्चों को मिलाकर 11 हो जाते हैं अब इसे 15 से गुणा कर लीजिए। एक पैसा नहीं आया। सब इन्हीं लोगों का पैसा था। हमने इतने अपने ऑपरेशन कराए हैं कि कोई भरोसा नहीं है। आप सबका आशीर्वाद है कि हम जीवित हैं और हम आगे भी मेरा हौसला काफी मजबूत है।

राहुल गांधी

जो लोग मंच पर हैं, वे देश के 60% लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर हम एकजुट होकर लड़ेंगे तो बीजेपी जीत ही नहीं सकेगी। मुझे लगता है कि यह अलायंस बीजेपी को आसानी से हरा देगा। विकास में गरीबों और किसानों को साथ लेकर चलेंगे। बीजेपी गरीबों से धन छीनकर कुछ चुने हुए लोगों को देती है। अब सीट बंटवारे पर बात होगी।

एक कारोबारी और पीएम के बीच साठगांठ है। मोदी जी और अडाणी जी के बीच जो रिश्ता है, उसके बारे में कल बोला था। एक अरब डॉलर पैसा देश से बाहर गया और वापस आया। मोदी जी G20 करा रहे हैं, उन्हें कह देना चाहिए कि इसकी इन्क्वायरी कराएगी। सेशन में दो महत्वपूर्ण बातें तय हुईं। पहला कि एक कोऑर्डिनेशन कमेटी होगी ओर दूसरा कि हम सीट शेयरिंग पर रेजोल्यूशन निकाल देंगे। हम एक कमेटी बना रहे हैं जो पॉलिसीज को लेकर बात करेगी और देश के जो किसान और गरीब हैं उसको लेकर जो विजन है वह हम आपको दिखाएंगे।

मल्लिकार्जुन खड़गे (कांग्रेस अध्यक्ष)

सभी का उद्देश्य एक ही है कि मोदी महंगाई के लिए क्या करेंगे, बेरोजगारी के लिए क्या करेंगे। पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही है। मोदी जी 100 रुपए बढ़ाते हैं और 2 रुपए कम करते हैं। एलपीजी के दाम डबल हो गए है, लेकिन उन्होंने 200 कम किए। लोगों को दिखाने के लिए 200 रुपए कम करना और कहना मैं गरीबों के लिए काम करता हूं। मोदी जी कभी गरीबों के लिए काम नहीं करेंगे। वे बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ मिलकर चलते हैं। कल ही राहुल गांधी ने एक रिपोर्ट रखी थी कि कैसो अडाणी की संपत्ति बढ़ी। सीबीआई हो ईडी हो, हर ऑटोनोमस बॉडी का मिसयूज कर रहे हैं, ऐसा कभी नहीं हुआ। इसके खिलाफ लड़ने के लिए इंडिया का जीतना जरूरी है। इंडिया को जिताने के लिए ही हम सब इस मंच पर बैठे हैं। हम हर राज्य की राजधानी में जाएंगे मीटिंग करेंगे। मोदी जी झूठ बोलते हैं, लेकिन लोग उसे सच समझते हैं। हमें ये एक्सपोज करना है।

नीतीश कुमार (बिहार के मुख्यमंत्री)

एक बार जब उनसे (पीएम नरेंद्र मोदी) मुक्ति मिलेगी, तब आप प्रेस वाले आजाद हो जाएंगे, तब आपका जो मन करे लिखिएगा। आजकल देख रहे हैं कि वो कोई काम नहीं कर रहे हैं लेकिन उनकी बड़ाई छापी जा रही है। ये देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं, हम इन्हें इतिहास नहीं बदलने देंगे। सबका उत्थान करेंगे किसी के साथ भेदभाव नहीं होने देंगे। सबको आगे बढ़ाना है। वो चुनाव कभी भी करा सकते हैं, ये जान लीजिए। हम लोगों ने भी इसकी चर्चा की है। तैयारी भी शुरू कर दी है।

अरविंद केजरीवाल (दिल्ली के मुख्यमंत्री)

ये जो इंडिया अलाइंस है, ये कोई चंद 26-27 पार्टी का अलाइंस नहीं है। यह देश के एक सौ चालीस करोड़ लोगों का अलाइंस है। जो देश में मोदी सरकार है, वह बेहद भ्रष्ट और अहंकारी सरकार है। हम पढ़ रहे हैं कि विदेश के अखबारों में छप रहा है। एक आदमी (गौतम अडाणी) विदेश में पैसा ले जा रहा है और प्रधानमंत्री मोदी उसकी मदद कर रहे हैं। पूरी सरकार एक आदमी के लिए काम करने में लगी है। ये लोग (मोदी सरकार) अपने आप को भगवान से बड़ा समझने लगे हैं। इंडिया अलाइंस की ताकत को देखकर अब ये लोग आपस में लड़ाएंगे। रोज खबरें आएंगी कि हमारे यहां ये हो गया, वो हो गया। मैं जिम्मेदारी से कह रहा हूं कि हमारे यहां बहुत अच्छा चल रहा है। यहां कोई किसी पद के लिए नहीं आया है।

काल्पनिक हकीकत बन गया'' बगहा में बाईपास सडक, अधिकारियों की बातें सिर्फ हवा हवाई

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बगहा नगर में भयंकर सडक जाम से आए दिन राहगीरों को कठिनाइयों का सामान करना पड रहा है। बगहा दो रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य से गाड़ियों की लम्बी-लम्बी कतारे घंटों लगी रहती है। इस समस्या पर मानें तो सांसद ,विधायक ,एमएलसी, जनप्रतिधि सहित प्रशासनिक स्तर पर देखा जाए तो डीएम, एसडीएम, एसपी ,एसडीपीओ नगर परिषद आदि सभी का ध्यान बगहा से भटक गया हो। जहां हर रोज सड़क के जाम से आम जनमानस को घोर परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। सभी नगरवासियों के साथ बाहर से आने जाने वाले राहगिर जाम से त्रस्त है। गौरतलब हो कि अस्पताल जाने वाले मरीज को ले जाने वाली एम्बुलेंस गाड़ियां , आग से बचाव करने वाले अग्निशामक की गाड़ी आदि के साथ ही प्रशासन की भी गाड़ियां आए दिन सड़क जाम में फंसे दिखेंगे। सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने में जनप्रतिनिधि और प्रशासन दोनों ही विफल है। हाल तो ऐसा हो गया है कि लोगों को सड़क जाम में रहने की आदत सी पड़ गई हो। कई पार्टियों के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता कुछ कहने से डर रहें है, क्योंकि आगामी चुनाव का बिगुल बज चुका है सभी पार्टियां जनता को लुभाने में आपने अपने हथकंडे तो अपना रहे हैं। किंतु इस घोर समस्या सड़क जाम को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि पार्टियों के नेताओं को कोई चिंता नहीं है। सिर्फ सोशल मीडिया, अखबारों में कागजी बयान बाजी में प्रचार का हिस्सा मात्र रह गया है। वही आजकल बगहा के जागरूक नगरवासियों की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नही आती जैसे सब कुछ ठीक चल रहा हो। ऐसे मानो जैसे कि इस जाम की समस्या को दिनचर्या का हिस्सा मान लिया हो। क्योंकि नगर वासियों द्वारा कई बार प्रतिक्रिया दिया गया, उसके बावजूद भी जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के कान खड़े नहीं हुए । वहीं कुछ ही महीने बाद तूरूपति सुगर मिल्स का पेराई सत्र भी प्रारंभ होगा और किसान अपना गन्ना सुगर मिल में लायेंगे, उस समय तो और मुसीबत की सामना करना पड़ेगा।

लंबित कांडों का जल्द करे निष्पादन, डीएसपी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय में अनुमंडल अंतर्गत सभी थानाध्यक्षो व अंचल पुलिस निरीक्षकों के साथ एक बैठक किया। बैठक के दौरान डीएसपी श्री कुमार ने लंबित कांडों का निष्पादन, शराब के विरुद्ध नियमित छापेमारी, गस्ती आदि पर विशेष निर्देश दिया है। आगामी जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए विधि ब्यवस्था से संबंधित एक बैठक की गई है। वही लंबित कांडों का निष्पादन, रात्रि गस्ती, शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर छापेमारी करना असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखने आदि का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव, अंचल निरीक्षक, मुनीर आलम, साठि थानाध्यक्ष उदय कुमार, समेत अनुमंडल क्षेत्र से सभी थानाध्यक्ष एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान की समीक्षा बैठक

विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान/ उदयपुरमौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु आज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धनविलास, सेक्टर 14 पर संयुक्त निदेशक डॉ जेड ए काजी की अध्यक्षता में ''हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी ''अभियान के अंतर्गत एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामानिया ने बताया कि बैठक में संयुक्त निदेशक, उदयपुर संभाग डॉ जेड ए काजी,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गजानंन गुप्ता, अर्बन प्रोग्राम मैनेजर वैभव सरोहा, डॉ सत्यनारायण वैष्णव,दाडम दास,शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधिकारी,एल एच वी,ए एन एम व पी एच एम, खण्ड गिर्वा और बड़गांव के बीसीएमओ , चिकित्सा अधिकारी एवं एल एच वी शामिल हुए। बैठक में संयुक्त निदेशक डॉ काजी ने मौसमी बीमारियों पर क्षेत्रवार समीक्षा की। मच्छर जनित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया,स्क्रब टाईफस आदि पर विचार-विमर्श किया गया। सभी से मासिक रिपोर्ट मांगी गई। प्रत्येक रविवार सुखा दिवस मनाते हुए पानी के इकट्ठा होने की सभी सम्भावित जगहों को खाली करने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गजानंन गुप्ता ने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए शहरी क्षेत्रों में फोगिंग करवाईं जा रहीं हैं।

पतिलार पंचायत के मुखिया की अनोखी पहल, रक्षाबंधन पर पेडों में बांधी राखी लिया सुरक्षा का संकल्प

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत में पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा के द्वारा पेड़ को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। पायल मिश्रा ने कहा कि जिस तरह एक बहन अपने भाइयों के दीर्घायु होने के लिए और अपनी बहन की रक्षा सदैव भाई करता रहे इसके लिए रक्षाबंधन का पावन त्यौहार मनाया जाता है। ठीक उसी तरह हमारे जीवन में पेड़ का महत्व भाई और देवता से कम नहीं, जो हमें सदैव विभिन्न प्रकार से रक्षा करता है। पर्यावरण की रक्षा करते हुए हमें स्वच्छ और साफ सुथरा वातावरण प्रदान करता है। पेड़ की वजह से जीवनदाई ऑक्सीजन मिलता है, और अपने शाखाओं से सभी को छाया प्रदान करता है। इसलिए पेड़ भी हमारे जीवन में भाई से कम नहीं है और इसकी रक्षा हमें निरंतर करती रहने चाहिए, अधिक से अधिक पेड़ लगानी चाहिए। मुखिया ने बताया कि डेढ़ वर्षो के अंतर्गत पंचायत में लगभग 8500 से अधिक पौधों को लगाया गया है। आगामी वर्षों में भी निरंतर इसमें अधिक से अधिक बढ़ोतरी की जाती रहेगी।

कार्यक्रम | मध्य विद्यालय रैठी में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित

दियारा क्षेत्र के स्कूली बच्चे द्वारा रक्षाबंधन त्योहार वृक्ष में राखी बांधकर मनाया गया

दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)। सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर दियारा के मध्य विद्यालय रैठी में रक्षा बंधन पर स्कूली बच्चों द्वारा एक दूसरे एवं वृक्ष को राखी बांधा गया बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह संकुल समन्वयक सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में मध्य विद्यालय रैठी में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें स्कूली बच्चों ने भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन पर छात्रा ने छात्र को भाई मानकर उनके कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई एवं वृक्ष को भी भाई मान कर राखी बांधी. हर साल जिस प्रकार छात्र-छात्रा में खुशी का माहौल रहता था, इस बार छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल नहीं था और उपस्थिति भी बिल्कुल ही नगण्य थी. मात्र 53 बच्चें ही उपस्थित हुए थें। जब छात्र-छात्राओं से पूछा गया कि आज इतनी कम उपस्थिति क्यों है, तो छात्र-छात्राओं बताई की आज के दिन हम लोगों के विद्यालय में छुट्टी रहती थी. छुट्टी रहने पर हमलोग अपने सगे संबंधी के यहां राखी बांधने के लिए जाते थे।लेकिन आज छुट्टी नहीं रहने के कारण विद्यालय में बिल्कुल ही नगण्य उपस्थित हुई है.सर और मैडम लोग नाखुश हैं तो हम लोग कैसे खुश रहेंगे.इसलिए सरकार की यह तुगलकी फरमान हम लोग को भी पसंद नहीं है.इधर शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम से पूछा गया कि आज के दिन सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में इतनी मायूसी क्यों है, तो उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तुगलकी फरमान जारी कर शिक्षक-शिक्षिकाओं के सभी छुट्टी रद्द कर दिए.भाई बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन,तीज,जीतिया, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ सभी छुट्टी रद्द करके शिक्षक को जानबूझ कर प्रताड़ित कर रहे हैं.अब शिक्षक शिक्षिका प्रताड़ित होते- होते सर के ऊपर पानी बह गया है.अब बर्दाश्त के लायक नहीं है. इसलिए सरकार की तुगलकी फरमान का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा.उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा और 2025 के विधानसभा में 4 लाख शिक्षक-शिक्षिकाओं के आक्रोश का खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहें। शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम के नेतृत्व में प्रखंड के अंदर सभी विद्यालयों में बिहार सरकार के आदेश का प्रति जलाया गया. जलाकर सभी शिक्षक शिक्षकों ने सरकार के विरोध नारे लगाते कहा कि एक-एक कर के बदला लेगें सूद और मूड़ सहित लोकसभा 2024 और विधानसभा 2025 में लेंगे. मौके पर शिक्षक नेता सुदर्शन कुमार गौतम, शिवकुमार, सुनील पासवान, केसरी नंदन यादव, नीरज कुमार,अजय कुमार, शंभू शुभम, देवेंद्र कुमार, ओम प्रकाश भारती रूपेश कुमार दीनानाथ पटेल अनिल कुमार लाल बहादुर पासवान सुप्रिया कुमारी अरुणा कुमारी भारती कुमारी कंचन कुमारी अनिता कुमारी रेणु कुमारी किरण सिंह नवनीत परमानंद शंकर राजेश आदि उपस्थित थे.

ख़ास ख़बर

अररिया लोकसभा की जनता की ओर से रंजीत यादव ने सभी नवनियुक्त बिहार भाजपा प्रोटोकॉल पदाधिकारियों को दिया बधाई

अररिया। भाजपा के कद्दावर युवा नेता सह जोकीहाट विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत कुमार यादव ने अररिया लोकसभा की जनता की ओर से सभी नवनियुक्त बिहार भाजपा प्रोटोकॉल पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए 2024 लोकसभा और 2025 विधानसभा विजयी टीम बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार भी जताया। रंजीत यादव ने भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नवमनोनीत मोर्चा अध्यक्षों सहित सभी पदाधिकारियों को नये दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी । उन्होंने भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर जनाब कमरुज्जमा अंसारी साहब, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाई भारतेंदु मिश्रा जी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अररिया में होटल के बाहर पूर्व सांसद सरफराज आलम पर हमला, साले की दूसरी शादी कराने का आरोप

अररिया। अररिया में एक शादी समारोह में शामिल होने गए पूर्व सांसद सरफराज आलम को भीड़ ने घेर लिया. इस बात की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें बचाकर अपने साथ थाने ले गई. होटल के बाहर खींचतान कर रहे लोगों ने पूर्व सांसद पर अपने साले की दूसरी शादी कराने का आरोप लगाया है. अररिया के एक होटल में चल रहे शादी समारोह में राजद के पूर्व सांसद सरफराज आलम शामिल होने गए थे. जहां उन पर हमला हो गया. इस दौरान उनके साथ धक्का-मुक्की की गई. हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल लिया है. यह घटना अररिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव चौक स्थित एक होटल में गुरुवार शाम घटित हुई।

पूर्व राज्य मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल को ब्रह्म कुमारी संस्था की सदस्याओं ने बांधी राखी की मंगल कामना

कुर्साकांटा। गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर सिकटी विधायक सह पूर्व राज्य मंत्री विजय कुमार मंडल जी के निज निवास बटराहा में महिलाओं की भीड़ राखी बांधने के उमड़ पड़ी। इस मौक़े पर ब्रह्म कुमारी संस्था (ओम शांति) के सदस्यों के द्वारा मंत्री जी को राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घ जीवन की मंगल कामना की गई। वहीं पूर्व राज्य मंत्री ने भाई बहन के पवित्र रिश्ते को अक्षुण्ण रखने की बात कही। विधायक जी के आवास पर राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए भी एक भाई की तरह अच्छी व्यवस्था की गई थी। भाजपा के युवा नेता सह विधायक जी के सुपुत्र आगत अतिथियों की सेवा के लिए तत्पर दिखे।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ प्रसाद ने विधान पार्षद डॉ.राजेंद्र गुप्ता को उत्तर बिहार के प्रांत संयोजक बनाने पर दी बधाई

फारबिसगंज। भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष, विधान पार्षद फारबिसगंज निवासी डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता जी को भाजपा के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर बिहार के प्रांत संयोजक का बड़ी जिम्मेदारी दिया है। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ प्रसाद ने इस बाबत केंद्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व को आभार एवं बड़े भाई राजेंद्र जी को अनंत अशेष शुभकामना एवं बधाई। श्री प्रसाद ने कहा कि श्री राजेंद्र जी के मनोनयन से उत्तर बिहार खास कर सीमावर्ती क्षेत्रों में संगठन को मजबूती एवं राष्ट्रवादियों शक्तियों को बल मिलेगा, इनके नेतृत्व में इन क्षेत्रों में आने वाले चुनाव में भाजपा जीत का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।आप स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी हों।

पनोरमा ग्रुप का भव्य रूप से मनाया गया आठवां स्थापना दिवस समारोह

पूर्णियां । मुख्यालय के भट्टा बाजार स्थित होटल पारस में शुक्रवार को सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड(पनोरमा ग्रुप)के आठवां स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर एक्सपो 2023 सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें पनोरमा ग्रुप के साथियों द्वारा कोशी-सीमांचल समेत बिहार के अन्य जिलो के इच्छुक ग्राहकों का घर व दुकान काफी किफायती दरों में बुकिंग कराई गई. पनोरमा ग्रुप में घर व दुकान बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा के हाथों कई तरह के ईनाम भी दिया गया जिसमें कार समेत अन्य सामाग्री शामिल था.शुक्रवार को पनोरमा ग्रुप के आठवां स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्णियां से लेकर सुपौल जिला के छातापुर तक पनोरमा ग्रुप के सभी साईट पर बने प्रोजेक्ट को दुल्हन की तरह बैलून व ईलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सजाया गया था.वही पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने होटल पारस इंटरनेशनल में लगे एक्स पो 2023 में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पनोरमा ग्रुप के सात साल पुरे होने पर पुरे कोशी-सीमांचल समेत बिहार वासियों को बधाई देते हुए कहा हैं पूर्णियां समेत बिहार वासियों ने जिस तरह से पिछले आठ साल में पनोरमा ग्रुप के ऊपर विश्वास जताने का काम किया हम और हमारे पूरे पनोरमा परिवार वादा करते हैं की अपने मेहनत व संघर्ष लगन की बदौलत सभी ग्राहकों के विश्वास पर पूरे मजबूती से खड़ा उतरने का कार्य करेंगे साथ ही पनोरमा ग्रुप के प्रोजेक्ट को और भी कैसे निखारा व संवारा जा सके इस पर भी ध्यान मेरा केन्द्रित रहेगा. संजीव मिश्रा ने आगे कहा की पनोरमा ग्रुप पिछले सात वर्षो में रियल स्टेट से लेकर धीरे-धीरे शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपना कदम रख दिया हैं इसी के साथ मेरे गृह क्षेत्र सुपौल जिला के छातापुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल व पनोरमा हॉस्पीटल का नव निर्माण करवाया हैं. जिसमें हायर सेंटर का निर्माण के हुआ हैं जो बहुत जल्द ही शूरू होगी। इस मौके पर पनोरमा ग्रुप के सीईओ श्री नंदन झा,जैनेन्द्र झा,रितेश झा,विक्रम भगत,दिलखुश कुमार,जे-एम अभिलाश झा,आनंद कुमार,मनोह र,चंदन,हिमांशू,अरूणेश,अभिषेक मिश्रा,संजय कुमार साह,इदारानंद पाठक,अभिषेक सिंह,मनोहर झा,विपीन प्रसाद सिंह,विपिनझा ,पल्लवी ,प्रिति , नेहा रोमा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

लगातार बेहतर सुविधाएं देने के लिए मशहूर हो रहा हुसैनगंज सीएचसी

हुसैनगंज, एक संवाददाता। प्रखंड स्थित हुसैनगंज सीएचसी पिछले दो तीन महीने से लगातार बेहतर प्रदर्शन कर मरीजों को बेहतर सुविधा देने के रूप में उभर कर सामने आया है। स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा जांच और दवाओं की सुविधाओं को देखते हुए ओपीडी में मरीजों की संख्या भी पूर्व के मुकाबले काफी बेहतर हुई है। मरीजों का विश्वास भी सरकारी हॉस्पिटल पर लगातार बढ़ रहा है। डिलीवरी के मामले में भी इस दौरान उछाल देखने को मिला है। वहीं सीएचसी के स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यशैली में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसका श्रेय निःसंदेह वर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशु अंकित को दिया जा सकता है।

ओपीडी व महिला वार्ड में बेहतर सेवा और सुविधा से बढ़े मरीजः हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहले ओपीडी में जहां 40- 45 के करीब में मरीजों की तादाद होती थी वहीं 100 से 120 तक मरीज प्रतिदिन देखे जा रहे हैं। बेहतर उपचार से मरीजों में हुसैनगंज सीएचसी को लेकर विश्वास बढ़ा है जिस कारण मरीजों की संख्या प्रतिदिन यहां बढ़ रही है। वहीं गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी केसेज भी पहले के मुकाबले अधिक देखने को मिले।

एएनसी जांच में लगती है महिलाओं की भारी भीड़ः हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिलाओं की जांच और और रिपोर्ट में बेहतर सुविधा से जांच के लिए आने वाली महिलाओं की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है। पहले के 150-200 के मुकाबले यह आंकड़ा 400 के करीब में देखने को मिल रहा है। इसका कारण मुफ्त में एचआईवी, सीवीसी, हीमोग्लोबिन, जांच इत्यादि की सुविधा व टेक्नीशियन की व्यवस्था है। साथ जांच रिपोर्ट भी ससमय उपलब्ध हो जाता है जिस से मरीजों को असुविधा नहीं होती और सारी दवाइयों के कीट उन्हे उपलब्ध कराए जाते हैं।

हुसैनगंज सीएचसी हब से जुड़े डॉ अंशु अंकित का रिकॉर्ड प्रदर्शनः टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में अब तक लगभग 5-6 दफा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अंशु अंकित पूरे बिहार में टॉप पर रहे हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। अब तक उन्होंने टेलीमेडिसिन के 33 हजार 260 मरीजों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया है। उनकी उपलब्धियों और उनकी कार्य कुशलता का सबसे बड़ा उदाहरण आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल के दौरान देखने को मिला जब विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों पर भी कुशलपूर्वक टीकाकरण इत्यादि का कार्य निर्विरोध चलता रहा। वहीं us दौरान जब सीवान के कई स्वाथ्य केंद्रों में जब आरआई बंद चल रहा था तब भी हुसैनगंज में शत प्रतिशत हुआ। बता दें कि डॉ अंशु अंकित के बेहतरीन कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस पर उन्हे जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया था।

बिहार अंडर 17 फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में हुसैनगंज की अबीबा चयनित

भास्कर न्यूज। हुसैनगंज। राष्ट्रीय बालिका अंडर 17 राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप हेतु गठित होनेवाली बिहार टीम के 30 सदस्यीय प्रशिक्षण शिविर में हुसैनगंज प्रखंड कि मदर टेरेसा महिला फुटबॉल क्लब सह पूर्व उप विजेता बिहार टीम के खिलाड़ी रही अबीबा परवीन का पुनः चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा उड़ीसा के भुनेश्वर में 20 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक आयोजित होना है।जिसको लेकर अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के चयन सह प्रशिक्षण शिविर में सीवान जिले के नौ बेटियों का अलग-अलग प्रखंड क्षेत्र से चयनित हुईं हैं।मुजफ्फरपुर के ढोली में 20 अगस्त को आयोजित एक दिवसीय चयन शिविर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर हुसैनगंज प्रखंड से फुटबॉल खिलाड़ी अबीबा परवीन का भी चयन हुआ।यह प्रशिक्षण सह चयन शिविर 3 सितंबर से 15 सितंबर 2023 तक चलेगा। एक दिवसीय चयन शिविर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।वहीं अबीबा का चयन विगत महीने असम के गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दौरान बिहार के उपविजेता बनने व बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। मदर टेरेसा स्पोर्ट्स क्लब के निदेशक सह संस्थापक सोहन मास्टर ने बताया कि अबीबा परवीन मदर टेरेसा महिला स्पोर्ट्स एकेडमी की गैर आवासीय प्रशिक्षु खिलाड़ी हैं। प्रखंड के खिलाड़ी के चयनित होने से खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। यहां के खेल प्रेमियों को लगने लगा है कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं यदि परिश्रम करती हैं,तो निश्चित रूप से उन्हें भी विश्व के मानचित्र पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इससे वे अपने देश एवं गांव-समाज अपने माता-पिता का नाम रौशन कर सकते हैं।

आस्था को नहीं बांधा जा सकता किसी मजहब से

अररिया। भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन के दिन विद्यालय(प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया) में उपस्थित रहकर वरीय शिक्षिका फ़रहत बानो से शिक्षक रंजेश कुमार ने राखी बंधवाया। वहीं हिन्दू बहन ने मुस्लिम भाई की कलाई पर बांधी राखी कायम की हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल।रक्षा बंधन का त्योहार महज एक कलाई पर बांधने जाने वाला धागा नहीं, बल्कि भाई और बहन के अटूट रिश्ता और मुहब्बत का पैगाम है। एक ओर जहां देश में नफरत और भेदभाव, उंच नीच जाति धर्म और हिन्दू मुस्लिम के बीच नफरत फैलाई जा रही है वहीं आज एक हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई के कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। वरिष्ठ पत्रकार रुपेश कुमार गुलशन की धर्मपत्नी पेशे से शिक्षक पंचाली कुमारी यादव ने राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित प्रखर समाज सेवी असलम बेग को राखी बांध कर हिंदू मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश दिया। बताते चलें कि पंचाली कुमारी यादव पेशे से शिक्षक हैं, और एक कुशल गृहिणी भी हैं। मौके पर पंचाली कुमारी यादव कहती हैं कि उनका पास सगा भाई नहीं है। इसलिए उसने नेकदिल इंसान असलम बेग को अपना धर्मभाई मान लिया है। गरीबों पिछड़े, निसहाय लोगों की आवाज, हिन्दू- मुस्लिम एकता का प्रतीक, समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षा र सम्मान एवं राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार से सम्मानित असलम बेग ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के बीच मुहब्बत का त्योहार है और उनमें आपसी भाईचारा कायम करता है

बायसी पंचायत अध्यक्ष का विधायक ने किया स्वागत

एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार के बायसी पंचायत के नवनियुक्त जदयू प्रखंड अध्यक्ष हरेराम मेहता का क्षेत्रीय विधायक अनिरुद्ध प्रसाद यादव ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। जदयू में कार्यकर्ताओं को पूर्ण सम्मान दिया जाता है। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमल प्रसाद यादव, चंदन मेहता, प्रो. सुनील कुमार मेहता, पूनम देवी, विनोद कुमार मेहता, बायसी पंचायत अध्यक्ष हरेराम मेहता, मु.अखलाक, नूर आलम, हरिनंदन यादव, रामकुमार मेहता, बालेश्वर मेहता, अशोक कुमार मेहता, धनंजय मेहता, रामानंद मेहता, महानंद कुंवर, जामुन पासवान, सुशील राम, कमल रजक, गंगा सादा, जयकृष्ण शर्मा, मुकेश सरदार, गणेश कुमार मेहता आदि लोग मौजूद थे।

बैठक | विभिन्न खेलों के नियम व शर्तें के संदर्भ में बैठक में रखा जाएगा प्रस्तावः हरिओम झा

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 को लेकर मैच रेफरी, कप्तान की अहम् बैठक दिनांक 03 सितंबर को

पूणिया । पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 दिनांक 29/09/2023 से पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में होने जा रही है। जिसमें आज तक 50 क्लबों और विद्यालय की टीम भाग ले चुकी है। आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि आयोजन समिति के साथ - साथ बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज , फुटबॉल एवं क्रिकेट के मैच रेफरी, प्रशिक्षक, पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे विभिन्न खेलों के कप्तान, टीम मैनेजर आदि की आवश्यकता बैठक दिनांक 03/ 09/2023 को बुलाया गया है। विद्यालय एवं कर्मी को व्हाट्सएप एवं फेसबुक के माध्यम से सूचित कर दी गई है। पनोरमा स्पोर्ट्स के बेहतर आयोजन हो इसके लिए आवश्यक बैठक बुलाई गई। आयोजन समिति सदस्य के साथ- साथ सभी खेलों के मैच रेफरी एवं कप्तान उपस्थिति अतिआवश्यक है।

दिनांकः-03/09/2023

समयः-पूर्वाह्न 11:00 बजे स्थान :-हरिओम स्पोर्ट्स विशाल कॉम्प्लेक्स होदा मार्केट खीरु चौक भट्टा बाजार पूणिया नियर खीरु चौक हनुमान मंदिर के ठीक सामने।

बैठक में प्रमुख विषयः पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 6 के विभिन्न खेलों के नियम व शर्तें के संदर्भ में। 10+2 विद्यालय के बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं टेबल टेनिस के बालक एवं बालिका वर्ग के टाईसीट के संदर्भ में। फुटबॉल एवं क्रिकेट ओपन टू ऑल के संदर्भ में। विद्यालय प्रधान के आए सुझाव के संदर्भ में। उपस्थित आदरणीय जनों के अन्य सुझाव के संदर्भ में।

भाजपा को अंडर ग्राउंड एजेंट के रूप में तुष्टिकरण की राजनीति के लिए फील्ड तैयार कर दे रहे हैं केके पाठकः इन्तेखाब आलम

पटना । बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव के के पाठक लगातार पत्रबाज़ अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अचानक से पाठक द्वारा बिहार में शिक्षकों को दिए जाने वाले रक्षाबंधन, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा जैसे विभिन्न महत्त्वपूर्ण धार्मिक भावनाओं से जुड़े त्योहारों के छुट्टियों में कटौतियां किए जाने से पुरे बिहार में आक्रोश का माहौल है। जहां भाजपा द्वारा महागठबंधन सरकार पर हिन्दू धर्म के आस्था से खिलवाड़ कर हिन्दू त्योहारों पर छुट्टी रद्द करने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनपर एनडीए के लिए सेक्रेट एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। इन्तेखाब आलम ने कहा कि भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए से जनता परेशान है और पूरे भारत में परिवर्तन की लहर है इंडिया का पलड़ा भारी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक

लोकसभा चुनाव को देखते हुए जानबूझकर धार्मिक भावनाओं के विपरित पवित्र त्योहारों के छुट्टियों को रद्द कर भाजपा के एजेंट के रूप में भाजपा को तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए मैदान तैयार कर दे रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए गठबंधन को फायदा पहुंचाने का साजिश रच रहे हैं। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि जहां एक तरफ मुंबई में महागठबंधन द्वारा जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारों के साथ एनडीए को परास्त करने की तैयारी चल रही है वहीं बिहार में केके पाठक जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार के उलजलूल हरक़त से इंडिया गठबंधन की क्षवि ख़राब करने की कोशिश की जा रही है माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी को तुरंत इस मामले पर संज्ञान लेते हुए इस एनडीए के एजेंट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए छुट्टी रद्द करने संबंधित आदेश को निरस्त कर देना चाहिए। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि अगर टेक्निकल तौर पर भी देखें तो शिक्षकों और स्कूली बच्चों को साल में 60 दिन का अवकाश बिहार शिक्षा संहिता सेवा के आधार पर कानून के तहत मिलता आ रहा है। गौर करने की बात है वर्तमान में जो बिहार सरकार के द्वारा संशोधित अवकाश पत्र निकाला गया है उसमें इस बात की चर्चा भी है कि शिक्षा अधिकार कानून के तहत साल में 200 से 220 दिन प्रारंभिक स्कूलों में अध्ययन अध्यापन के लिए खोलना है। इस प्रकार साल में 365 दिनों में60 पर्व त्यौहार का छुट्टी और 52 रविवार दोनों मिलकर 112 दिन छुट्टी होता है इस प्रकार 365-112=253 दिन होता है 220 दिन के जगह 253 दिन हो जाता है तो फिर किस हिसाब से छुट्टी कटौती की गई ! सीधा-सीधा शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान करने और विपक्षी दलों को तुष्टिकरण की राजनीतिक करने के लिए मैदान प्रदान करने की गहरी साजिश है।

ख़ास ख़बर

जदयू कुशेश्वर विधायक ने अपने बहन से बंधवाया राखी

डॉ विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल। जिले के निर्मली नगर में जदयू कुशेश्वर विधायक अमन भूषण हजारी ने रक्षाबंधन के शुभअवसर पर पटना से चलकर निर्मली वार्ड 06 पहुँचा और अपने बहन कुमारी अनामिका से राखी बांधवाकर दीर्घायु जीवन की कामना की। विधायक ने इस मौके पर उपस्थित सभी को राखी के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाई बहन एवं जनता के स्नेह और सहयोग से क्षेत्र की सेवा करने में भरपूर ऊर्जा मिल रही हैं। क्षेत्र विकास की ओर आगे बढ़ रहा हैं। कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के पारस्परिक प्रेम रिश्ते और विश्वास का त्यौहार हैं और इस पर्व को हम कर्तव्य आत्मीयता त्याग सामाजिक एकता और सद्दावन के प्रतीक के रुप मे मनाते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही। मौके पर राम सागर साह, रौशन कुमार, विनीत शेखर आदि मौजूद थे।

मृतक के परिजन से मिलने पहुंचे भाजपा के केंद्रीय मंत्री व पूर्व मंत्री, परिजनों को बंधाया ढांढस

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल। जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के भूराराही गांव में मृतक के परिजनों से शुक्रवार को मिलने भाजपा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र कुमार व पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और कहा की जो भी घटना घटी है काफी दुखद है और दुख के इस घड़ी में हम तमाम लोग पूरे परिवार के साथ है। श्री मंत्री ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने की आश्वासन दिया।साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार को मुबावजे की राशि अविलंब देने की बात कही।मालूम हो कि बीते मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने जाने के दौरान मधेपुरा के चौसा में सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमे पिपरा प्रखंड के भूरारही गांव के चार लोगों की मौत हो गई थी। इसी के मद्देनजर भाजपा के मंत्री स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ भूरारही गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया।इस दौरान सुपौल भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकुमार राय, पिंटू मंडल,पिपरा पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार,इंद्रदेव मंडल,निर्मल झा,रामदास मंडल,रामदेव,पंडित,रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विपिन कुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्री अन्न के मूल्य सम्बंध में प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित, किसानों को मिला जागरूकता लाभ

संजीब यादव/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड में वर्ष 2023 को मिलेट्स के महत्व को देखते हुए किसानों के बीच में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के ख्याल से छातापुर प्रखंड परियाही आदिवासी टोला में श्री अनाज के विभिन्न व्यंजन बनाने पर एक प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आदिवासी महिला एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तथा मड़वा,ज्वार बाजरा के द्वारा विभिन्न व्यंजनों जैसे लड्डू, बिस्कुट, हवा मीठा, पराठा, नमकीन, दही बड़ा, बालूशाही इत्यादि व्यंजनों को बनाकर दिखाया तथा स्वादिष्ट होने के नाते उपस्थित लोगों को खाने के लिए दिया गया। तथा उनसे फीडबैक भी लिया गया लोगों ने इसके बारे में काफी दिलचस्पी दिखाई। श्रेष्ठ महिला के रूप में श्रीमती सुनीता को कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों के द्वारा दीवाल घड़ी देकर उत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने का श्रेय कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान मनोज कुमार, वैज्ञानिक मोहम्मद नाजिम अख्तर, वैज्ञानिक निलेश कुमार के द्वारा शानदार किसानों को जागरूकता हेतु प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में 105 कृषकों ने भाग लिया। डॉ मनोज कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों के बीच में कुपोषण समस्या बनी है और इस समस्या को देखते हुए मोटे अनाज के ही सेवन करना सही होता है। कृषि वैज्ञानिक मनोज कुमार ने बताया कृषि विज्ञान केंद्र राघोपुर में मडवा बीज उत्पादन किया गया है और सुपौल जिला के सभी किसानों को निशुल्क दिया जाएगा।

गहरे पानी में जाने से अधेड़ की डूबने से मौत

डॉ विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली,सुपौल । जिले में निर्मली नगर के जरौली ढाला स्थित खड़ग नदी पर निर्माणाधीन पुल के पास टूटे डायवर्सन पार करते समय गहरे पानी में जाने से एक अधेड़ की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है की मंगलवार की देर शाम नगर के वार्ड 3 निवासी रामानंद पंडित (35) जरौली गांव से राजमिस्त्री का काम करके वापस अपने घर लौट रहा था। नदी के जलस्तर बढ़े रहने के कारण टूटे डायवर्सन के पास वह तैर कर नदी पार करने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। पानी की तेज बहाव में वह डूबकर लापता हो गया। जिसका खोजबीन अगले सुबह से देर शाम तक किया गया लेकिन राजमिस्त्री का कुछ सुराग नहीं मिला। वहीं गुरुवार की सुबह शहर स्थित तिलयुग नदी में समशान घाट के पास सफेदी बगीचा के किनारे शव तैरता हुआ दिखा। जिसके बाद लोगो में सनसनी फ़ैल गई। इसी बीच परिजनों को भी जानकारी मिली।जिसके बाद परिजन शव को उठाकर अपने निज आवास ले गया। लोगो ने घटना की सूचना थाना को दिया।जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक के कमाई से ही उनका घर परिवार चलता था। मृतक अपने पीछे पत्नी सावित्री देवी सहित दो बेटा एक बेटी को छोड़ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते एक महीना से जरौली ढाला के पास डायवर्सन टूटा हुआ है। टूटे डायवर्सन से होकर प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोग जान जोखम में डालकर आवागमन करते हैं।

भुराराही गांव में मृतक के परिजन से मिलने पहुंचे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल । जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के भूराराही गांव में मृतक के परिजनों से गुरुवार की देर रात मिलने जाप सुप्रीमो पप्पू यादव पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और कहा की जो भी घटना घटी है काफी दुखद है और दुख के इस घड़ी में हमारे पार्टी के तमाम लोग पूरे परिवार के साथ है। पप्पू यादव ने तत्काल पीड़ित परिवारों को दस - दस हजार रुपए की आर्थिक मदद की। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार को मुबावजे की राशि अविलंब देने की बात कही।मालूम हो कि मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने जाने के दौरान मधेपुरा के चौसा में सड़क दुर्घटना हुई थी। जिसमे पिपरा प्रखंड के भूरारही गांव के चार लोगों की मौत हो गई थी। इसी के मद्देनजर पप्पू यादव गुरुवार की देर रात भूरारही गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और आर्थिक मदद की।इस मौके पर पप्पू यादव ने सुपौल जिले में तटबंध के अंदर बाढ़ की भयावह स्थिति पर भी चिंता जाहिर किया और सरकार से आहत किसानों को फसल क्षति का मुवावजा जल्द देने की बात कही।इस दौरान जाप जिला अध्यक्ष नंदकुमार चौधरी, जाप छात्र परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष,युवा समाजसेवी, छात्र परिषद के जिला अध्यक्ष उदय मंडल, शिवकुमार यादव, रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विपिन कुमार यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में जख्मी महिला उपचार के दौरान हुई मौत

राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल । जिले के छातापुर थाना क्षेत्र स्थित सोहटा शिवमंदिर के समीप चुन्नी सोहटा पथ पर सड़क दूर्घटना में जख्मी महिला की मौत हो गई। मृतक महिला 34 वर्षिया रूबी देवी कटहरा पंचायत के वार्ड संख्या 10 निवासी सुनील शर्मा की पत्नी बताई जा रही है। बुधवार की संध्या हुई दूर्घटना के बाद उपचार के लिए सदर अस्पताल पूर्णिया ले जाया गया था, जहां उपचार के दौरान गुरुवार को महिला ने दम तोड दिया, पूर्णिया से वापस लाये गये शव को थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपूर्द कर दिया। थाना पुलिस ने हादसा को अंजाम देने वाली बाइक को मौके से कब्जे मे लिया है और आगे की कार्रवाई में जूटी हुई है। इधर महिला की असामयिक हुई मौत के बाद बच्चों सहित परिजनों के बीच चीख पुकार मची हुई है। बताया जाता है कि रक्षा बंधन को लेकर महिला भरगामा थानाक्षेत्र के पेकपार जाने के लिए देवर के साथ बाइक से निकली थी, इसी क्रम में सोहटा शिवमंदिर के समीप पक्की सडक पर सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। दूर्घटना में महिला के सिर में भारी चोट लगा और वह बेहोश हो गई। जख्मी महिला को आनन फानन में पीएचसी छातापुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, बेहतर उपचार के लिए परिजन जख्मी को लेकर पूर्णिया चले गये, दूर्घटना को अंजाम देने वाला बाइक सवार नरपतगंज थानाक्षेत्र के गोखलापुर निवासी बताया जा रहा है।

अनुमंडल अस्पताल बना बिचौलियों का अड्डा, परिसर में निजी नर्स रहती मौजूद

डॉ विनीत शेखर / दैनिक शुभ भास्कर निर्मली सुपौल । जिले के निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल इन दिनों बिचौलियों का अड्डा बनकर रह गया है। आधी रात को निजी अस्पताल के नर्स अस्पताल गेट पर खड़ा रहकर रेफर हुए मरीजों को विभिन्न तरह का प्रलोभन देकर अपने अस्पताल में भर्ती कराते है। इसके बदले निजी अस्पताल के नर्स कमीशनखोरी करते है। एक मरीज को अस्पताल में भर्ती कराने के बदले डॉक्टर से मोटी रकम लेते है। बताया जाता है की अस्पताल में गर्भवती महिला को ऑपरेशन की नौबत आने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में उसे अस्पताल परिसर में घूम रहे निजी अस्पताल के बिचौलिया उसे विभिन्न तरह का प्रलोभन देकर अपने अस्पताल में ले जाते है। मरीज से औने पौने दाम पर ऑपरेशन करते है। जिसमे अस्पताल के नर्स को एक मरीज लाने के बदले 5 से 6 हजार रूप तक कमीशन दिया जाता है। शाम होते ही अस्पताल परिसर में निजी अस्पताल के नर्सों का आवाजाही शुरू हो जाता है। बता दे की शहर में एक दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रही है। जिसमें ना तो कोई डॉक्टर है और ना ही उसका किसी प्रकार का निबंधन। बावजूद इसके खुलेआम विभिन्न तरह का ऑपरेशन किया जाता है। इतना ही नहीं इस गोरख धंधा में निर्मली पीएचसी के नर्स एवं आशा कार्यकर्ता भी शामिल है। अपने पोषक क्षेत्र से आए गर्भवती महिला को निजी अस्पताल में ऑपरेशन करवाने की सलाह देते हैं और उसके बदले उसे अस्पताल से कमीशन मिलता है। हालांकि इन सभी बातों से अस्पताल के प्रभारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक बेखबर है लेकिन प्रतिदिन दर्जनों मरीज को अनुमंडलीय अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। जहां मोटी रकम लेकर उसका ऑपरेशन आदि कराई जाती है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एसडीएम ने लिया जायजा

सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर मौजहा पंचायत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सदर एसडीएम इन्द्रवीर कुमार ने शुक्रवार को लिया जायजा। इस दौरान एसडीएम ने सुजानपुर गांव के कटाव स्थल का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने मौजहा स्थित कोसी नदी पुल पर चल रहे बाढ़ शिविर के बारे में विस्थापित परिवार के लोगों से खाने-पीने के बारे में जानकारी ली। वहीं विस्थापित परिवारों ने कहा कि हम लोगों का आशियाना कटकर नदी में विलीन हो चुका हैं। उसके बाद हम लोग ऊंचे स्थल पुल पर पिछले एक सप्ताह से शरण लिए हुए हैं। वहीं एसडीएम ने विस्थापित परिवारों को आश्वासन देते हुए कहा कि यहां पर अभी शिविर चलेगा जब तक यहां के लोग अस्थाई रूप से भोजन बनाने की सुविधा उपलब्ध होने के बाद ही शिविर को बंद करने के बारे में विचार किया जाएगा। इसी दौरान उन्होंने ने कोसी पुल की एप्रोच ध्वस्त होने कि जानकारी लोगों ने दी उसके बाद एसडीएम ने पुल कि अप्रोच कटाव स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने जल संसाधन विभाग के जेई को निर्देश दिया कि कटाव निरोधी कार्य तेजी से काम खत्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुल कि अप्रोच ध्वस्त हो जाने से सड़क मौजहां दुबियाही मुख्य सड़क संपर्क भंग हो जाएगा और पूल पर विस्थापित परिवार की समस्या और गंभीर हो जाएगी। वही विस्थापित परिवारों से बाढ़ के बारे में जानकारी हासिल की। उसके बाद पुल से दक्षिण भाग में मौजहा दुबियाही मुख्य सड़क लगभग 15 फूट कटकर नदी में बीते कुछ दिन कोसी नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद विलीन हो गए थे। कटाव जगह का निरीक्षण किया और बीडीओ को निर्देश दिया कि अविलंब सड़क मरम्मत कार्य पूरा करने को कहा। मौके पर बीडीओ राजकुमार चौधरी, पैक्स अध्यक्ष पप्पू कुमार यादव,रमेश यादव,संतोष कुमार यादव ,सुधीर कुमार यादव आदि लोग मौजूद थे।

एमएसयू जिला कार्यकारणी का हुआ गठन

डॉक्टर विनीत शेखर / दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल। जिले के निर्मली नगर में मिथिला स्टूडेंट यूनियन द्वारा जिला कार्यकारिणी समिति का गठन शुक्रवार को नगर के शेखर सदन में आयोजित एक बैठक में हुआ। बैठक की अध्यक्षता एमएसयू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर विनीत शेखर की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर अभिराम झा, उपाध्यक्ष शंभू कुमार यादव, महासचिव अरबी सत्यार्थी, प्रवक्ता बंधु कुमार मुन्ना, कोषाध्यक्ष मो. मुन्ना, संगठन मंत्री राज नीतिश, सदस्यता प्रभारी जितेंद्र यादव, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन राय, सचिव मो.वसीम अकरम, समन्वयक रोशन मेहता, कार्यकारिणी कृष्ण देव सिंह भारत, कार्यालय प्रभारी इंद्रजीत कुमार को मनोनीत किया गया है। बैठक में सर्वप्रथम संगठन की मजबूती एवं बिस्तर पर चर्चा की गई जिसके बाद धोनी मत से जिला कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। मौके पर एम रहमान, अभिषेक मिश्रा, विशाल कुमार, करन कुमार, राजेश कामत, रामसागर साह, इमामुद्दीन आदि मौजूद थे।

दो बाइक के जोरदार टक्कर से मां बेटा घायल, इलाज जारी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर। जिला के भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर मोड़ के पास दो बाइक के जोरदार टक्कर से मां व बेटा गंभीर रूप से घायल सदर अस्पताल भभुआं में इलाज जारी। घायलों की स्थिति जानने पहुंचे भभुआं जिला पार्षद विकास कुमार उर्फ लल्लू पटेल के द्वारा जानकारी दिया गया कि, भभुआ थाना क्षेत्र के रामपुर ग्राम वासी रमाशंकर सिंह की 50 वर्षीय पत्नी रामरती देवी एवं 25 वर्षीय पुत्र विकेश कुमार अपने रिश्तेदारी खनांव गांव से अपने घर को आ रहे थे। तभी हरिहरपुर मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में मां और बेटा घायल हो गए। जहां घायलों को इलाज के लिए परिजनों द्वारा भभुआं के सदर अस्पताल लाया गया है। चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है स्थिति सामान्य है।

रंगमंच | गुमनाम कलाकारों को बेहतर मंच देकर प्रांगण रंगमंच ने उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाया है

प्रांगण रंगमंच के कलाकारों में प्रतिभा की कमी नहीं: अशोक सिन्हा

मधेपुरा । झूलन के अवसर पर शहर के लक्ष्मीनारायण ठाकुरवाड़ी में तीन दिवसीय झूलनोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। झूलनोत्सव के अंतिम दिन के कार्यक्रम में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था प्रांगण रंगमंच की टीम ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत, भक्ति नृत्य और आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत बिट्टू राज के द्वारा गणेश वंदना से हुई। इसके बाद रौनक और अनीश द्वारा तैयार नृत्य आरंभ है प्रचंड की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने भक्ति पर आधारित कई मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में रमेश राही, कोमल कुमारी, श्वेता, बीरेंद्र कुमार, संजीव सोनू और धीरेंद्र ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत से दर्शकों को झुमाया। वहीं संस्था के कलाकारों ने भक्ति, देशभक्ति, रक्षाबंधन सहित विभिन्न पर्व त्योहार संबंधित झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति दी। महाकाल अघोरी नृत्य, भगवान श्रीकृष्ण के नृत्य आदि पर कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर जयकारा लगाया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सत्यार्थी ने किया। समारोह में संयोजक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि गुमनाम कलाकारों को बेहतर मंच देकर प्रांगण रंगमंच ने उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर प्रांगण रंगमंच के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार ने भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की। झूलनोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अशोक कुमार सिन्हा, अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि प्रो. बिजेंद्र नारायण यादव, प्रो. मणिभूषण वर्मा, अधिवक्ता कौशल कुमार सिन्हा, सुचिंद्र सिंह, राममिलन सिंह, नरेश सिंह, बिनोद प्रसाद वर्मा, गजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, टीकू जी, सोनू साह, किशोर कुमार, प्रदीप, प्रो. नरेश कुमार, प्रो. आभा रानी, राजीव कुमार, रीना सहाय, सीता देवी, बंदना,अंजली, सुनीता देवी, राजू, रमन वर्मा, अरुण श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। आयोजन समिति द्वारा कलाकारों सहित अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार परमार, सचिव अमित आनंद, कार्यक्रम प्रभारी दिलखुश, अभिषेक आनंद, आशीष सत्यार्थी, नीरज कुमार निर्जल को सम्मानित किया गया।

तीन मवेशी चोर चढ़े ग्रामीणों के हत्थे,ग्रामीणों ने चोरों का जमकर किया पिटाई

राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर,सुपौल । जिले के छातापुर थाना क्षेत्र में मवेशी चोर गिरोह का आतंक चरम पर है और पशुपालकों के बीच भय का माहौल व्याप्त हो गया है। शुक्रवार की अहले सुबह रामपुर पंचायत के इंदरपुर गांव में ग्रामीणों ने चोरों के गिरोह को मवेशी चोरी करते रंगे हाथ धर दबोचा। ग्रामीणों ने पीकअप वाहन के साथ हत्थे चढे चोरों की पहले पिटाई की, फिर सुचना पर पहूंची पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मौके से चोरों को कब्जे में लेकर थाना ले गई। जिसमें रामपुर निवासी 22 वर्षिय मो अजरूद्दीन, 21 वर्षिय मो इरफान के अलावे अररिया जिला अंतर्गत नरपतगंज थाना क्षेत्र के कौशकापुर निवासी 23 वर्षिय मो सदरूल बताये जा रहे हैं। चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को कई घंटे बाद जप्त कर थाना लाया गया। बिना नंबर के पिकअप पर तीन पशु लदे हुए हैं। जानकारी अनुसार चोर गिरोह ने गुरुवार की रात थानाक्षेत्र के अलग - अलग हिस्सों से पशु चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद गिरोह के सदस्य देर रात अररिया सीमा के समीप इंदरपुर गांव पहूंच गया। जहां मो अब्बास पिता स्व मो इशहाक का मवेशी चोरी कर पिकअप वाहन की ओर आ रहा था। जहां मवेशी मालिक सहित ग्रामीणों ने रंगे हाथ चोरों को पकड लिया। बताया जाता है कि गिरोह के सरगना सहित कई चोर को मौके से भगा दिया गया और तीन चोर को पुलिस के हवाले किया गया। बताया जाता है कि मवेशी चोर गिरोह ने लंबे समय से सक्रिय है और थानाक्षेत्र के में लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहा है। जिसके कारण पशुपालकों में भय व्याप्त हो गया है और रात की निंद छीन गई है। चोरी की बढती घटनाओं को रोकने में विफल साबित होने की वजह पुलिस की निष्क्रियता को माना जा रहा है। बताया जाता है शुक्रवार को पुलिस के द्वारा चोरों के थाना लाये जाने के उपरांत दलालों का रैकेट सक्रिय हुआ और थाना में वैसे लोगों की चहलकदमी बढने लगी। किसी ने मामले को पुलिस के वरिय अधिकारियों के संज्ञान में दे दिया, जिसके बाद सभी दलाल खिसक गये और स्थल पर छोड दिये गये पिकअप को थाना लाकर पुलिस समुचित कार्रवाई करने में जूट गई।

ख़ास ख़बर

अवैध बालू लदा तीन ट्रक जब्त, चालक फरार

नासरीगंज (रोहतास)। कछवां थाना क्षेत्र के दनवार पेट्रोल पंप के समीप से स्थानीय पुलिस ने अवैध बालू लदा तीन ट्रक को जब्त किया है, जबकि पुलिस को देखते ही तीनो ट्रक के चालक भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि दनवार पेट्रोल पंप के समीप से अवैध बालू लदा तीन ट्रक को जब्त किया गया जबकि उन तीनो ट्रक के चालक भागने में सफल रहे। बालू और वाहन जब्त कर इसकी सूचना खनन और परिवहन विभाग को आगे की कार्रवाई हेतु दे दी गई है।साथ ही इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

विद्यालय का ताला तोड़ चावल सहित अन्य सामग्री चोरी

करगहर (रोहतास)। गुरुवार की देर रात भावाडीह गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ चोरों ने किचन में रखें चावल व बर्तन व अन्य सामग्री की चोरों ने चोरी कर ली इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका बिंदा देवी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। प्रधानाध्यापिका ने बताया बुधवार की शाम विद्यालय बंद कर हम लोग घर चले गए। सुबह में ग्रामीणों ने चोरी की घटना की सूचना दी। जब मैं विद्यालय पहुंची तो देखा कि किचन का ताला तोड़ चोरों ने डेढ़ क्विंटल चावल सरसों तेल व बर्तन चोरी कर लिया गया दो वर्ष में छठवीं बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है । पूर्व में चोरों द्वारा कई बार उपस्थिति पंजी को भी फाड़ दिया गया था। सभी चोरी की घटनाओं की सूचना पुलिस को दी गई है। लेकीन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मां काली मंदिर में भव्य भंडरा का हुआ आयोजन

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बस स्टैंड काली मंदिर धर्मशाला परिसर में काली मंदिर कमिटी के द्वारा काली मां का भव्यश्रृंगार करने के बाद 56 प्रकार का भोग प्रसाद चढ़ाया गय। इसके बाद काली मंदिर कमिटी के द्वारा भंडरा का आयोजन किया गया। काली कमिटी के द्वारा हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से सावन पूर्णिमा के दिन मंदिर के चारो तरफ से सजया गया था। प्रखंड के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ भंडरा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किये। भव्य भंडरा मे शामिल हुए बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रेम कुमार मौके पर काली मंदिर पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनोज चंदेल कोषाध्यक्ष पिंटू केसरी,बोल बम केसरी ,विनोद शर्मा, बैजू कुमार ,अनिल पांडे, छोटू जी,मनोज कुमार गुप्ता, बलजीत कुमार भाजपा रोहतास जिला महामंत्री विजय सिंह नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल प्रखंड अध्यक्ष अनील सिंह जिला मंत्री सुनीता गुप्ता भाजपा नेता रमेश चौहान गांधी चौधरी राहुल चौहान जवाहर चौरसिया उमाशंकर प्रसाद व काफी संख्या सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता भंडारे में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराने में अपनी भूमिका निर्वाहन किया।

राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने आदेश पत्र जला जताया विरोध

आरा (भोजपुर)। शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव के के पाठक के द्वारा निर्गत पत्र जिसमें शिक्षकों के लिए पूर्व से घोषित अवकाश में कटौती के विरोध में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोपगुट) भोजपुर के बैनर तले जय प्रकाश नारायण स्मारक रमना मैदान आरा के पास उक्त निर्गत आदेश की प्रति सामूहिक रूप से जलाई गई। जिस शिक्षा के अधिकार कानून का हवाला देकर कहा गया कि शैक्षिक वर्ष में शैक्षणिक कार्य दिवस कम हो रहा है इसको शिक्षक नेताओं ने तार्किक ढंग से समझाया कि विभाग ने बिना सोचे समझे मनमाने तरीके से इस आदेश को जारी कर बिहार के तमाम शिक्षकों को हतोत्साहित करने का काम किया है। संघ ने घोषणा किया कि जब तक यह तुगलकी आदेश रद्द नहीं किया जाता है तब तक बिहार के तमाम शिक्षक संघ संयुक्त रूप से सरकार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कृष्ण सिंह विमल के नेतृत्व में राजाराम सिंह प्रियदर्शी,धर्म कुमार राम,सत्येंद्र कुमार सिंह,मनोज कुमार किरण,सत्यनारायण प्रसाद, डॉ.मनोज कुमार गुप्ता,अमित कुमार,अटल बिहारी सिंह,प्रभात कुमार सिंह, दीपक कुमार,मनोज कुमार,श्रवण कुमार आदि ने भाग लिया।

बाइक से गिर महिला हुई जख्मी

कोचस (रोहतास)। कोचस बाजार में बाइक से गिर बुधवार को एक 40 वर्षीय महिला बुरी तरह घायल हो गई।घायल महिला की पहचान कोचस नगर पंचायत के रहने वाली बच्चामूनी की पत्नी प्रभावती देवी है।घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल महिला अपने पुत्र के साथ रिश्तेदारी से अपने घर लौट रही थी कि कोचस दिनारा रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें महिला बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला को आसपास के लोगों ने कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विकास कुमार ने उपचार उपरांत कान के रास्ते ब्लड आने तथा मानसिक संतुलन खोने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रामा सेंटर में भेज दिया है।

आपसी विवाद में युवक की गोली मार हत्या

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के भावाडीहरी गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नोखा थाना क्षेत्र के भवाडिहरी गांव में एक घर में पार्टी मनाई जा रही थी। जो आपसी विवाद शुरू हुई और इसमें गोलीबारी होने लगी। जिसमे भावाडीहरी गांव के रविंद्र कुमार को गोली मारकर के हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया। जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। घटना के बारे में बतया जा रहा हक की रविंद्र कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। रविंद्र कुमार आरा में रहकर के काम करते थे जो की बुधवार को ही गांव आए थे और पार्टी के दौरान गोली मार कर हत्या कर दी गई।

प्रखंड प्रमुख को बाइक सवार अपराधियों ने मारी गोली, जख्मी

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड कार्यालय समीप दिनदहाड़े अपराधियों ने प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ रोहतास जिलाध्यक्ष राकेश कुमार लाली पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे प्रमुख राकेश कुमार लाली प्रखंड कार्यालय अंतर्गत शिक्षक नियोजन समिति की बैठक संपन्न कर अपने बेटे सत्यम से स्कार्पियो गाड़ी चलवाते हुए घर जाने के लिए बाहर निकल रहें थे। इसी क्रम में बाइक सवार हेलमेट पहने घात लगाए अज्ञात दो अपराधियों ने प्रखंड कार्यालय समीप ही उनके वाहन के आगे से ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिस घटना में उसने अपनी जान बचाने का अथक प्रयास किया।

इसी क्रम में प्रमुख के दाहिने हाथ में दो गोली लगने से वह स्कार्पियो में गिर लहूलुहान हो गए। जबकि कुछ गोली स्कार्पियो के शीशे को भेदते हुए बाहर निकल गई। वही घटना की खबर सुन स्थानीय लोगों की घटनास्थल पर भीड़ उमड़ पड़ी। जहां लोगों ने घायल प्रमुख को आनन-फानन में बिक्रमगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अस्पताल में ईलाज कर रहें डॉक्टरों ने प्रमुख की हालत खतरे से बाहर बताया है। लेकिन बेहतर ईलाज के लिए उन्हें जिला सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया हैं। दूसरी तरफ इस घटना की खबर सुन अनुमंडलीय एसडीपीओ शशि भूषण सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लेते हुए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच जख्मी हालत में प्रमुख से मिल उनसे घटना की आपबीती सुनते हुए अज्ञात अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। दूसरी तरफ इस घटना को लोग पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहें हैं। जिसकी चर्चा शहर में लोगों के बीच जुबा पर है। बताया जाता है कि पूर्व में भी प्रखंड कार्यालय पर विभिन्न अधिकारियों सहित कर्मियों के साथ मारपीट की घटना हो चुकी है। जिसको लेकर प्रखंड कार्यालय में कार्य करने वाले अन्य कर्मियो में है दहशत का माहौल कायम हैं। इस घटना ममालें में रोहतास एसपी विनीत कुमार ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के भावाडीहरी गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई ।घटना बुधवार की देर रात्रि की बताई जा रही है।गुरुवार की देर शाम को मृतक की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है । इसमें चार को नामजद अभ्युक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी पूनम कुमारी ने आवेदन में चार को नामजद अभ्युक्त बनाया है । इसमे एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि आवेदन में मृतक की पत्नी पूनम देवी ने कहा है कि नोखा थाना क्षेत्र के भावाडिहरी गांव में उमेश सिंह घर में पार्टी मनाई जा रही थी।जहा पर की आपसी विवाद शुरू हुई और इसमें गोलीबारी होने लगी। जिसमे भवाडीहरी गांव के स्व राम जी सिह का 30 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार को उमेश कुमार ने गोली मारकर के हत्या कर दी गई।दोनो चचरे भाई बताये जा रहे है। घटना की सूचना पर नोखा पुलिस घटना स्थल पर पहुची और इलाज के लिए नोखा प्राथमिक

स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। इस पार्टी में चार लोग शामिल थे।बीघटना के बाद आरोपी उमेश सिंह भाग निकला। घटना के बाद गांव में सन्नाटा फैला हुआ है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि लगभग दो माह पहले जेल से छूटे उमेश सिंह द्वारा गोली मार करके रविंद्र कुमार की हत्या कर दी गई। रविंद्र कुमार आरा में रहकर के ऑटो चला करके अपना जीविकोपार्जन कर रहे थे। जो की बुधवार को ही गांव आए थे और पार्टी के दौरान उमेश सिंह एव चार लोगों ने उनकी हत्या गोली मार कर कर दी।

हथियारबंद अपराधियों ने निजी क्लिनिक पर की अंधाधुंध फायरिंग, युवक जख्मी

आरा (भोजपुर)। शहर टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा स्थित निजी हॉस्पिटल में हथियारबंद अपराधियों द्वारा अंधाधुध फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान गोली लगने से पटना निवासी एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को तीन गोली लगी है। गोली लगते हैं वह खून से लटपट होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आनन-फानन में इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक पटना जिला के गौरीचक थाना क्षेत्र के बाली गांव निवासी सीताराम चौहान का 33 वर्षीय पुत्र रंगनाथ चौहान है। घटना को लेकर पूरे अस्पताल में लोगों के बीच अफरा तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागकर अपनी जान बचने लगे। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। इधर रंगनाथ चौहान ने बताया कि उसका ससुराल टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव में है और उसके पत्नी को डिलीवरी

होने वाला था। जिसको लेकर वह अपने ससुराल आया था। 28 अगस्त (सोमवार) को धरहरा स्थित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल में उसके पत्नी का ऑपरेशन कर लड़का पैदा हुआ था और वहां वही भर्ती थी।गुरुवार की शाम वह अस्पताल में नीचे चौकी पर बैठा हुआ था। तभी एक हथियारबंद अपराधी हॉस्पिटल में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें फायरिंग के दौरान उसे तीन गोली लग गई। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इलाज कर रहे हैं सर्जन चिकित्सक डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को तीन गोली लगी है। गोली लगने के कारण उसका खून काफी बह गया है और उसकी आंत साह जगह डैमेज हो गई है।

कालाजार प्रभावित गांव में होगा दवाओं का छिड़काव

शुभ भास्कर संवाददाता, आरा (भोजपुर)। कालाजार उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में इनडोर रेसिडेंशियल स्प्रे (आईआरएस) के तहत दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि जिले में कालाजार का प्रभाव खत्म किया जा सके और लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। 17 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान दो नवंबर तक चलेगा। जिसमें कालाजार प्रभावित इलाकों के घारों में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के चार प्रखंडों के पांच गांवों का चयन किया गया है। जिनमें जगदीशपुर प्रखंड के सिअरूआं, शाहपुर प्रखंड के करिमन ठाकुर के डेरा स्थित पंचखोरी का डेरा, बड़हरा प्रखंड के फुहां अंतर्गत पूर्वी बबुरा तथा आरा सदर प्रखंड के जमिरा

और वार्ड नंबर 35 व वार्ड नंबर 33 को चिह्नित किया गया है। अब तक सिअरूआं और करिमन ठाकुर के डेरा स्थित पंचखोरी का डेरा में दवाओं का छिड़काव किया जा चुका है। फिलवक्त बड़हरा के पूर्वी बबुरा में छिड़काव जारी है। उसके क्रमशः चयनित गांवों में दवाओं का छिड़काव चलेगा।

कालाजार से बचाव के लिए दी जा रही जानकारी : अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि आईआरएस के लिए माइक्रो प्लान के तहत अभियान चलाया जा रहा है। हर चिह्नित गांव के लिए विशेष अवधि निर्धारित है। ताकि, उक्त गांव के सभी घरों में ठीक से दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि छिड़काव के दौरान एक भी घर छूटे नहीं, इसको लेकर छिड़काव टीम को भी आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा छिड़काव अभियान के दौरान सामुदायिक स्तर पर लोगों को कालाजार से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी दी जा रही। उन्होंने बताया,10 हजार की आबादी पर एक मरीज मिलने पर, वह क्षेत्र कालाजार मुक्त माना जाता है। इसलिए, हमारा जिला कालाजार के प्रभाव से नियंत्रण में है। सभी के सहयोग से जिले में कालाजार मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। जिससे हमारा भोजपुर जिला पूर्ण रूप कालाजार मुक्त होने के निकट पहुंच चुका है। इसलिए, संपूर्ण जिला को कालाजार मुक्त बनाने में सभी लोगों का सकारात्मक सहयोग जरूरी है।

टीवी रियलिटी शो के तृतीय राउंड में पहुंची बिक्रमगंज की रायश्री

बिक्रमगंज (रोहतास)। अब छोटे-छोटे शहरों और गांव कस्बे के बच्चे बड़े-बड़े शहरों के बच्चों को टक्कर दे रहे हैं । इसी तरह की बच्चों में शामिल है शहर की आरा रोड निवासी राजू तिवारी की 13 वर्षीय पुत्री रायश्री जिसने पहले राउंड का ऑडिशन ऑनलाइन दिया । सेकंड राउंड में रुड़की (उत्तराखंड) में ऑडिशन दिया और क्वालीफाई हो गई । शीघ्र ही वह मुंबई में अगले राउंड में भाग लेने जाएगी । बीते दिन की देर शाम जब यह खबर उसके घर आई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा । घर में उत्सवी माहौल हो गया और बधाई देने वालों का तांता लग गया । रायश्री के डांस गुरु मास्टर अनूप रौशन अपने शिष्या की सफलता से बेहद खुश हैं । उनका और उनके और शिष्या पीरो की अनुष्का का चयन थर्ड राउंड के लिए हुआ है और जल्द ही इसके लिए मुंबई से बुलावा आएगा । रायश्री के पिता राजू तिवारी और माता यशोदा देवी अपनी बेटी की इस सफलता पर बेहद खुश हैं । इन लोगों ने लोगों से अपनी बेटी की सफलता के लिए एसएमएस से मतदान करने की अपील किया है। शहर के डीएवी स्कूल में सातवीं क्लास में पढ़ने वाली रायश्री दूसरे राउंड में भाग लेकर जब रुड़की से लौट कर विद्यालय पहुंची तो उसका भव्य स्वागत हुआ। चेतन सत्र के बाद वर्ग प्रवेश करने से पहले सभी बच्चों ने क्लिपिंग कर रायश्री का हौसला बढ़ाया।

शिक्षा विभाग का तुगलकी फरमान से शिक्षकों का हो रहा शोषण : पूर्व कृषि मंत्री

नोखा (रोहतास)। बिहार शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छुट्टियां घटाने पर कड़ी प्रतिक्रिया बिहार भाजपा के वरीय नेता व पूर्व कृषि मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने दी। उन्होंने कहा जिस तरह से छुट्टियां रद्द किया गया है यह एक नाइंसाफी है। माह सितंबर से दिसंबर के बीच कुल 23 छुट्टियों के दिन बचे थे। जिसको घटकर 11 दिन कर दी गई। वही रक्षाबंधन, दुर्गा पूजा, दीपावली, भैया दूज,तीज और छठ पूजा की छुट्टियों को घटाना तुगलकी फरमान है। बिहार की बहु संख्यक आबादी का ध्यान ना रखना और एक तरफा। फैसला लेना नाइंसाफी है। क्या दूसरे संप्रदाय के पर्व पर छुट्टी की कटौती करने की। हिम्मत बिहार सरकार और शिक्षा विभाग की है? अगर नहीं तो एक धर्म विशेष को टारगेट करना क्या उचित है? विभाग को शिक्षा के इतनी ही चिंता है तो शिक्षा के गुणवत्ता को सुधारे। विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करें। शिक्षकों की कमी. बेंच डेक्स की कमी, शौचालय का अभाव, पेयजल का अभाव को पहले दूर करें। शिक्षकों से पशु गणना, शिशु गणना, जातीय गणना, बोरा गणना, बोरा बिक्री करना, विद्यालयों की चौकीदारी करना और बच्चों को मध्यान भोजन कराने से फुर्सत दे सरकार। इसके अलावा हर साल चुनाव कराना भी शिक्षकों की जिम्मेदारी है। ऊपर से तुगलक की फरमान से छुट्टी को रद्द करना। पहले शिक्षकों को बुनियादी सुविधा तो दे विभाग। विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करें विभाग । शिक्षकों को सिर्फ पढ़ाने के लिए छोड़ दे विभाग। बिहार में बहुसंख्यको की पर्वों की छुट्टियां रद्द करना बंद करें विभाग। बिहार में सरिया लाने का प्रयास बंद करें शिक्षा विभाग और बिहार सरकार विद्यालयों में महिला शिक्षिका, बहुसंख्यक विद्यार्थियों के पर्वो ख्याल रखें सरकार । तुगलकी फरमान वापस ले शिक्षा विभाग और बिहार सरकार। दूसरी डॉ कुमार ने मुख्यमंत्री जी से मांग की, गयाजी में लगने वाले पितृ पक्ष मिले के अवसर पर जिले के स्कूलों की पढ़ाई को बंद नहीं किया जाए। इससे बच्च की शिक्षा प्रभावित होगी। विद्यालय भी चले, पितृपक्ष मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा के लिए जगह-जगह टेंट सिटी का निर्माण कराया। ताकि बच्चे इस शिक्षा का लाभ ले सकें। साथ ही श्रद्धालुओं को रहने की व्यवस्था भी उत्तम हो।मौके पर उपस्थित भाजपा रोहतास जिला महामंत्री विजय सिंह नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल प्रखंड अध्यक्ष अनील सिंह जिला मंत्री सुनीता गुप्ता भाजपा नेता रमेश चौहान गांधी चौधरी राहुल चौहान जवाहर चौरसिया जितेन्द्र सिंह मंगल चंद्रवंशी प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी पहचान चंद्रवंशी उमाशंकर प्रसाद मौजूद थे।

शिक्षकों ने छूट्टी के नये निर्देश की प्रति को जलाकर विरोध जताया

नासरीगंज(रोहतास)। स्थानीय बीआरसी परिसर के बाहर शिक्षा विभाग के द्वारा छूट्टी में की गई कटौती को ले शिक्षक संघ ने प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज कुमार के अध्यक्षता में नई छूट्टी की आदेश प्रति को जला कर विरोध प्रकट किया।इस अवसर पर विरोध कर रहे शिक्षकों ने कहा कि निष्ठा से कार्य करने के बावजूद छुट्टियों में कटौती करना न्याय संगत नहीं है। आदेश का पालन शिक्षकों ने तो किया लेकिन छात्र की उपस्तिथि नगण्य रही। बिना छात्र के शिक्षक क्या करेंगें।केवल शिक्षकों को तंग करने का फंडा मात्र है। इसे विभाग यथाशीघ्र वापस ले अन्यथा शिक्षक बड़ा आंदोलन करेंगें। इस अवसर पर शिक्षकों ने आदेश के विरोध में जमकर नारे लगाये। मौके पर प्रखण्ड उपाध्यक्ष अरविंद कुमार विद्यार्थी, बबन कुमार, रितेश कुमार, अविशेष गौतम, फैजान अहमद, अजय कुमार, पुरुषोत्तम कुमार विद्यार्थी,मनोज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

रूट चार्ट जारी | पोषण के प्रति जिला के लोगों को जागरूक करेगा पोषण जागरूकता रथ

जिला मुख्यालय से एलईडी वैन किया गया रवाना

आरा (भोजपुर)। जिला में 1 से 31 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत जिले के सभी परियोजना अंतर्गत पूरे माह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों,लाभुक महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया और कुपोषण को दूर करने के साथ पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस क्रम में पोषण माह की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को जिला मुख्यालय से पोषण जागरूकता रथ एलईडी वैन रवाना किया गया। जिसमें ऑडियो, वीडियो और बैनर पोस्टर के माध्यम से शहरी और ग्रामीण इलाके के लोगों को जागरूक किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय ने जिलाधिकारी और डीपीओ को भी पत्र निर्गत किया

है। जिसमें गतिविधियों के संबंध में बताया गया है। डीपीओ माला कुमारी ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों के लिए एलईडी वैन का रूट निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रखंड में दो-दो दिनों तक एलईडी वैन के माध्यम से लोगों तक पोषण संबंधित जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस रथ का परिचालन ऐसे स्थानों पर किया जाएगा, जहां आम लोगों की आवाजाही अधिक होती है। जैसे बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, बस स्टैंड आदि। एलईडी वैन में स्कूल पूर्व शिक्षा सेवा, वृद्धि निगरानी, संदर्भ सेवाएं, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा आदि सेवाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, पोषण अभियान एवं किशोरी बालिका के लिए योजना आदि से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री भी प्रदर्शित होंगे। पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने के लिए होगा प्रयास। डीपीओ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाना है। जिसके लिए जनभागीदारी के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। इस वर्ष 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत' पोषण माह की थीम निर्धारित की गई है। जिसके तहत स्तनपान एवं ऊपरी आहार के लिए परामर्श व जागरूकता गतिविधि, स्वस्थ्य बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मेरी माटी मेरा देश अभियान,जनजातीय केंद्रीत क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण के लिए उन्मुखीकरण तथा एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार एवं चर्चा को लेकर गतिविधियां आयोजित की जानी है। इस अवसर पर सहार सीडीपीओ रेणु कुमारी, आरा ग्रामीण सीडीपीओ सुनीता तिवारी, बिहिया सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी, उदवंतनगर सीडीपीओ ममता रानी, राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक पीयूष पराग यादव, परियोजना सहायक नेकी आलम व अन्य लोग मौजूद रहे।

सरकार के आदेश पर स्कूल खुले पर पढ़ने आए छात्र नदारत

आरा (भोजपुर)। बिहार के शिक्षा विभाग ने पर्व-त्योहारों में कई छुट्टियों को रद्द कर दिया है। इस पर जहां राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी का दौर चल रहा है, तो वही शिक्षा विभाग के निर्देश को बच्चे भी पालन नहीं कर रहे हैं। 29 अगस्त को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर सभी स्कूलों में छुट्टी रद्द करने का निर्देश दिया गया, जिसमें रक्षाबंधन पर्व की भी छुट्टी को रद्द कर दिया गया है, लेकिन बच्चों ने शिक्षा विभाग के निर्देश को ठेंगा दिखा दिया है। हालांकि शिक्षक अपनी ड्यूटी पूरी करने के लिए निर्देशों का पालन करने स्कूल पहुंचे हुए थे। आपको बतादे की केके पाठक ने शिक्षा विभाग का जब से पदभार संभाला है, शिक्षा विभाग की ओर से रोज नए-नए फरमान जारी किए जा रहे हैं और इससे शिक्षक काफी नाराज नजर आ रहे हैं। विभाग की ओर से इसके पीछे तर्क ये है कि विद्यालय में अधिक छुट्टियों के कारण शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार विद्यालयों में 220 दिन का कार्य दिवस होना चाहिए। जाहिर है आदेश का पालन करते हुए जिले के सभी स्कूल भले ही खुल गये है लेकिन छात्रों की संख्या ना के बराबर दिखी। आप तस्वीर मे साफ देख सकते है की किस तरह स्कूल मे सन्नाटा पसरा हुआ है।फिलहाल सरकार के आदेश का शिक्षक तो पालन कर रहे है लेकिन छात्र स्कूल आने से संकोच कर रहे है या फिर ये कहे सरकार के आदेश को छात्र मुंह चिढ़ा रहे है। जिले में रक्षाबंधन के मौके पर पहली बार सभी सरकारी विद्यालय खुले रहे। आश्चर्य की बात यह थी कि जिले के

सभी उच्च शिक्षण संस्थान कॉलेज, विश्वविद्यालय बंद रहे। पर्व के दिन स्कूल खुले रहने पर भी बच्चों की संख्या नगण्य दिखी। रक्षाबंधन के मौके पर दर्जनों विद्यालयों का भ्रमण किया और सभी जगह छात्रों की उपस्थिति नगण्य नजर आई। प्राथमिक विद्यालय, पश्चिम टोला (तरी), मध्य विद्यालय, पश्चिम टोला (तरी),आरा में लगभग 400 से अधिक बच्चों की संख्या है, लेकिन उपस्थिति शून्य रही। जबकि उर्द विद्यालय (पश्चिम टोला) तरी में 100 से अधिक बच्चे नामांकित है लेकिन लगभग 25 बच्चे की उपस्थिति देखी गई। रक्षाबंधन पर जिले के कई प्रखंडों में प्रारंभिक विद्यालयों से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक खुले थे। विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही लेकिन विद्यार्थियों की संख्या बहुत कम थी। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की माने तो आज से पहले रक्षाबंधन की छुट्टी मिलती रही है। इस वर्ष भी कैलेंडर में छुट्टी थी, लेकिन अचानक 29 अगस्त को हम लोग को पत्र मिला। शिक्षको ने सभी बच्चों को कह दिया कि स्कूल 31 अगस्त को खुले रहेंगे। कई अभिभावकों को सूचित कर दिया गया, लेकिन पर्व का दिन है इसलिए एक भी बच्चा स्कूल नहीं आए है। शिक्षकों ने कहा कि हम लोग को रिपोर्ट भेजना रहता है इसलिए हम लोग तो आएंगे। सभी स्कूलों में शिक्षक समय से तो पहुंचे लेकिन छात्र नदारद रहे।

विद्यालय में साफ़ सफ़ाई की स्थिति काफ़ी ख़राब

शुभ भास्कर, भभुआ कैमुर। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय, देवरी एवं राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय मध्य विद्यालय, कोल्हुआ प्रखंड अधौरा का निरीक्षण किया गया। राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय देवरी के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि गेट पर कोई गार्ड उपलब्ध नहीं है एवं पूरे विद्यालय परिसर में एक भी व्यक्ति नहीं थे। 100 आवासन वाले बालक छात्रावास भवन से बहुत देर बुलाने के बाद मात्र छः बच्चे नीचे उतरे। बच्चों के द्वारा बताया गया कि सभी छात्र रक्षा बंधन में अपने घर गए हुए हैं। विद्यालय में साफ़ सफ़ाई की स्थिति काफ़ी ख़राब पाई गई। छात्रावास का शौचालय काफ़ी गंदा पाया गया। विद्यालय में कुल लक्ष्य 400 के विरुद्ध 385 छात्रों का पंजीकरण हुआ है जिसमें से मात्र सात छात्र उपस्थित पाए गए। 6 शिक्षकों में से कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं थे। उपस्थित छात्रों द्वारा बताया गया कि उन्हें खाने में प्रतिदिन दोनों समय चावल दाल सब्ज़ी एवं नास्ते में सुबह शाम चना गुड़ दिया जाता है। बच्चों द्वारा बताया गया कि जेनरेटर का संचालन सुबह 8 से 10 बजे प्राप्त एवं शाम को 6 से 10:30 बजे तक किया जाता है। छात्रावास के प्रत्येक कमरे में एक ही बल्ब जलता है एवं पंखा कभी नहीं चलता। महीने में एक दिन शाकाहारी को सब्ज़ी पुड़ी एवं खीर तथा मांसाहारी को चिकन वग़ैरह खिलाया जाता है जबकि सप्ताह में एक दिन खिलाया जाना है। बच्चों द्वारा बताया गया कि छात्रावास में पानी की आपूर्ति नहीं की जाती है। छात्रावास में आवासित छात्रों को नित्यक्रिया के लिए बाहर जाना पड़ता है। जिला पदाधिकारी द्वारा साफ़ सफ़ाई एजेंसी सुरक्षा एजेंसी एवं भोजन हेतु चयनित एजेंसी का माह अगस्त 2023 50 प्रतिशत भुगतान की कटौती करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण करते हुए एक दिन का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। राजकीय अनुसूचित जनजातीय आवासीय मध्य विद्यालय कोल्हुआ के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 6 तक पठन पाठन होता। विद्यालय में 240 छात्रों के विरुद्ध 206 छात्रों का पंजीकरण हैं जिनमें से मात्र 59 छात्र उपस्थित पाए गए। 04 शिक्षकों में से 03 शिक्षक उपस्थित पाए गए। एक शिक्षक प्रधानाचार्य श्री मुकुल कुमार दिनां 01.09.2023 को सचिव महोदय की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पटना जाने के लिए 11 बजे मुख्य जिला मुख्यालय चले गए। दोपहर दो बजे छात्रों को दिए जाने वाला भोजन चयनित एजेंसी द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा चयनित एजेंसी का माह अगस्त 2023 के विपत्र में 50% कटौती करने का निर्देश दिया गया।

ख़ास ख़बर

ग्रामीणों द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल क्षेत्र के शिवोबहार पंचायत के कल्याणी गांव में शुक्रवार को स्वागतत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर जदयू के जिला महासचिव विद्यानंद पांडेय के द्वारा दिनारा विधानसभा के विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक कुमार पांडेय एवं राजद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान का अंग -वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पैक्स अध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता अमरेंद्र कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि हम सबों के बीच के युवा एवं कर्मठ पार्टी के कार्यकर्ता काबुल खान को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। दिनारा क्षेत्र का विकास अब बहुत ही तेजी से होगा, क्योंकि यहाँ के तीन-तीन लोग प्रदेश में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जो बहुत ही गौरव की बात है। विधायक मंडल ने कहा कि दिनारा विधानसभा में विकास की बयार बह रही है,यह आप सभी के लिए गर्व की बात है कि एमएलसी का पद अशोक पांडेय को बनाने के बाद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान को बना कर हम सभी लोंगो की सम्मान की बात है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनाराएवं सूर्यपुरा के रमेश कुमार टोटो ,मुखिया भागीरथी सिंह,पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, बीडीसी शेखर सिंह, गुपुत पांडेय,अमित पांडेय के साथ ही ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से घायल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती(कैमूर)। थाना क्षेत्र के नुआंव बाजार स्थित ककरैत घाट के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात मोटरसाइकिल के चपेट में आने से 7 वर्षीय बालक घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कोटसा गांव निवासी इम्तियाज़ खान का पुत्र उम्र लगभग 7 वर्ष अपने परिजनों के साथ वृहस्पतिवार को अपने ननिहाल युपी के कमालपूर जा रहा था।इसी क्रम में दिन के लगभग 10 बजे नुआंव स्थित ककरैत घाट स्थित वाहन स्टैंड के पास परिजन यात्री वाहन से उतर कर आगे की सफर के लिए दुसरी यात्री वाहन का इन्तजार कर रहे थे।इसी बिच साथ में रहे लगभग 7 वर्षीय बालक आमिर खान रोड के दुसरी किनारे के निकट एक गुमतीनुमा दुकान से बिस्कुट खरीदने के लिए पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी युपी सीमा के तरफ से तेज रफ्तार आ रही अनियंत्रित बाईक सवार बालक को धक्का मारते हुए भाग निकला। इस सड़क दुर्घटना में घायल बालक को आनन फानन में राहगीरों के द्वारा निकट के एक निजी अस्पताल लाया गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो प्राथमिक उपचार केंद्र पर पहुंच गए।जहा से गम्भीर रूप से घायल आमिर को बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन बेहतर इलाज के लिए मुगल सराय स्थित रामादेवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया । जहा डॉक्टरों के द्वारा बच्चे के टूटे हुए पैर का सफल ऑपरेशन किया गया।

एनपीएस के बिरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने किया काला बिल्ला लगाकर बिरोध

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चांद(कैमूर)। पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में और एनपीएस के बिरोध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने एनएमओपीएस बिहार के आह्वान पर काला दिवस मनाया। स्वास्थ्य कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने कालापट्टी लगाकार काम किया।मनीष कुमार मिश्र प्रभारी स्वास्थ्य विभाग एनएमओपीएस बिहार ने कहा बिहार के सभी विभागों के 3 लाख एनपीएस पदाधिकारी एवं कर्मचारी ने शांति पूर्ण तरीके से काला फीता लगाकर बिरोध किया। उन्होंने ने कहा सभी स्वास्थ्य कर्मी एक अक्टूबर को 10 दिशंबर लाखों के संख्या में धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में अरूण सिंह एक्स-रे टेक्नीशियन ज्योति भूषण कृष्ण मोहन प्रतिमा कुमारी जीएनएम रामप्रवेश यादव अशोक कुमार विमला सिंह एएनएम आदि सभी एनपीएस कर्मी शामिल थे।

हीरोइन की तस्करी में लगे सगे चार भाई हुए गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं (कैमूर)। थाना प्रशासन को मिली कामयाबी हीरोइन की तस्करी करने वाले सगे चार भाईयों को 40.340 मिलीग्राम हीरोइन की तस्करी करने वाले सगे चार भाईयों को 40.340 मिलीग्राम (87पुड़ीया) हीरोइन के साथ किया गया गिरफ्तार। संदर्भ में जानकारी देते हुए भभुआं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर कुमार ने बताया, कि कैमूर जिले के बेलावं थाना अध्यक्ष विनय कुमार के नेतृत्व में गंगापुर के शिव मंदिर के पास से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हीरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वही तस्करो के पास से 40.340 मिलीग्राम (87 पुड़िया) हीरोइन स्मैक के साथ अपाचे मोटरसाइकिल एवं 25700 रूपए नगद बरामद किया गया है। चारों तस्कर बेलावं थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर निवासी राहुल कुमार, प्रकाश राम, राकेश कुमार , मुकेश कुमार चारों भाई है जो घूम घूम कर हीरोइन को बेचा करते थे। तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बरामद हीरोइन की कीमत लगभग दस लाख रुपए के आसपास है।

घर में लगी आग लाखों की पूंजी जलकर हुआ खाक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)। रामपुर प्रखंड अंतर्गत खरेंदा पंचायत के वार्ड नंबर 3 तरॉव गांव में बिजली का तार टकराने से गिरी चिंगारी, घर में लगी आग लाखों का पूंजी चलकर हुआ खाक। रामपुर प्रखंड के तरॉव गांव के निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार मीरा कुंवर पति स्वर्गीय उपेंद्र बिंद अपने घर में ताला लगाकर मजदूरी पर धान की सोहनी करने गई थी। जब वापस लौटी तो कुछ दूर से ही घर के पास धुंआ धुंआ सा दिखने लगा। पास पहुंचते पहुंचते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। चीखने चिल्लाने लगी जिसे सुनकर ग्रामीणों द्वारा मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने के कोशिशों के बाद, आग पर काबू पाते हुए आसपास के मकानों को बचाया गया। आग लगी से पीड़ित के द्वारा बताया गया कि घर में कपड़ा,राशन सहित घर की जरूरी सामान व नगद 3000 रुपए मिलाकर कुल लाखों का पूंजी बर्बाद हो गया। जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे ग्राम कचहरी सरपंच मुद्रिका प्रसाद राम व वार्ड के वार्ड सदस्य द्वारा यह आश्वासन दिया गया, कि सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन से मिलने वाली आपको मुहैया कराया जाएगा।

स्वास्थ्य समन्वयकों ने काला पट्टी लगाकर किया कार्यालय में कार्य

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चांद(कैमूर)। प्रखंड में स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए लोहिया स्वच्छ अभियान बिहार के द्वारा नियुक्त प्रखंड समन्यवकों के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में सरकार के वादा खिलाफी के बिरोध में काला पट्टी लगाकर बिरोध दर्ज कराते हुए कार्यालय में किया गया कार्य। संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड स्वच्छता समन्वयक संतोष कुमार गौतम के द्वारा कहा गया कि सरकार को लैपटॉप देने लेखा संधारण करने कार्य के आधार पर बोनस देने आदि सहित सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी थी। उन्होंने ने कहा सरकार से सेवा स्थाई करने वेतन-वृद्धि अलग कैडर एवं नाम स्वच्छता प्रबंधक करने की मांग को लेकर काला पट्टी बांध कर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा मांग के समर्थन में पटना में प्रदर्शन एवं धरना दिया जाएगा।

22 लीटर देशी शराब के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार भेजे गए जेल

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,रामपुर (कैमुर)। रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलॉव थाना क्षेत्र के खरेंदा गांव में, गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना प्रशासन द्वारा 22 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ, पति पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। थाना अध्यक्ष विनय कुमार की जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा नशे व नशे के कारोबारीयों में के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के खरेंदा गांव में छापेमारी किया गया। जहां से ग्राम वासी मदन बिन्द व उसकी पत्नी भागीरथी देवी को 22 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिन्हें स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेजा जा रहा है।

चर्चित एटीएम कैश वैन लूट व गार्ड की हत्या करने के मामले में चौथा अपराधी बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं(कैमूर)। विगत जनवरी महिने में जिला मुख्यालय भभुआं पूरब पोखरा के पास एटीएम वैन से 13 लाख रुपए की दिनदहाड़े लूट और गार्ड की हत्या के चौथे अपराधी को पुलिस ने बस स्टैंड के पास से किया गिरफ्तार। मिली जानकारी के अनुसार एस०टी०एफ० पटना के द्वारा पुलिस को गुप्त सूचना मिली, कि विगत जनवरी माह में भभुआं पूरब पोखरा के पास घटित लूट कांड के अभियुक्त विक्रम कुमार को भभुआं अखलासपुर बस स्टैंड के आसपास होने की लोकेशन प्राप्त हो रही है। प्राप्त सूचना के संदर्भ में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष भभुआं राम कल्याण यादव द्वारा सशस्त्र बल के साथ भभुआं बस स्टैंड के आसपास गहन तलाशी एवं पूछताछ की जाने लगी इसी दौरान एक व्यक्ति बस स्टैंड के गेट से उत्तर मोहनियां रोड की तरफ भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति अपना नाम पता विक्रम कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पिता श्री भूषण भगत गांव- सितुआही, थाना- साहेबगंज, जिला- मुजफ्फरपुर बताया। तथा उसकी तलाशी लेने पर कमर के बाएं तरफ से लोडेड एक देसी कट्टा एवं दाहिने पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। ये कैश वैन लूट कैमूर में सबसे बड़ी लूट थी। पुलिस ने इस बड़ी वारदात में सीसीटीवी कैमरों का सहारा लिया और मुजफ्फरपुर के एक अपराधी समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया था, लेकिन चौथा आरोपी विक्रम फरार हो गया था । इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। आखिर में पुलिस को कामयाबी मिल गई। उसे भभुआं बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया गया है।

कलश यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है कि हर घर से मिट्टी कलश में डालकर दिल्ली पहुंचाया जाए

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत एकता चौक से नेहरू युवा केंद्र द्वारा निकाला गया अमृत कलश यात्रा

दैनिक भास्कर संवाददाता, कैमूर। जिला मुख्यालय भभुआं के एकता चौक से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा निकाला गया अमृत कलश यात्रा। आपको बताते चलें, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है कि हर घर से मिट्टी कलश में डालकर दिल्ली पहुंचाया जाए। जो वहां पर अमृत वाटिका बनेगा। जिस घर में मिट्टी नहीं है उस घर से चावल लेंगे, और उस कलश में डालेंगे। जो कलश यात्रा के दौरान हर हर गांव के हर घर से मिट्टी को कलश में डालकर दिल्ली पहुंचना हैं। नेहरू युवा केंद्र जिला युवा पदाधिकारी सुशील करौलिया ने जानकारी देते हुऐ बताया कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम, खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश में हो रहा है। दरअसल पहले ही पायलट के रूप में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम चलाया गया था, जो पहले चरण में विर शहीदों का नमन देशभक्ति पर पर परिचर्चा वहीं द्वितीय चरण में सरकार द्वारा निर्देश हुआ है,की जिले के हर गांव के हर घर में जाएंगे मिट्टी मांगेंगे और जिस घर में मिट्टी नहीं है, उस घर से चावल इकट्ठा करेंगे। जिले में जितने भी गांव हैं उस गांव के घरों से मिट्टी और चावल इकट्ठा किया जाएगा। जोकलशों में भरकर दिल्ली पहुंचाया जाएगा। वहां पर अमृत वाटिका का निर्माण होना है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री का है, कि आज के युवा मिट्टी से जुड़कर विकसित भारत का निर्माण करें, विकासशील से विकसित राष्ट्र बनाएं। दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण इस मिट्टी और चावल से किया जाना है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, अमित कुमार ट्विंकल, अभय द्विवेदी, आलोक श्रीवास्तव, ओमप्रकाश गुप्ता, देवलाल पासवान, संतोष खरवार, आनंद पांडेय, राजदेव, नंदलाल राम, कलामुद्दीन, अंकुर श्रीवास्तव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

सिहोरिया पंचायत भवन में आयोजित मुआवजा कैम्प का किसानों ने किया बहिष्कार

चांद(कैमूर)। प्रखंड सिहोरिया गांव पंचायत भवन में शुक्रवार को आयोजित मुआवजा कैम्प का किसानों ने किया बहिष्कार कैम्प में किसानों ने नहीं जमा किया किसी प्रकार का दस्तावेज। एन एच 219 चांद बाजार में बाईपास एवं धरौली उत्तर प्रदेश की सीमा से चांद तक सात किलोमीटर लंबी सड़क चौड़ीकरण के लिए गोंई, सहबाजपुर, जिगिना, खैंटी, सिहोरिया, झझनी एवं चांद में किसानों का दर्जनों एकड़ भूमि को भू अर्जन जिला पदाधिकारी के द्वारा अधिग्रहण किया गया है। भू अर्जन जिला पदाधिकारी के द्वारा गांवों में कैम्प आयोजित कर मुआवजा देने के लिए किसानों से भूमि दस्तावेज एवं बैंक खाते की मांग की जा रही है। ताकि सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जा सके, किसानों के द्वारा भू अर्जन जिला पदाधिकारी के कैम्प का बहिष्कार किया जा रहा। किसानों ने बहुत कम मुआवजा को देखते हुए मुआवजा लेने से साफ इंकार कर दे रहा है।भू अर्जन विभाग के द्वारा आयोजित कैम्प में किसानों ने किसी तरह का दस्तावेज जमा नहीं किया जा रहा है। किसानों ने साफ कहा मर जायेंगे इतनी कम मुआवजा में सड़क निर्माण के लिए भूमि नहीं देंगे। शिविर में मौजूद भू अर्जन जिला पदाधिकारी ने किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन किसानों ने एक नहीं सुनी। भू अर्जन जिला पदाधिकारी मो आमेर ने किसानों से बात करते हुए कम मुआवजा की बात को स्वीकार किया उन्होंने ने कहा आपलोग आपत्ति के साथ मुआवजा लेकर उचित प्लेटफार्म पर बिरोध करें। किसानों ने भू अर्जन जिला पदाधिकारी की एक बात नहीं सुनी कैम्प का बिरोध शुरू कर दिया। किसान एकता जिंदाबाद उचित मुआवजा नहीं तो भूमि नहीं के नारे लगाते हुए शिविर का बहिष्कार कर किसान अपने घर चले गए। किसानों के आक्रोश को देखते हुए अधिकारी खाली हाथ लौट गए। इसके पहले 30 अगस्त को गोंई पंचायत भवन में आयोजित भू अर्जन जिला पदाधिकारी के द्वारा आयोजित कैम्प का किसानों ने बहिष्कार कर कोई कागजात जमा नहीं किया। किसानों को भूमि अधिग्रहण में बाजार मूल्य से बहुत कम मुआवजा मिल रहा है किसानों को मुआवजा रकम की नोटिस जैसे ही प्राप्त हुई किसानों आग बबूला हो गए। बहिष्कार कर रहे किसानों ने साफ कहा बिना उचित मुआवजा मिले सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।इस संबंध में किसानों का आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष किसान मजदूर संघर्ष समिति कैमूर ने कहा बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों मिलकर किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा भूमि का बाजार मूल्य 32 लाख रुपए प्रति एकड़ है भू अर्जन जिला पदाधिकारी के द्वारा एमबीआर 3 लाख 20 हजार रुपए प्रति एकड़ रखा जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा किसानों के साथ बहुत बड़ा अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया धीरे धीरे सरकार किसानों को भूमि हीन मजदूर बना रही है। अभिमन्यु सिंह ने स्पष्ट कहा जबतक किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

ख़ास ख़बर

अमर शहीद की 24वीं पुण्यतिथि पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। अमर शहीद संजय यादव की 24वीं पुण्य तिथि धनईपुर ग्राम मे धुमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के आरम्भ मे कारगिल शहीद संजय यादव की धर्म पत्नी राधिका यादव,पुत्र गौरव यादव,भाई अजय यादव,सौरभ यादव,बाबा दुखरन यादव,कारगिल शहीद रामविलास यादव की धर्मपत्नी पुष्पा यादव,कारगिल शहीद शेषनाथ यादव की धर्मपत्नी सरोज यादव,संत घनश्यामाचार्य बालक स्वामी आदि लोगो ने प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रदां सुमन अर्पित किया। संबोधित करते हुए संत घनश्यामाचार्य उर्फ बालक स्वामी ने कहा गाजीपुर की धरती अमर शहीदों की जन्म भूमि है यहां के नौजवानो ने कारगिल युध्य मे अपने प्राणों की आहूति दे दी परन्तु भारत मां की गरिमा पर आंच नही आने दिया।अमर शहीद संजय यादव ने कुमाउं बटालियन के 13 वीं रेजीमेंट मे कार्यरत होते हुए कारगिल युध्द में 01सितम्बर सन 1999 को भारत मां की रक्षा मे अपने प्राणों की आहूति देकर गाजीपुर का नाम पूरे देश मे रोशन किया।ऐसे वीर जवानों पर हमें गर्व है।वह माता पिता धन्य है जिन्होनें ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया।गाजीपुर जनपद क्रांतिकारीयो की जन्म भूमि है स्वत्रंतता आन्दोलन मे भी अग्रणी भूमिका का निर्बाह किया।कुमांयु मंडल 13 वीं बटालियन के श्रीराम यादव,देवी प्रसाद यादव,सुरेन्द्र यादव, सुबेदार भवर सिंह,रामबली यादव,अशोक यादव,गनेश यादव ,उदयभान यादव,बलवंत यादव, सतेन्द्र यादव सत्या,विधायक अंकित भारती, लोगो ने अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे लोकगीत गायिका चंचल यादव इलाहाबाद व उमेश यादव गाजीपुर ने लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुदर्शन यादव व संचालन भोला सिंह यादव ने किया।

सांप काटने से 12 वर्षीय बालक की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। भांवरकोल ब्लाक अंतर्गत शाहपुर (मडई)गांव में गुरुवार की रात लगभग 1 बजे एक 12 वर्षीय बालक को सांप ने काट लिया। जब तक परिजन चिकित्सक के पास ले जाते। बालक की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बालक की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर मडई निवासी स्व संजय राम का 12 वर्षीय पुत्र हिमांशु रात घर में था। तभी घर में निकले सांप ने उसे काट लिया। बालक की चीख सुनकर परिजन आ गए। हिमांशु को सांप के काटने की जानकारी होने के बाद परिजन घबरा गए। इस बीच बालक अचेत हो गया। परिजन जब तक अस्पताल ले जाते। तब तक बालक की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की ओर से थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए जिलामुख्यालय भेज दिया है हादसे में बालक की मौत के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है

बच्चों को कुपोषणमुक्त बनाने के लिए चलेगा अभियान

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर। जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए शुक्रवार को पोषण माह अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। अभियान के प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिए जन आन्दोलन और सामुदायिक भागीदारी बेहद आवश्यक है। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) दिलीप कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से हर साल सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इस बार अभियान में पोषण से सम्बन्धित समस्त कन्वर्जेन्स विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पोषण आधारित जीवन चक्र के महत्वपूर्ण चरणों जैसे गर्भावस्था, शैशवावस्था, बचपन व किशोरावस्था में पोषण के सम्बन्ध में जनजागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अभियान की मुख्य थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" निर्धारित की गई है। पोषण अभियान के अन्तर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती, स्तनपान कराने वाली धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार किये जाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य के निर्देशन में समस्त कन्वर्जेन्स विभागों व पार्टनर संस्थाओं के साथ पोषण व स्वास्थ्य सम्बन्धी गतिविधियां वृहद स्तर पर आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस माह प्रमुख रूप से 'प्रभावी स्तनपान व सम्पूरक आहार', 'स्वस्थ बालक स्पर्धा', 'पोषण भी पढ़ाई भी', 'मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार', 'मेरी माटी-मेरा देश', 'जनजातीय केन्द्रित पोषण अभिमुखीकरण' एवं 'एनीमिया (खून की कमी) स्तर में सुधार के लिए परीक्षण, उपचार व संवाद' पर ज़ोर दिया जाएगा। इन सभी थीम पर कार्य करने के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग, शिक्षा, खाद्य व रसद, कृषि व उद्यान विभाग, आयुष, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग की अहम भूमिका रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वस्थ बालक स्पर्धा, गृह भ्रमण व केन्द्र आधारित गतिविधियां, बच्चों व गर्भवतियों की नियमित जांच, वजन, उपचार व परामर्श, पोषण रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल केन्द्रित जन जागरूक पोषण व स्वास्थ्य वर्धक संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग व पंचायती राज विभाग के समन्वय व सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र तथा सामुदायिक भूमि पर पोषण वाटिका को बढ़ावा दिया जाएगा। सोशन मीडिया प्लेटफॉर्म व अन्य माध्यमों के जरिये प्रचार-प्रसार पर ज़ोर दिया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षकों, डॉक्टरों, किसानों, व्यापारियों आदि का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पोषण माह के दौरान किये जा रहे कार्यक्रमों व गतिविधियों के फोटोग्राफ तथा वीडियो एवं उसका संक्षिप्त विवरण सहित नियमित रूप से जन आन्दोलन डैशबोर्ड 'पोषण अभियान' पर अपलोड किया जाएगा। पोषण ट्रैकर एप्लीकेशन पर भी नियमित डाटा फीडिंग पर ज़ोर दिया जाएगा।

20 फीट गहरे गड्ढे में पलटा एक्सयूवी घटनास्थल पर ही वाहन चालक की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। बीती रात सैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर भीतरी मार्ग पर बबुरहनी मोड़ के पास मार्ग के गड्ढे के कारण एक एक्सयूवी वाहन 20 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। जिसमें घटनास्थल पर ही वाहन चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए, वाहन और शव को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। जहां से शुक्रवार को शव का पंचनामा कर, पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना यह है कि बीती रात थाना क्षेत्र के एकावस पट्टी गांव निवासी रिजवान खान (37) पुत्र स्व नस्तईम अपने दोस्त दिलीप जायसवाल के साथ उसकी एक्सयूवी वाहन चलाते हुए, अन्य दोस्त रंजय राजभर, आलोक पांडे और अंतू के साथ सैदपुर से घर लौट रहा था। तभी सैदपुर भीतरी मार्ग पर बबुरहनी मोड़ के पास सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन को क्रॉस करते समय, रिजवान का वाहन मार्ग के बाएं तरफ स्थित गड्ढे में चला गया। जिसके कारण एक्सयूवी वाहन पलटते हुए, 20 फीट गड्ढे में जा गीरी। जिससे उसमें सवार सभी घायल हो गए। जब आसपास के लोग कुछ देर बाद मदद को पहुंचे, तब तक सर पर लगी गंभीर चोट के कारण रिजवान की मौत हो चुकी थी। वही रिजवान के साथ वाहन में बैठे उसके चार अन्य दोस्त भी घायल हो गए। जिन्हें सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करा कर, वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

मुख़्तार के गैंगेस्टर मामले मे अब 5 सितम्बर को होगी सुनवाई

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। एमपी एमएलए कोर्ट में मुख्तार अंसारी के एक गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुनवाई एक बार फिर से टल गई है और अगली तिथि 5 सितंबर पड़ी है सुनवाई टालने के पीछे एमपी एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश के छुट्टी पर होने और सिविल बार एसोसिएशन की हड़ताल को मुख्य कारण बताया गया है। मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता लियाकत अली ने बताया कि आज मुख्तार अंसारी के गैंगस्टर एक्ट के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई होनी थी लेकिन न्यायाधीश की छुट्टी पर होने और सिविल बार एसोसिएशन के हड़ताल पर होने के चलते इस मामले में आज सुनवाई नहीं हो सकी है और इसकी अगली तिथि 5 सितंबर पड़ी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शासकीय अधिवक्ता के द्वारा एक प्रार्थना पत्र देकर गवाहों की गवाही को इस मामले में शामिल करने के लिए अनुरोध किया गया था जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था और इसी मामले पर आज सुनवाई होनी थी। बताते चले कि करंडा थाना क्षेत्र में 2009 में कपिल देव सिंह की हत्या हुई थी जिस मामले में मुख्तार अंसारी को भी आरोपी बनाया गया था साथ ही एक अन्य मामला मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र का था जिसमें जानलेवा हमले का आरोपी बनाया गया था दोनों मामलों को मिलाकर गैंग चार्ट बनाकर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था और इसी मामले में आज सुनवाई होनी थी बताते चले कि इन दोनों मूल मामलों में मुख्तार अंसारी पहले ही बरी हो चुके हैं ।

सृष्टि शुक्ला ने पहले प्रयास में पीसीएज-जे की परीक्षा में 83वां रैंक हासिल कर किया जिले का नाम रोशन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। एक पिता के लिए सबसे गर्व का क्षण तब होता है, जब उसकी संतान सफलता के सोपान को अर्जित करे। ऐसा ही कुछ समता पीजी कॉलेज सादात के प्राचार्य प्रोफेसर अजय शुक्ला के साथ हुआ, जब उनकी सुपुत्री सृष्टि शुक्ला ने प्रथम प्रयास में ही पीसीएस जे की परीक्षा में 83वीं रैंक हासिल कर सिविल जज बनने का सपना साकार किया। मूल रूप से प्रयागराज के निवासी प्रो. अजय शुक्ला लखनऊ के इंदिरा नगर में अपने परिवार के साथ रहते है। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता को देते हुए कहा कि पिता अजय शुक्ला और मां कुसुम शुक्ला के अथक प्रयास और उनकी बदौलत ही यह मुकाम हासिल किया है। कहा कि रिजल्ट को लेकर हमेशा ही डर और उम्मीद बनी रही। ऐसे में जो परिणाम जारी हुआ, उसे लेकर वह काफी खुश है। पूर्व शिक्षामंत्री कालीचरण यादव द्वारा स्थापित समता पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अजय शुक्ला ने संस्थापक को नमन करते हुए बताया कि दृढ़ इच्छा शक्ति से किसी भी चुनौती का सामना किया जा सकता है। शुभेच्छुओं ने प्राचार्य के साथ ही उनकी बेटी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

जमीनी विवाद में घर पर सो रहे बुजुर्ग व्यक्ति की हुई हत्या

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव में बीती रात घर में सो रहे बुजुर्ग व्यक्ति रामनाथ चौहान 70 वर्ष का सिर कूचकर हत्या कर दी।सुबह 6:00 बजे परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई।मृतक की पत्नी जय मंगली देवी ने बताया कि विगत काफी दिनों से आधा बिस्वा जमीनी विवाद काफी दिनों से चल रहा था जिसमें हत्या की वजह हो सकती है ।फिलहाल एसपी ओमबीर सिंह ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले में कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।मृतक के तीन बेटा तीन बेटियां थी सभी की शादी हो चुकी है ।सभी लड़के बाहर कमाते हैं जबकि छोटा बेटा रामचरण चौहान घर पर ही मौजूद है।पुलिस ने सुबह ही शव को मोर्चरी हाउस भेज दिया ।तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई।

समाज सेवी इस से पहले नशा मुक्ति , घाट सिफाई , मंदिर दर्शन, होली मिलन आदि अभियान चला चुके है

1100 बहनों का भाई 2100 भांजे भांजी के मामा बने सुजीत यादव

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, नन्दगंज। रक्षा बंधन के शुभअवसर पर इस बार गाजीपुर में अलग ही कुछ देखने को मिला समाज सेवी युवा नेता सुजीत यादव ने 7 दिनों में सैकड़ों गांव बाजार में पहुँचकर 1100 बहनों से राखी बंधवाकर एक अनोखा कार्य करके कृतिमान हाशिल कर लिया है चारो तरफ समाज मे एक चर्चा का विषय बना हुआ सुजीत यादव वेसे साल में कुछ ना कुछ ऐसा कर देते है जो समाज मे एक सन्देश जाता है इस से पहले नशा मुक्ति अभियान , सफाई अभियान , दर्शन अभियान , होली मिलन अभियान , आदि कार्य करके समाज मे परिवर्तन लाने का प्रयास किया सुजीत यादव से बात करने पर उंन्होने बताया कि मेरा रक्षा बंधन अभियान चला कर एक ही सन्देश देना था कि हर युवा एक बहन को गोद लेकर रक्षा करने का संकल्प ले उन्हेंने कहां मुझे बहुत हर्ष से बताते हुए गर्व हो रहा है कि रक्षा बंधन महोत्सव अभियान में मेरे साथ मेरी पत्नी खुसबू ने साथ दिया जो 7 दिनों में 1100 बहनों से राखी बंधवाकर आशीर्वाद प्राप्त हुआ लगभग 2100 भांजे भांजी का मामा बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ मेरा प्रयास रहेगा इन बहनों के घर मैं हमेशा सुख दुःख में पहुँचकर भाई होने का अपना फर्ज निभाऊंगा ये आत्मीयता का रिस्ता भगवान के द्वारा बनाया गया है इसका सबको सम्मान करना चाहिए।

हर शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा,व्यवहारिक शिक्षा व समाजिक शिक्षा है जरूरी

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। स्थानिक क्षेत्र दुल्लहपुर में मानव उत्थान सेवा समिति हरिद्वार से आए महात्मा सारथा नन्द जी ने कई जगह पर छोटे-बड़े धर्म प्रचारक बैठक कर लोगों को अध्यात्म से जुड़ी जानकारी दी और नैतिक शिक्षा,नशा उन्मूलन, लिंग भेदभाव ,बालिकाओं की शिक्षा, व्यवहार परिवर्तन ,सामाजिक ज्ञान, सहित जीवन से जुड़े तमाम बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि आज शिक्षा के अभाव में जो लोग अपने मां-बाप के प्रति दुर्व्यवहार करते हैं उनको उनके ही बने घरों से ठोकर मार कर बाहर निकलते हैं यह कहीं ना कहीं नैतिक शिक्षा, व्यवहार परिवर्तन, और सामाजिक ज्ञान के अभाव में लोग करते हैं जो नहीं होना चाहिए क्योंकि आज जो वह अपने मां-बाप के साथ कर रहे हैं कल वही शिक्षा लेकर उनके भी बच्चे उनके साथ करेंगे और उनको इस स्थिति से गुजरना पड़ेगा जो वह लोग अपने मां-बाप के प्रति कर रहे हैं साथ ही वहाँ मौजूद लोगों ने महात्मा जी के बातों को सुनकर यह संकल्प लिया कि हमें भी अपने बच्चों को आध्यात्मिक से जुड़ी शिक्षा, सांसारिक शिक्षा ,सामाजिक शिक्षा अपने बच्चों को देना चाहिए ताकि समाज जैसे पहले आपस में मिलजुल कर भाईचारे का व्यवहार कर जीवन यापन करती थी वह आगे भी सफल हो सके और लोग जिस उद्देश्य से धरा पर जन्म लिया है उस जीवन को सफल बना सके जिस बैठक में डॉ०संजय, दुलारे,अवधू, रामविलास, रामजियावन यादव, राजेश, अजय, मार्कण्डेय मौर्य, रंगीला यादव, संतोष यादव आदि लोग शामिल रहे।

ख़ास ख़बर

ससुर और देवर पर छेड़छाड़ का दर्ज कराया मुकदमा

नवाबगंज (गोंडा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुर और देवर पर छेड़छाड़ और पति, ससुर, सास और देवर पर दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला थाना गोंडा द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।महिला का आरोप है कि उसके पति, देवर और ससुर उससे दहेज की मांग करते थे और मारते पीटते थे साथ ही ससुर और देवर महिला पर गंदी नजर रखते थे और छेड़खानी करते थे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि महिला थाना गोंडा द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर चारों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।

छुट्टा मवेशी से टकराकर युवक हुआ घायल

नवाबगंज (गोंडा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। नवाबगंज कस्बे के पहलवान वीर मंदिर के पास एक बाइक सवार युवक छुट्टा मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के हरिवंशपुर गाँव निवासी युवक गौतम यादव गुरूवार को अपनी पत्नी के साथ लौव्वावीरपुर गाँव स्थित अपनी ससुराल गया था। देर शाम करीब 09 बजे वह नवाबगंज बाजार से वापस अपनी ससुराल जा रहा था कि रास्ते में पहलवान वीर मंदिर के पास वह एक छुट्टा मवेशी से टकराकर गंभीर रूप घायल हो गया।

बंद हो गया ब्लॉक दिवस का कार्यक्रम,खंड विकास अधिकारी की मनमानी व दबंगई से फरियादी व शिकायतकर्ता परेशान

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, रामपुरभगन अयोध्या। बीकापुर ब्लॉक पर तैनात खंड विकास अधिकारी की मनमानी व दबंगई से ब्लॉक के कर्मचारी व ब्लॉक पर आए फरियादी व शिकायतकर्ता परेशान है ब्लॉक पर आए शिकायतकर्ताओ व फरियादीयो का आरोप है की बीकापुर ब्लॉक पर तैनात खंड विकास अधिकारी के आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है और वह समय से कभी ड्यूटी पर नहीं आते हैं और अपने अधनीस्त कर्मचारियों को बेवजह फटकार लगाना परेशान करना इनका दैनिक का काम है। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों सीता राम, रामअजोर यादव, हरिपाल पांडे, शिवाकान्त दूबे भगेलु निषाद जसवीर सिंह आदि लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार में लिफ्त खंड विकास अधिकारी बीकापुर ने ब्लॉक दिवस का आयोजन बंद कर दिया है और कुछ सफाई कर्मियों को अपनी सुख सुविधा के मुताबिक ब्लाक पर रखा है वे गांव में सफाई करने नही जाते है।

पूरा बाजार में आयोजित हुआ काव्य सम्मेलन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, पूराबाजार -अयोध्या । मेरी माटी मेरा देश" शीर्षक से सामयिक साहित्य संगम" के तत्वाधान में उक्त सम्मेलन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण पूरा में कमलाकर- शुक्ल कमल" के संयोजकत्व में उक्त संस्था के संरक्षक केदानाथ पाण्डेय बाबा एवं संस्था अध्यक्ष रामधीरज- तिवारी धीर के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें सम्मेलन के अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह पूर्व प्राचार्य - बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा व मुख्य अतिथि डॉ. आचार्य शिवकुमार मिश्र पूर्व प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय दुगवा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामशंकर- संस्कृत महाविद्यालय द्विवेदी अंचल "संभागित थे। श्याम जी पाण्डेय 'करुणेश जी के सफल संचालन में प्रथमतः वाणी वन्दना तेजनारायण- संचालकत्व पाठक मकरंद" द्वारा...वर दे वीणावादिनी वर दे' को गुनगुनाया. सम्पादनोपरान्त क्रमशः श्मनेवल वर्मा, मनोज सिंह, राधेश्याम लहरी", विश्व विजय पाण्डेय , शील " डॉ. राधेश्याम शमी रामचन्दर वर्मा एवं हरिभान सिंह आदि कुशल कवियों ने भाग लेकर अपनी काव्य रचनाओं से उपस्थित काव्य प्रेमी जनता रसविभोर किया।

नवोदय विद्यालय अयोध्या एलुमिनी संघ की हुई बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। नवोदय विद्यालय अयोध्या एलुमिनी संघ के अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक। बैठक। में परवेज गोंडा से, सुनील कौशल अमेठी एवं बस्ती से, मार्गदर्शन में बृजेश पासवान , शैलेंद्र , प्रदीप पटेल, सुधांशु मिश्र,आदि लोगों के उपस्थिति में गुरुदेव पैलेस अयोध्या में मीटिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई।जिन प्रमुख बिंदुओं की कल कोर कमेटी में चर्चा हुई थी उनमें से सभी के लिए टीम गठित कर ली गई हैं।सुनील कौशल खंड विकास अधिकारी विक्रमजोत बस्ती,जल्द ही सबके नाम प्रस्तुत करेंगे। आईटी प्रभारी पंकज आर्या और सुधांशु मिश्र ने बताया की 08 अक्टूबर 2023 समागम 02 का भव्य आयोजन अपने अयोध्या जनपद में होने जा रहा है जिसमे अयोध्या नवोदय के सभी एलुमिनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका होने जा रही,श्री मिश्र ने सभी से सहयोग की अपील की बाकी एडवाइजरी कमेटी के मार्गदर्शन में सारा प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में उपस्थित होने के लिए फॉर्म भरा जाएगा जिससे उपस्थित व्यक्तियों की संख्या का आकलन हो सके उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए अगली बैठक का आयोजन जल्द से जल्द किया जाएगा।

रामनगरी में सीएम योगी को अनोखे अंदाज में बांधीगई राखी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रावणकुंज मंदिर में सीएम योगी आदित्यनाथ का अनोखे अंदाज बांधी गई राखी मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार युवा महन्थ रामेश्वरी शरण ने सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रदेश की बहनों की रक्षा के लिए भेजा रक्षा सूत्र और उनके तस्वीर पर राखी बांध कर लिया उनसे आशीर्वाद महन्थ रामेश्वरी शरण का बयान सीएम योगी एक सन्त है और वे भी एक सन्त इस रिश्ते से हम दोनों के बीच भाई बहन का रिश्ता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुवे कहा कि दो सौ रुपये गैस के दाम कम करके की बहनों को रक्षाबंधन के त्योहार पर बड़ा तोहफा दिया है और सीएम योगी के साशन काल मे बहने सुरक्षित है और कानून व्यवस्था राज है।

बीडीओ का तुगलकी फरमान से नाराज प्रधान संगठन ब्लॉक कार्यालय के सामने दिया धरना

प्रधान संगठन ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान किया

सोनू चौधरी ब्यूरो ची, मयाबाजार- अयोध्या। विकासखंड मया बाजार में पूर्व निर्धारित अखिल भारतीय प्रधान संगठन की बैठक आहूत की गई थी। जब ग्राम प्रधान ब्लॉक सभागार पहुंचा कर ब्लॉक सभागार की चाबी मांगी गई तो एडीओ पंचायत संतोष कुमार तिवारी ने प्रधानों को वीडीयो का तुगलकी फरमान सुना दिया। कहा कि ब्लॉक परिसर में बैठक ना करें और मुख्यालय प्रांगण में घुसने न देने का फरमान बीडीओ जारी किया है। ब्लॉक सभाकर की चाबी न दी जाए जिससे नाराज ग्राम प्रधानों ने विकासखंड कार्यालय के सामने टेंट हाउस से कुर्सियां मगा कर धरने में तब्दील हो गए जब इसकी जानकारी संगठन के जिलाअध्यक्ष राजेश सिंह को हुई तो उन्होंने अपने साथ प्रदेश महासचिव अनिल तिवारी व प्रदेश सचिव रामरगं के साथ धरने में पहुंच गए और प्रदेश सचिव रामरगं एडीओ पंचायत के किए गए कृत पर उनको धरने पर बैठे प्रधानों के बीच बुलाकर फटकार लगाई।प्रदेश महासचिव अनिल तिवारी ने कहा

कि बीडीओ का यह हिटलर शाही तानाशाही संगठन बर्दाश्त नहीं करे संगठन जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने संगठित होकर मनरेगा बहिष्कार का आवाहन किया जिस पर उपस्थित सभी प्रधानों ने कल दिनांक 2 सितंबर से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के महत्वपूर्ण योजना वीडीयो गौरीश श्रीवास्तव को सबक सिखाने के लिए अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव अपने किए गए हुए कृत के लिए प्रधान संगठन से क्षमा याचना नहीं करती हैं। कार्य व्यवहार मे दस दिनों सुधार नहीं लाती है। तो दिनांक 12.9.2023 से जिले के सभी ब्लॉकों के प्रधान एक साथ विकासखंड मया कार्यालय में धरने पर बैठेंगे। ग्राम पंचायत के प्रधान सती प्रसाद वर्मा सुभाष शुक्ला अखिलेश सिंह ने प्रधानों मैं प्राण फूंकने का काम किया। ब्लॉक अध्यक्ष केसरी प्रसाद यादव ने आए हुए सभी ग्राम प्रधानों का संगठन की तरफ से धन्यवाद किया और संगठन में पूर्ण निष्ठा दिखाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया। अशोक कुमार पांडेय सुजीत मिश्रा चंद्रभूषण सिंह अविनाश सिंह धर्मेंद्र यादव महेंद्र कुमार वर्मा सुधीर वर्मा छट्टू पांडेय आज बड़ी तादाद में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

समन्दर पार करके आई मुस्लिम बहन ने बाँधा भाई को रक्षा सूत्र

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जहाँ एक ओर दूर दूर से आकर बहनें अपने भाई को राखी बाँध रही थी वहीँ यहां से 4,000 किलोमीटर दूर विदेश(जॉर्जिया) में एम बी बी एस की पढ़ाई कर रही एक बहन अपने भाई को राखी बांधने रुदौली आई। तहसील रूदौली के अधिवक्ता/पत्रकार अब्दुल जब्बार की बेटी अंसारी फ़ातिमा शिफा रूदौली से अपनी प्राम्भिक शिक्षा सिटी पब्लिक स्कूल व कैरियर मांटेसरी स्कूल व डी एस एम लॉयन्स पब्लिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर नीट की परीक्षा पास कर जॉर्जिया में पिछले एक साल से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है।रक्षा बंधन पर वह दो सप्ताह की छुट्टी लेकर अपने भाई अंसारी अरक़म को राखी बांधने अचानक रुदौली आई।ब्रहस्पतिवार को सुबह भाई अंसारी अरक़म अपनी बहन को याद कर मायूस था लेकिन सुबह अचानक 7 बजे बहन को अपने सामने पाकर खुशी से फूला नहीं समाया।भाई ने अपने बहन को रक्षा का वचन दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि में राखी बंधवा कर उपहार दिया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, पूरा बाजार- अयोध्या। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने सराय राशी में अपने पैतृक आवास पर महिलाओं से राखी बधाकर उन्हें उपहार भी किया इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व हमें एकता के सूत्र में भी बांधता है इस पर्व से हमें महिलाओं की रक्षा की प्रेरणा मिलती है महिलाओं की रक्षा हमें तन मन धन से करनी चाहिए यह हमारी पौराणिक परंपरा भी है इस अवसर पर अंकुर सिंह विजय प्रताप सिंह डॉ टी वी सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

पति ने मार-पीट कर घर से निकाला, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के भोपतपुर गाँव की रहने वाली एक महिला को उसके पति ने मार-पीट कर घर से निकाल दिया। महिला अपने 05 बच्चों सहित मायके में रहने को मजबूर है। पीड़ित महिला ने अपने पति के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। थाना क्षेत्र के भोपतपुर गाँव हन्नाटायर मजरा निवासी सुनीता पत्नी श्रीराम पुत्र बुधई ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति शराब के नशे में रोज उसे मारता-पीटता था। एक माह पूर्व उसके पति ने उसे मारा-पीटा और 05 बच्चों सहित घर से निकाल दिया था और धमकी दी कि अगर लौट कर आई तो जान से मार दूंगा। पीड़िता का कहना है कि उसका पति अब एक-एक कर पैतृक संपत्ति बेच रहा है। पीड़िता के 05 बच्चों में 03 बेटिंया विवाह योग्य हैं जबकि 02 लड़के छोटे हैं। बीते एक माह से वह बच्चों सहित मायके में रहने को मजबूर है ।पीड़िता का कहना है कि ऐसे हालात में उसका और उसके बच्चों का भविष्य अंधकार में है। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर न्याय दिलाने की मांग महिला ने की है।

प्री-पीएचडी कोर्स वर्क हेतु आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्री-पीएचडी कोर्स वर्क-2022 के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि घोषित की गई। अभ्यर्थी 10 सितम्बर तक परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि प्री-पीएचडी कोर्स वर्क के अभ्यर्थियों द्वारा पूरित ऑनलाइन परीक्षा फार्म की एक प्रति सम्बन्धित नोडल केन्द्र पर 10 सितम्बर तक जमा किए जायेंगे। वहीं नोडल केन्द्र व विभागाध्यक्षों द्वारा 11 सितम्बर तक अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्रों का सत्यापन करते विश्वविद्यालय में जमा कराना होगा। विभागाध्यक्षों एवं नोडल केन्द्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे अभ्यर्थियों के परीक्षा फार्म का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर ले। यदि परीक्षा फार्म में त्रुटि पाई जाती है तो इसके लिए छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि प्री-पीएचडी कोर्स वर्क के परीक्षा फार्म पूरित किए जाने के सम्बन्ध में सूचना विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्व लाठी चार्ज के विरोध में वकीलों ने निकाला जुलूस किया प्रदर्शन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। उत्तर प्रदेश के हापुड़ की कचहरी में अधिवक्ताओं के ऊपर हुई बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज एवं गाजियाबाद में एक अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर की गई निर्मम हत्या करने से आक्रोशित अयोध्या के सैकड़ो अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कचहरी परिसर में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार सौपा गया। ज्ञापन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र व महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि ज्ञापन में अधिवक्ता सुरक्षा कानून तत्काल लागू किए जाने , जनपद हापुड़ के चोटहिल अधिवक्ताओं को कम से कम 50 लाख का मुआवजा देने तथा समस्त इलाज कराए जाने, पुलिस व प्रशासन के दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दंडित कराई जाने, शासन द्वारा घटना के संबंध में गठित कमेटी में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं उसका एक सदस्य तथा न्यायाधीश को भी शामिल किए जाने एवं जांच कमेटी की अध्यक्षता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश के नेतृत्व में कराए जाने की मांग किया है। साथ ही जनपद गाजियाबाद में चेंबर में घुसकर अधिवक्ता को गोली मारे जाने के संबंध में दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कराए जाने एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दंडित करते हुए अधिवक्ता परिवार को एक करोड़ की सहायता धनराशि तथा परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ-साथ परिवार को सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई है। बार एसोसिएशन के महामंत्री ने बताया कि बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में 25 से 30 अधिवक्ता गंभीर रूप से लाठी चार्ज में घायल हुए हैं। उसके बाद भी अधिवक्ताओं पर ही पुलिस ने फर्जी रूप से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । इसी सब के विरोध में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कचहरी परिसर में जुलूस निकाला। इस दौरान आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए हापुड़ के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग किया है। मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रिय ज्ञापन जिलाधिकारी नीतीश कुमार को सौपा। बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। वही प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बब्बन प्रसाद चौबे संजीव दुबे विजय बहादुर सिंह पारस नाथ पांडे दिनेश सिंह दूधनाथ मिश्रा प्रदीप चौबे प्रमोद कुमार पांडेय राजेन्द्र तिवारी राकेश वैद राकेश यादव मनोज सिंह गोविंद तिवारी प्रेम मोहन मालवीय सोमनाथ तिवारी मानवेंद्र दुबे अजय वर्मा हरिओम दुबे जितेंद्र श्रीवास्तव अरविंद कौल सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।

रामभक्तों को अयोध्या दर्शन कराएंगी इलेक्ट्रिक बसें

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी में जैसे-जैसे भव्य मंदिर निर्माण कार्य हो रहा है, वैसे-वैसे देश-विदेश से रामभक्तों की भारी भीड़ लगातार अयोध्या आ रही है। ऐसे में मंदिर निर्माण पूरा होते ही यहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश विदेश से अपने आराध्य श्री राम का दर्शन करने के लिए आएंगे। अयोध्या आने के लिए उनको सुगम मार्ग उपलब्ध हो इसके लिए जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निर्माण प्रगति पर है। निर्माणाधीन पथों पर यात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए योगी सरकार शीघ्र ही ई -बस सेवा प्रारंभ करने जा रही है। मतलब यह कि इन पथों के निर्माण के पहले अयोध्या धाम में ई-बस सेवा की शुरुआत हो जाएगी। शासन ने अयोध्या सहित प्रदेश के विभिन्न तीर्थो के लिए योजना बनाई है। इस व्यवस्था का संचालन करने के लिए शासन स्तर पर ही इलेक्ट्रिक बसों के क्रय की प्रक्रिया की जानी है। शासन स्तर पर पूरे प्रदेश के लिए एक साथ ई-बसें क्रय की जाएंगी। अयोध्या नगर निगम की ओर से संचालित की जाने वाली इस योजना को लेकर एडीए के वीसी व नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि शासन स्तर से 25 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह बसें सितम्बर माह में अयोध्या नगर निगम को मिलने की उम्मीद है। इन बसों के वर्कशाप एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का जिम्मा उत्तर प्रदेश जल निगम की सीएण्डडीएस यूनिट - 44 को दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्कशाप / डिपो के निर्माण के अलावा चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए चयनित एजेंसी को साढ़े 12 करोड़ की राशि आवंटित कर दी गयी है। अयोध्या में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए चैत्र रामनवमी मेला के दौरान ट्रायल किया गया था। इसके लिए लखनऊ डिपो से बसें यहां भेजी गयी थी। इसके साथ व्यवस्था की देखरेख के लिए लखनऊ से ही एआरएम समेत आधा दर्जन कर्मचारियों को भी अस्थाई रूप से तैनात किया गया था। इन बसों की चार्जिंग के लिए हाइवे पर स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डे के परिसर में ही चार्जिंग स्टेशन बनाया गया था।

न्याय जांच आख्या के अवलोकन में अंकित गंभीर कथन मनगढ़ंत एवं मात्र पेशबंदी में प्रस्तुत किया गया

पत्रकार को फंसाने के लिए अध्यापक ने रची फर्जी घटना, न्यायालय ने किया खारिज

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, बीकापुर -अयोध्या । बीकापुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक के सहायक अध्यापक महेश कुमार मौर्य की फर्जी घटना की याचिका को न्यायालय सिविल जज जू. डि. पीठ ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि जांच आख्या के अवलोकन में प्रथम दृष्टया अंकित गंभीर कथन मनगढ़ंत एवं मात्र पेशबंदी में प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए मामले को खारिज कर दिया। बीकापुर क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार हरिओम पाण्डेय देव ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक सहित कई विद्यालयों का बीते 22 अप्रैल 2022 को प्रातः 7:30 बजे जायजा लिया गया था। इस दौरान

> न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का हवाला देते हुए मामले को खारिज कर दिया। बीकापुर क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार हरिओम पाण्डेय देव ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक सहित कई विद्यालयों का बीते 22 अप्रैल 2022 को प्रातः 7:30 बजे जायजा लिया गया था।

सहायक अध्यापक महेश कुमार मौर्य हमेशा की तरह उस दिन भी बगैर पूर्व सूचना के गैर हाजिर पाए गए। इसकी सूचना दूरभाष पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव को दी गई। जांच में सूचना सही पाए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापक के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा था। इससे नाराज अध्यापक मौर्य ने पत्रकार को दूरभाष पर भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने की धमकी दी। धमकी की रिकॉर्डिंग विभाग एवं कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसकी जांच में दोषी अध्यापक के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चार्ज शीट न्यायालय को भेजी। इससे नाराज अध्यापक मौर्य ने पत्रकार के खिलाफ एक झूठी एवं मनगढ़ंत कहानी बनाकर 156 (3) के तहत याचिका दाखिल की। याचिका में अध्यापक ने पत्रकार द्वारा गुंडा टैक्स की वसूली, मारपीट, गाली गलौज, छींनौती सहित गंभीर आरोप लगाया। इस पर न्यायालय ने पुलिस से घटना की जांच कराई तो मामला फर्जी पाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना सिर्फ पेस बंदी में की गई है, क्योंकि जांच में अध्यापक मौर्य विद्यालय में लापरवाही दायित्व को लेकर करते हैं, इस संबंध में जब खबर छपी तो विभाग ने एक्शन लिया जो मौर्य को रास नहीं आया। पुलिस ने जांच आख्या रिपोर्ट में बताया कि पत्रकार को फसाने के लिए मौर्य ने फर्जी घटना रची। न्यायालय ने सभी बिंदुओं को गौर से देखने के बाद मामले को खारिज कर दिया।

जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना दी जानकारी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, बीकापुर-अयोध्या। कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत के तेंदुआ माफी में संचालित देश दीपक आदर्श इंटर कॉलेज में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति दीदी के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति मोबाइल ,महिला हेल्प डेस्क, महिला रिपोर्ट, पुलिस चौकी परामर्श केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव के लिए भी जरूरी टिप्स दिया गया और जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 108, 112 ,181 के बारे में जानकारी दी गई। तथा छात्राओं में

पंपलेट वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी न केवल अध्यापक की भूमिका में नजर आए बल्कि उन्होंने स्कूली छात्राओं से रूबरू होते हुए अभिभावक और दोस्ताना अंदाज में उन्हें निडर होकर हर प्रकार की गैर कानूनी हरकतों का विरोध करने का टिप्स दिया। तथा बच्चों से दोस्ताना अंदाज में कुछ किस्से सुनाए तो बच्चों से भी उनके मन की बात जानने की कोशिश की। बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा और अधिकार के लिए तमाम नियम और कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी रखना चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए। अपराध छुपाने से अपराधियों का हौसला बढ़ जाता है। और वह बड़ी घटना को अंजाम देते हैं। छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थितियों में आत्मबल को मजबूत करके अपराध और उत्पीड़न का विरोध करने का टिप्स दिया गया। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अपने घर परिवार और आसपास हो रहे किसी भी महिला उत्पीड़न का विरोध करना चाहिए और पुलिस को सूचित करना चाहिए। उन्होंने स्कूटी और बाइक चलाते समय यातायात के नियमों का भी पालन करने को कहा जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र उपाध्याय प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अजय तिवारी, महिला आरक्षी सरोज यादव, प्रियंका पांडेय सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

ख़ास ख़बर

देवघर में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मना

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। देवघर जिले में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। हर घर में उत्सव का सा माहौल रहा। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर भाईयों के दीर्घायु का कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए एक से एक कीमती राखी खरीदी थी । रक्षाबंधन पर्व पर सुबह से सभी घरों में पूजन हुआ। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। बहनों ने भाईयों की कलाई पर अटूट प्रेम की प्रतीक राखी बांधी। विवाहित बहनें आज के दिन अनिवार्य रूप से भाईयों की कलाई में राखी बांधने के लिए मायके आती हैं। रक्षाबंधन पर्व के कारण गुरुवार शहर में खासी चहल पहल देखी गई । साथ ही मिठाई और फलों की बिक्री ज्यादा हुई। इसके अलावा गिफ्ट सेंटरों में भी अच्छी खासी बिक्री हुई।

नाला में रक्षाबंधन पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मना

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार नाला प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम एवं पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर विधिवत रूप से धूप दीप अरवा चावल सिंदूर नैवध आदि पूजा की थाली में सजाकर आरती उतारी और भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधी। इस अवसर पर बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनके मंगल कामना की। वहीं परंपरा अनुसार भाई ने भी उनके रक्षा का प्रण लिया। भाई बहन के अन्योन्याश्रय प्रेम के प्रतिक का रक्षाबंधन का पर्व नाला प्रखंड क्षेत्र के मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम एवं पारंपरिक रूप से मनाया गया। पर्व को लेकर पूरे बाजार में भी चहल-पहल एवं भाई बहनों के घरों में आवाजाही देखा गया। इस पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्सवी माहौल है।

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आदिवासी बहनों ने सेवा भारती के अधिकारियों को बांधा राखी

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। गुरुवार को सेवा भारती मधुपूर नगर द्वारा ग्राम चोरकट्टा में रक्षा बन्धन मनाया गया l इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाए एवं बच्चे उपस्थित थे l सबसे पहले बहनो ने सेवा भारती के अधिकारियों एवं सदस्यों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा l सेवा भारती की और से संरक्षक डाक्टर देवानंद प्रकाश , गौतम डालमिया , अध्यक्ष अरुण बरनवाल, सचिव विपिन कुमार एवं सदस्य भारत लाल भैया, किसन बथवाल आदि उपस्थित थे। सभी महिलाओ को उपहार स्वरूप पर्स दिया गया l उपस्थित सेंकड़ों ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया l कार्यक्रम को संबोधित करते हुये लोकेश उपाध्याय पूर्णकालिक संथाल परगाना ने रक्षा बन्धन पर प्रकाश ड़ाला l कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण चौधरी,अटल मोदी, लोकनाथ खण्डेलवाल, शेखर लचीरामका,संजय मंडल आदि की सराहनीय योगदान रहा l रक्षा बन्धन की बधाई देते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया गया ।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर रेशम की डोर बांध कर लिया रक्षा का वचन

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। भाई बहन के अटूट प्रेम, स्नेह का त्योहार रक्षाबंधन गुरुवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह सावन पूर्णिमा पर बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों के कलाईयां बांधी। रेशम की डोरी के धागे भले ही कच्चे हो लेकिन इसके पीछे का स्नेह अटूट और बेहद मजबूत होता है। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। गुरुवार की सुबह लोगों ने सर्वप्रथम स्नान कर ईश्वर की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांध मंगलकामनाएं की। जन्म-जन्म तक हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा। घर के बुढे-बुजुर्गों का पैर छुकर आशिर्वाद लिया। दोपहर में अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजायी और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई। कुछ भाइयों ने अपने से दूर में रह रही बहनों के पास जाकर राखी बंधवायी तो कुछ बहनों ने अपने भाइयों के घर में जाकर राखी बांधी।

कीनाराम जन्मोत्सव में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही-जिलाधिकारी

चहनियां।चंदौली। रामगढ़ स्थित संत सिरोमणी अघोराचार्य बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम के 424 वे जमोत्सव को लेकर बाबा कीनाराम मठ सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी फुडें व पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार, एवं उपजिलाधिकारी मनोज पाठक, क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने सभी विभागों के अधिकारीयो संग बैठक किया । बैठक में तीन दिवसीय 13 से 15सितमंबर को बाबा कीनाराम महोत्सव से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया । वही प्रधान मठ व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह से जन्मोत्सव समारोह की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की ।बैठक मे जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राजेश कुमार से कीनाराम धाम जाने वाले सभी मार्गो को दुरुस्त करने ,बिजली विभाग के एक्सईएन राजन कुमार से सभी तारो को दुरुस्त करने व दो लाइनमैन तीन दिनों तक रहने को निर्देशित किया । वही स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ से वाइ के राय से बाबा कीनाराम मठ में तीन दिनों तक स्वास्थ्य कैम्प व स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरो की टीम मौजूद रहेंगे । किसी को इमरजेंसी पड़ने पर परेशानियां न होने पाये । डीपीआरओ ब्रह्मचारी दुबे को मठ के अंदर व बाहर लगातार साफ सफाई का निर्देश दिया ।जलनिगम विभाग को पानी की व्यवस्था को लेकर जगह- जगह टोटी लगाने का निर्देश दिया, नगर पंचायत अधिकारी से बात कर पानी का टैंक, प मोबाइल सामुदायिक शौचालय लगाने को निर्देशित किया । वही पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने कहा कि बाबा कीनाराम जन्मोत्सव में दर्शन करने के दौरान अंदर व बाहर सादे कपड़े में पुलिस कर्मी व महिला कर्मी के साथ साथ सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस के जवान तैनात किये जायेगे । वही महिलाओं कि सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त महिला पुलिस कर्मी बढ़ाया जायेगा। जिला अधिकारी ने कहा कि तीन दिवसीय कीनाराम महोत्सव में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी । बैठक में धनंजय सिंह,मेजर अशोक सिंह, खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा, चिकित्साधिकारी डा0 रितेश कुमार, बिजली विभाग एक्सईएन राजन कुमार, ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार सिंह, प्रधानपति रमाकांत यादव, रमेश राय, बब्बू सिंह,भोला सिंह, प्रभुनारायण सिंह,सूर्य नाथ सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एन ए सी मार्केट में हुई श्रंद्धाजलि सभा

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। शुक्रवार को एन.ऐ.सी. मार्केट के दुकानदारों ने स्व. सुनील बर्णवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। किताब व्यवसाई एवं खुदरा व्यवसाई संघ के सदस्य सुनील बर्णवाल की पिछले रविवार रात को रेल दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। विदित हो कि स्व सुनील बरणवाल मिलनसार स्वभाव के थे। व्यवसायों के हित में भी सदैव वे आगे रहकर आवाज उठाते थे। विदित हो कि श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सन्तन मिश्रा, व्यवसाई जय कुमार राम, प्रह्लाद दास, दीपू धारा, चित्त दै, निमाई राउत, वापी रवानी, बुलु गुप्ता, विकास दास, श्यामसुंदर दास, विमल मंडल, दीपक कुमार मंडल एवं अन्य दुकानदार उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

ओमप्रकाश कबड्डी एकाडमी मिहिजाम के खिलाड़ियों ने धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। कबड्डी के खिलाड़ियों ने रक्षाबंधन पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खिलाड़ियों ने नृत्य के माध्यम से भाई-बहन के प्रेम को दर्शाया। कबड्डी कोच राज कमल सिंह ने खिलाड़ियों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने खिलाड़ियों को बताया कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सहकार्यवाह अनिमेष मधुकर, ओम प्रकाश, कबड्डी एकाडमी के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह एवं कई खेलाड़ी मौजूद थे।

जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने 3500 फर्जी सिम को करवाया ब्लॉक, ठगी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने करीब 3500 सिम को ब्लॉक करवाया है। इनमे ज्यादातर सिम प. बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और बिहार के बताए जा रहे हैं। साइबर ठगी के लिए कुख्यात जामताड़ा को इससे मुक्त करने को लेकर साइबर थाना की पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने करीब 3500 फर्जी सिमो को बंद करवाया है। पुलिस के अनुसार जामताड़ा में जितने भी साइबर क्राइम होते हैं उनमें ज्यादातर मामलों में अपराधी दूसरे राज्य से निर्गत सिम का इस्तेमाल करते हैं। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे ज्यादातर सिम या तो फर्जी कागजात के आधार पर लिए जाते हैं या फिर संदिग्ध होते हैं। पुलिस के अनुसार इसके लिए भी एक गिरोह सक्रिय है जो दूसरे राज्य से सिम निर्गत कर आपूर्ति करता है। साइबर थाना की पुलिस ने इस साल अब तक 115 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि 41 साइबर अपराधियों को पकड़ कर दूसरे राज्यों के सुपुर्द किया है। क्या कहते हैं साइबर थाना के प्रभारीः साइबर थाना के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि साइबर अपराध को रोकने को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत फर्जी सिमों को बंद करवाया गया है।

संरेसर गांव के एक जानवरों पर दो पक्षों द्वारा लेकर हुई मारपीट

सकलडीहा चंदौली। क्षेत्र के सरेसर गांव के एक जानवरों को लेकर दो पक्षों द्वारा अपना हक जमाने को लेकर हुई मारपीट तीन लोग घायल हो गए घायल अवस्था में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच हड़ताल में जुटी है थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 बिछडी निवासी राजा सोनकर अपना जानवर सरेसर में पाल रखा है शुक्रवार को अपने पुत्र विशाल सोनकर के साथ जानवर को पकड़ रहा था की इसी दौरान वार्ड के ही दिनेश सोनकर पहुंचकर इस पर अपना हक जमाने लगा देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी जिसमें एक पक्ष के दिनेश सोनकर 35 वर्ष वह दूसरे पक्ष के विशाल सोनकर 25 वर्ष करण सोनकर 17 वर्ष घायल हो गए घायल अवस्था में पुलिस ने एक पक्ष के दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच हड़ताल में जुटी है

चोरी का मोबाइल नगदी बरामद दो गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर। रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी डीडीयू के निर्देशन में जीआरपी डीडीयू पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्त औरंगजेब सिद्दीकी वह शिवम चौहान को गिरफ्तार किया गया।जिनके पास से पुलिस ने चोरी हुए दो मोबाइल फोन वह 3000 नगद बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्त ट्रेनों सहित रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करते थे।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

छुआछूत को समाप्त करने के लिए बनवासी लड़की से बनवाया राखी अंकित

सैयद राजा चंदौली। नवयुवक जन सेवा समिति के तत्वों में मानव सेवई धर्म के तहत भाई-बहन के अटूट प्यार रक्षाबंधन के पावन पद पर बागी में बनवासी लड़की से समिति के अध्यक्ष ने बनवाया राखी समिति के अध्यक्ष अंकित जायसवाल ने कहा कि जाति और धर्म के छुआछूत को समाप्त करने के लिए इंसानियत को जगाने के लिए हमने बनवासी क्षेत्र की एक मूसा की लड़की सलूजा को बहन बनाकर प्रत्येक वर्ष उसे राखी बनवाने का काम करते हैं वहां उपस्थित सारी लड़कियां से राखी बनाते हैं प्रत्येक व समाधि सहयोगी भी उन वनों से राखी बनवाकर यह वचन देते हैं उनको जब भी हमारी कोई जरूरत पड़ेगी तो हम लोग तन मन धन से उनकी पूरी सहायता करेंगे रक्षाबंधन कोई धार्मिक त्योहार नहीं है यह भाई और बांध का एक प्यार है जो उन्हें विश्वास दिलाता है कि उनके हर जरूरत पर भाई उनके साथ है रक्षाबंधन के पावन पदों पर वनवासी क्षेत्र के सारे बच्चों को मिठाईयां कपड़े टाफी नवयुवक जन सेवा समिति की तरफ से वितरण किया गया मुझे आशा और विश्वास है कि मैं बंद सरोज की आंख से तो शनि लाने का पूरी प्रयास करूंगा और जितना हो पाएगा उसकी हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा बताया कि वर्षों से मुसर बस्ती में जाकरसमिति के लोग कपड़ा कंबल वितरण करने का काम करते हैं और उनकी हर संभव मदद करने का प्रयास भी करते हैं जिससे इरफान अंसारी अमन बंटी इत्यादि लोग उपस्थित रहे

नीमा भवन निर्माण के लिए आलमपुर में जमीन रजिस्ट्री को लेकर 4 सितंबर को बैठक बुलाई गई

सकलडीहा चंदौली। क्षेत्र के नीमा के भवन निर्माण के लिए आलमपुर में जमीनी रजिस्ट्री के उपरांत 4 सितंबर को एक बैठक बुलाई गई इसमें संगठन की मजबूती के साथ चिकित्सकों के समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी उक्त बातें नीम के जिला अध्यक्ष डॉक्टर एस के यादव ने संगठन की बैठक के दौरान कही कहा कि नीमा संगठन चिकित्सकों सदस्यों के सहयोग से दिन प्रतिदिन अपने शिखर पर पहुंच रहा है अगर ऐसे ही सभी सदस्य हौसला बनाए रखें तो जल्द ही नीमा का अपना भवन तैयार होकर अस्तित्व में दिखेगा इसको लेकर 4 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे संगठन की एक आवश्यक बैठक होगी इसमें सभी सदस्यों के सक्षम पोषाध्याय डॉक्टर मृत्युंजय प्रसाद एवं उनके सहायक डॉक्टर दीपू सोनी द्वारा आए व्यस्त प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही जिन सदस्यों को रसीद दी गई है इसको भी साथ लेकर आना आवश्यक है ताकि सबके सहयोग का भी जानकारी सभी को हो सके इसके साथ चिकित्सकों की समस्याओं और सावधान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

बैठक | भ्रष्टाचार, लूट खसोट के विरोध में रैली सह धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया

नाला पीडब्ल्यूडी में भाकपा आंचल कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा। नाला पीडब्ल्यूडी परिसर में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी अंचल कमिटी की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड नदियानंद मंडल ने की। बैठक में मुख्य रूप से सीपीआई के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया मौजूद रहे। इस दौरान बाममोर्चा की ओर से 4 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष किसान, मजदूर,नौजवान की तमाम समस्या भ्रष्टाचार, लूट खसोट के विरोध में रैली सह धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सीपीआई के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि अभी जो सुखाड़ की स्थिति है वो चरम पर है। विगत दो साल से यहां खेती नहीं हुई। और इस परिस्थिति में लोगों के हाथ में काम नहीं है। और यहां के अजय बराज के लिए हमलोग लगातार आंदोलन करते जा रहे हैं । इसको हमलोग मुल ऐजेंडा भी बनाए हैं। इसके लिए बामपंथी संयुक्त मोर्चा की ओर से 4 सितंबर को उपायुक्त के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन सह रैली करने जा रहे है। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा जाएगा।मालूम हो कि मनरेगा में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, नौजवान को रिक्त पद पर बहाली करने सहित विभिन्न जनमुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावे भाकपा की ओर से 15 सितंबर को नाला प्रखंड कार्यालय के समक्ष रैली सह धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर कॉमरेड तुषार कांति मंडल, विमल कांति घोष, मिहिर मंडल,सोनहरी हेम्ब्रम, आयेन माजी,मदन मोहन मंडल, कालीपद राय, भोलानाथ पाल, मिठु राय,विशेश्वर मुर्मू,तपन राय,बापी मंडल, मंत्रीराम खां,हराधन मिर्धा,अशोक दास, जगबंधु पाल, दिपेन दास,सुशांत सोरेन, पिंटु मुर्मू,पूर्ण चंद्र खां सहित अन्य कॉमरेड मौजूद थे।

इनडोर स्टेडियम में त्रिदिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का हुआ शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के बैनर तले इनडोर स्टेडियम जामताड़ा में त्रिदिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन हुआ। जिसका भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। कबड्डी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त तीनदिवसीय रिफ्रेशर कोर्स 1 अगस्त से 3 अगस्त तक जामताड़ा के इंदौर स्टेडियम में चलेगा, इस कोर्स में राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कबड्डी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कोर्स में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच के जगमोहन सभी महिलाओं और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को कबड्डी खेलने के नई तकनीक व नए नियम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देंगे। झारखंड स्टेट टेक्निकल ऑफिशियल व कबड्डी कोच के रिफ्रेशर कोर्स में पुरे झारखंड राज्य से 85 पुरुष व 75 महिला खिलाड़ी व कोच हिस्सा लेंगे। भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के बैनर तले जामताड़ा के इंदौर स्टेडियम में तीन दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया है। इस कोर्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विख्यात कोच के द्वारा राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय कबड्डी खिलाड़ियों का नई तकनीक एवं नए नियम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी। इस तरह के कोर्स का जामताड़ा में आयोजन होना हम सबों के लिए बड़ा ही गौरवान्वित होने का विषय हैं। मुझे इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ, इसके लिए जामताड़ा कबड्डी एसोसिएशन को कोटि-कोटि आभार। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है इस कोर्स में सम्मिलित होने आए हमारे सभी ऊर्जावान महिला एवं पुरुष कबड्डी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे और साथ ही हमारे जामताड़ा जिले के सभी कबड्डी खिलाड़ी एक साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। श्री मंडल ने कहा कि मैं हमेशा से खेल को प्रोत्साहन देने के लिए अपने स्तर से विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाता रहता हूं और अपनी ओर से विभिन्न खेलों से जुड़े हुए खिलाड़ियों को हर संभव मदद पहुंचने का प्रयास करता रहता हूं। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड कबड्डी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी विपिन कुमार सिंह, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच के जगमोहन जामताड़ा कबड्डी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट मीरा मिश्रा जामताड़ा कबड्डी एसोसिएशन के सेक्रेटरी रोहित कुमार, अरविंद कुमार ओझा डीडी भंडारी सहित तमाम कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित थे।

पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर रूप से हुआ घायल

बड़हरिया सिवान संवाददाता। बड़हरिया थाना क्षेत्र के ज्ञानी मोड से सुंदरी जाने वाली बाईपास सड़क पर पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।विदित हो कि बड़हरिया थाना क्षेत्र के कलगढ़ दक्षिण पंचायत के मुसहरी गांव निवासी दूधनाथ राम के पुत्र संजय राम बताया जाता है।वही प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि ज्ञानी मोड़ से सिवान जाने वाली सड़क पर ज्ञानी मोड की ओर से आ रही पिकअप जैसे ही मलिक टोला गांव के पास पहुंची तो उसका टायर फट गया। जिससे पिकअप नियंत्रित होकर बाइक विपरीत दिशा से आ रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों ने घायल युवक को आनन फानन में इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरिया में लाया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सिवान सदर अस्पताल भेज दिया। गुठनी. गुठनी दरौली मुख्य मार्ग पर चकरी गांव के समीप सड़क किनारे मासूम खून से लथपथ हालत में मिला. जिसकी पहचान दरौली थाना क्षेत्र के डरैली मठिया गांव निवासी सतेन्द्र यादव का दस वर्षीय पुत्र कृष कुमार यादव के रूप में हुई. सड़क किनारे जा रहे राहगीरों ने उसे खून से लथपथ हालत में उसे पीएचसी पहुंचाया. जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ नीरज कुमार ने मेडिकल चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

परिजनो को इसकी जानकारी तब हुई जब उसके पिता बदहवास हालत में सड़क के किनारे खड़े बोलेरो के पास पहुंचा. जहां उसका छोटा भाई आशीष कुमार यादव बोलेरों में बैठा हुआ था. उसने रोते हुए अपने पिता को सारी बात बताई. जिसके बाद उसका पिता पीएचसी पहुंचा. और शव की शिनाख्त किया. सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों, राहगीरों, दुकानदारों, रिश्तेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी. मौके पर पहुंचे एसआई गणेश चौहान, एएसआई ललित कुमार यादव ने परिजनो से पूछताछ किया. दरौली थाना क्षेत्र के ड़रैली मठिया गांव निवासी सतेन्द्र यादव के पुत्र कृष कुमार की मौत के बाद परिजनो में हाहाकार मच गया. परिजनो का कहना है की मृतक अपने पिता के साथ गुठनी थाना क्षेत्र के कुडेसर अपने रिश्तेदार के घर राखी बंधवाने जा रहा था. उसकी मौत से माता रीता देवी उसे बार बार याद करके बेहोश हो जा रही थी. उसका छोटा भाई आशीष कुमार उसको देख कर बार बार पुकार रहा था. और बोल रहा था कि भैया उठ कर चल ना चलना है. जिसकी बात सुनकर आसपास के लोग रो पड़े. घटना के बाद पीएचसी पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सत्यदेव राम दरौली थाना क्षेत्र के ड़रैली मठिया गांव निवासी सतेन्द्र यादव के पुत्र कृष कुमार की मौत के बाद पीएचसी पहुंचे विधायक सत्यदेव राम ने ड्यूटी पर तैनात डॉ नीरज कुमार और परिजन से घटना की जानकारी लिया.

ख़ास ख़बर

पोषण को ले सेविकाओं ने किया जागरूक

हसनपुरा (सीवान) । सही पोषण, देश रोशन के तहत नपं व प्रखंड क्षेत्र के संबंधित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को कुपोषण दूर करने को लेकर विभिन्न माध्यमों से जानकारी दी गई। यह जागरूकता रैली प्रभारी सीडीपीओ उषा सिंह के निर्देश पर संबंधित सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जहां आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के साथ बच्चों ने अपने-अपने हाथ में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। वही महिला पर्यवेक्षिका कुमारी पुष्पा, नीलम सिंह, आशा कुमारी तथा निर्मला कुमारी ने बताया कि यह अभियान 1 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक चलेगा।

बीईओ ने एचएम के साथ की मासिक गुरुगोष्ठी

हसनपुरा(सीवान) । प्रखंड के सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के एचएम के साथ शुक्रवार को बीईओ डॉ. राजकुमारी ने बैठक की। जहां स्कूल से सम्बंधित वीएसएस खाते में जीओवी से सम्बन्धित राशि की उपयोगिता के बारे में अवगत होते हुए रिपोर्ट की मांग की। वहीं अनुपस्थिति विवरणी, एमडीएम सम्बंधित रिपोर्ट ली गयी। वहीं शनिवार को उर्दू विद्यालयों के एचएम के साथ बैठक की जानी है। इस अवसर पर एमडीएम साधन सेवी शमशुद्दीन आजाद, एचएम संजय यादव, प्रह्लाद राम, चन्द्रशेखर राम, मकसूद आलम, सुजीत कुमार, अशोक कुमार साह, अरुण कुमार दुबे, राजेश कुमार पाठक, रामबालक यादव, धनंजय पाठक, कल्पना कुमारी, रीना देवी, मंजू कुमारी, अशोक कुमार यादव, श्रीकांत राम, सुमित कुमार गुप्ता सहित सभी एचएम उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ प्रभात कुमार को प्रधान सचिव ने किया सम्मानित

बड़हरिया सिवान संवाददाता। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात कुमार को भव्य पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य हेतु बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग पटना में, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।प्रशस्ति पत्र से सम्मानित होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अनूप कुमार ,डॉ नौशाद आलम, डॉ विकास कुमार गुप्ता एवं सभी सहयोगी गौरांवित महसूस कर रहे हैं।

राखी मेकिंग व सावन महोत्सव धूमधाम से संपन्न

गुठनी सीवान । प्रखण्ड मुख्यालय स्थित द ज्ञान भैरव ग्लोबल स्कूल हरपुर में गुरुवार को राखी मेकिंग व सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया. विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सावन महोत्सव में भाग लेकर राखी एवं ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में भाग लिया. साथ ही नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा रंग बिरंगे छाते के साथ अंब्रेला डांस प्रस्तुत किया गया. जिसमें कक्षा बाल बिहार के बच्चों ने हिस्सा लिया. वहीं रक्षाबंधन के इस पावन पर्व के उपलक्ष पर बच्चों ने कक्षावार राखी बनाई व अपने अपने राखी द्वारा अपने मन के भावों को उकेरने का सफल प्रयास किया. इस प्रतियोगिता के बाद प्रभारी प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी के देख रेख में एक निर्णायक टीम गठित कर सभी कक्षा के प्रतिभागियों की राखियों का अवलोकन कर उनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली राखियों को पुरस्कृत किया गया. जिसमे वर्ग एक रामानुजन से प्रथम स्थान अदिति कुमारी यादव, द्वितीय स्थान प्राप्ति शर्मा व अंश सिंह व तृतीय स्थान पर अंश व श्रीराम पाण्डेय रहे ऐसे हीं सभी वर्गों से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर दीक्षा कुमारी, अनन्या तिवारी, नंदनी यादव, गुड़िया यादव सहित दर्जनों बच्चों ने अपना स्थान कायम किया और सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया.

नवोदय विद्यालय के रात्रि प्रहरी को जान से मारने की कोशिश

सिवान । जिले के प्रसिद्ध नवोदय विद्यालय के रात्रि प्रहरी को जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है इस संबंध में बताया जा रहा है कि रात्रि प्रहरी रात के 10:00 बजे अपने ड्यूटी पर आ रहा था तभी विद्यालय के बाउंड्री के आसपास लगे इसमें केयर टाइप लोगों ने उसे पर हमला बोल दिया चाकू से वार करने लगे जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया बाद में मामले की सूचना पाकर मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा रात्रि प्रहरी को सिवान सदर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया इस संबंध में बातचीत करते हुए नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि रात्रि में कर उचक्कों के वजह से बच्चों को खतरा है वही शांति व्यवस्था को लेकर यहां पुलिस की गस्ती गाड़ी की आवश्यकता आन पड़ती है बताते

चलें कि सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं सिवान नवोदय विद्यालय में के हॉस्टल में रहती हैं वहीं आसपास चूरू चक्की यहां रात भर घूमते रहते हैं स्थानीय लोगों की माने तो बायपास रोड में हमेशा चिंताई पॉकेट मेरी जैसी घटनाएं घटती रहती हैं जिसको लेकर कई बार थाने की गस्ती की गाड़ी तथा पुलिस टिकट बनाए जाने की मांग की गई पुलिस के नहीं रहने तथा पुलिस का ध्यान इधर नहीं रहने के कारण कर उचेकों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है।

बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव के मां का देहांत शोक व्यक्त करने वालों का तांता

सीवान संवाददाता। आज शुक्रवार को बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव रामप्रवेश सिंह के मां का देहांत हो गया। जिनके खबर को सुनकर सिवान जिला के शिक्षक संघ के तमाम सदस्यों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला प्रवक्ता राज कपूर टीपू ने कहा कि ईश्वर उनके आत्मा को शांति दे तथा स्वर्ग में ऊंचा से ऊंचा स्थान दे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रामेश्वर पाठक, कार्य कारी अध्यक्ष पंचानन मिश्र, कार्य कारी प्रधान सचिव विश्वमोहन कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष फनिन्दर मोहश सिन्हा, विक्रमा पंडित, अशोक कुमार सिंह,विनय शंकर सिह,सुदामा मांझी, शिव सागर सिंह समेत सभी 19परखंडो के सचिव और अध्यक्ष व सैकड़ों शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि निवेदित की।

सीवान डीएम ने की बैठक

सीवान संवाददाता। राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन हेतु आज दिनांक 01/09/2023 को समाहरणालय सभागार, सिवान में बैठक की गई। जिसमे अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिवान, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिवान, प्रभारी पदाधिकारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहें।

पोल खोल अभियान का हुआ शुभारंभ

सीवान संवाददाता। जनता दल (यूनाईटेड) 1 सितंबर से लेकर 20 सितंबर तक राज्य में केंद्र की बीजेपी सरकार के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाएगी इसका शुभारंभ आज जिला जनता दल यूनाइटेड सिवान द्वारा जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह के नेतृत्व में मशाल जुलूस के माध्यम से मशाल जुलूस शहर के जैन स्वीट्स से जे0 पी0 चौक निकाल कर किया गया इस अभियान का मकसद केंद्र की बीजेपी सरकार के अनुसूचित जाति / पिछडा / अति पिछड़ा एवं अन्य कमजोर वर्ग विरोधी चेहरे को उजागर करना है। इसको लेकर वैसे तमाम मुद्दों को जनता के बीच ले जाने की कोशिश है जिसका कि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सीधा प्रभाव जनता पर पड़ता है। जिलाध्यक्ष ने पोल खोल अभियान के दौरान उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण बिंदु को रखा क्या बीजेपी की आनुषंगिक संस्था यूथ फॉर इक्वलिटी और एक सोच एक प्रयास आरएसएस और बीजेपी से नहीं जुड़ी है? यूथ फॉर इक्वालिटी की वेबसाइट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर आखिर क्यों लगी है? क्या ये

सच नहीं है कि बीजेपी ने जिस यूथ फॉर इक्वालिटी और एक सोच एक प्रयास, जो आरक्षण विरोधी संस्था है उसकी मदद से जाति आधारित गणना रुकवाने की कोशिश की। क्या उस संस्था से जुड़े प्रोफेसर संगीत रागी और प्रोफेसर मक्खन लाल से बीजेपी और आरएसएस के गहरे संबंध नहीं है? अगर बीजेपी जाति आधारित गणना की पक्षधर है तो उसकी तरफ से सॉलिसिटर जनरल का सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होना और अपना मंतव्य देना क्या उजागर करता है? बीजेपी अगर जाति आधारित गणना की पक्षधर है तो उसने सुप्रीम कोर्ट में पहले हलफनामा दाखिल कर यह तर्क दिया कि जनगणना कराने का राज्यों को कोई अधिकार नहीं है फिर बाद में दूसरा हलफनामा दायर कर उसने राज्यों में जाति आधारित सर्वे कराने को लेकर अपनी अनापत्ति जाहिर की। बीजेपी ये खुलासा करे कि जिस यूथ फॉर इक्वालिटी ने 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण का विरोध किया, अगड़ी जातियों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का विरोध किया, उसका भारतीय जनता पार्टी से क्या संबंध है? जब पटना हाईकोर्ट ने स्पष्ट तौर पर यह कह दिया की जातीय सर्वे कराने का अधिकार राज्य सरकार को है, तो ऐसे में क्या बीजेपी अपनी सहयोगी संगठन की अपरोक्ष मदद से सुप्रीम कोर्ट में जाति आधारित गणना को रुकवाने की कोशिश नहीं कर रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जद (यू) सीवान यह सवाल पूछना चाहती है कि जैसे वो कपड़े बदलते हैं उसी तरीके से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में पेश हलफनामे में दो बार बदलाव क्यों किया? सुप्रीम कोर्ट में बिना किसी नोटिस के केंद्र सरकार के सॉलिसीटर जनरल का पेश होना ये साबित करता है कि बीजेपी जाति आधारित गणना में पेंच लगाने की कोशिश कर रही है? सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी ना तो जाति सर्वे का विरोध कर रही है और ना ही वो इसके पक्ष में खड़ी है तो बीजेपी बताए कि इससे उसका कौन सा रुख दिखता है? क्या ये सच नहीं है कि जाति आधारित गणना में जुटाए गए साक्ष्यों से भारतीय जनता पार्टी घबरा गई है? बीजेपी को यह पता है कि इन आंकड़ों से उनकी कलई खुल जाएगी? जाति आधारित गणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर प्रधानमंत्री की तरफ से मार्केटिंग किए जाने वाली कुछ योजनाओं की हकीकत जानने में भी आसानी होगी?

उपचार | सोमवार और शुक्रवार को पेपरलेस ट्रीटमेंट की शुरुआत की गई है

अस्पतालों में एप्प के माध्यम से हो रहा उपचार

रघुनाथपुर, सीवान । स्वास्थ्य विभाग अब पेपरलेस ट्रीटमेंट की तरफ कदम आगे बढ़ रहा है। जिसमे मरीजों को पेपर रखने या कोई जांच रिपोर्ट गुम हो जाने की समस्या से निजात मिल सकेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक एप्प विकसित किया गया है जिसका नाम bhavya app दिया गया है। स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया कि इस एप्प के माध्यम से मरीज को किसी भी प्रकार के पेपर लाने या ले जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रत्येक मरीज का एक आईडी जेनरेट होगा उसी आईडी के जरिए मरीज के बीमारी और जांच से संबंधित जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया की विभागीय निर्देश से जोर शोर से इस पर कम हो रहा है। 1 सितंबर से प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को पेपरलेस ट्रीटमेंट की शुरुआत की गई है जिसमे मरीजों का पंजीकरण से लेकर दवा वितरण तक के कार्य शामिल होंगे। इस व्यवस्था के तहत शुक्रवार को पहले दिन 211 मरीजो का उपचार bhavya एप्प के जरिए किया गया। उन्होंने बताया की रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल में कार्यरत डॉ० दीपक इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी हो चुके है। बताया जा रहा है कि जहां ओपीडी में मरीजों की संख्या ज्यादा है और चिकित्सकों की संख्या कम हो वहा इस व्यवस्था के आधार पर काम कर पाना चुनौती भरा कार्य है। क्योंकि इसके लिए चिकित्सकों को समय ज्यादा लग रहा है और रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल में ओपीडी में औसतन मरीजों की संख्या 250 रहती है। चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी रहती है। संसाधन चाहे इंटरनेट कनेक्टिविटी की हो या चिकित्सकों की तैनाती की। ऐसे में यह व्यवस्था काफी चुनौती भरा है। बता दे की रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल में सिर्फ दो ही एमबीबीएस डॉक्टर है चिकित्सा प्रभारी डॉ० संजीव कुमार सिंह और डॉक्टर इरशाद। हालांकि इस व्यवस्था को समझने वाले लोगो का मानना है कि शुरुआती दौर में कुछ परेशानियां होनी स्वाभाविक है क्योंकि गांव देहात में लोग इस स्तर के सक्रिय लोग कम ही होंगे।

> स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद अलाउद्दीन ने बताया कि इस एप्प के माध्यम से मरीज को किसी भी प्रकार के पेपर लाने या ले जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रत्येक मरीज का एक आईडी जेनरेट होगा उसी आईडी के जरिए मरीज के बीमारी और जांच से संबंधित जानकारी मिल सकेगी।

रेलखंड पर मैरवा थाना क्षेत्र के नरहिया ढाला के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव मिला है

मृतका उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के बनकटा थाना अंतर्गत भटवलिया गांव निवासी 21 वर्षीय युवती है।मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है की गांव के कुछ मनचलों ने मई के माह में मृतका और उसके छोटी बहन के साथ छेड़खानी किया था। जब इनदोनो ने इसका विरोध किया तो दोनो के साथ मारपीट भी किया गया। इस संबंध में बनकटा थाने में पीड़िता के मां ने आवेदन देकर गांव के ही विजय कुमार(38) विजय के पुत्र सतीश कुमार(18), इसके पिता बेचू प्रसाद(60), पड़ोसी जवाहर लाल(40), रानू कुमार(25) चंदन कुमार(18) और अभय राज(30) को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया था।

इस संबंध में गुरुवार को देवरिया कोर्ट द्वारा विजय, चंदन, अभय और सतीश के विरुद्ध कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। मृतका की मां ने आरोप लगाया की आज शुक्रवार को सभी लोग घर में सोए थे। इसी दौरान सुबह करीब 4 बजे सभी

आरोपियों ने घर में घुसकर मृतका को घर से बाहर खींच ले गए और घर में मुख्य दरवाजे पर बाहर से बंद कर दिया। परिजन जब सुबह जागे तो देखा की उनकी बेटी गायब है। काफी खोजबीन किया जब तक उन्हें जानकारी मिली की एक शव नरहीया ढाला के समीप पड़ा है। परिजनों ने शव का शिनाख्त किया। परिजनों ने आरोप लगाया है की उनके बेटी की गांव के ही विजय कुमार, विजय के पुत्र सतीश कुमार, इसके पिता बेचू प्रसाद, पड़ोसी जवाहर लाल, रानू कुमारी, चंदन कुमार और अभय राज(30) हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को सीवान रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। सूचना पर पहुंची मैरवा थाना की पुलिस शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल में भेज दिया है। इस संबंध में मैरवा थाना अध्यक्ष ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए सिवान भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद यह जानकारी लगेगी की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हुई है या हत्या कर शो को फेंक दिया गया है।

ख़ास ख़बर

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रेम व स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जनपद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ बहन-भाई के अमर प्रेम व स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन मनाया गया।हर घर में बहनों व भाइयों में रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह दिखा।आम दिनों में सुबह उठाने के लिए आलस दिखाने वाले छोटे - छोटे बच्चे राखी बंधवाने के लिए जल्दी उठ गए और सुबह से ही नहाकर नए कपड़े पहनकर तैयार हो गए। उनमें उत्सुकता इतनी थी कि कब उनकी बहन आयेगी और उनके राखी बंधेगी।छोटे-छोटे बच्चे इस दिन का बेसब्री से इंतजार किया करते हैं। इसके साथ ही नवविवाहित महिलाएं,युवतियां आकर्षक परिधानों में सज संवरकर रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर रोली,अक्षत,चंदन का बहनों ने भाई के माथे पर पहले तिलक किया। फिर उनकी कलाई पर(रक्षा सूत्र)राखी बांधकर व मुंह मीठा करवाते हुए ईश्वर से अपने भाई की लंबी उम्र व सुख समृद्धि, खुशहाली और तरक्की की कामना की।इस पर्व पर भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा का वचन दिया। सुबह से ही राखी बंधवाने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। राखी मुहूर्त के संशय को लेकर कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को ही रक्षाबंधन मनाया गया। भाइयों के घर जाने के लिए नवविवाहित महिलाओं में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में राखी की दुकान एवं मिठाई की दुकानों पर सुबह से ग्राहकों का तांता लगा रहा।रक्षाबधन त्योहार की अगर बात करें तो भाइयों व बहनों के चहरे पर राखी का खुमार देखने लायक था क्यों कि राखी का पर्व प्रेम स्नेह का प्रतीक माना जाता है।

बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधी राखी तो भाईयो ने बहन की सुरक्षा का लिया संकल्प

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर (बिहार) । बिहार रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी तो भाइयों ने बहन की सुरक्षा का लिया संकल्प बिहार सरकार के द्वारा सौतेलेपन की व्यवहार करते हुए, रक्षाबंधन के अवसर पर दी जाने वाली छुट्टियां रद्द कर दिया गया फिर भी त्योंहार की दिखी खुशियां। आपको बताते चलें कि श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन सनातन धर्म के पर्व त्योहारों में प्रमुख माना जाता है। जिसमें बहन के द्वारा भाई की कलाई पर रक्षा बांधते हुए विजय की कामना किया जाता है तो वही भाई के द्वारा बहन की सुरक्षा का संकल्प लिया जाता है। पर इस वर्ष बिहार सरकार द्वारा सनातन धर्म के साथ सौतेलेपन को अपनाते हुए कई पर्व त्योहारों पर छुट्टियां रद्द करने का निर्देश जारी किया गया है। फिर भी भाई बहन का प्यार देखने को मिला। सरकारी कार्यालय और विद्यालयों में कलाई पर राखी बांधे लोग प्रफुल्लित दिखाइ दिए। ग्रामीण इलाकों में भाई बहन के यहां तो बहन भाई के यहां अपने अपने निजी साधनों से जाते हुए देखें गए।निर्विवाद रूप से यही एक ऐसा रिश्ता है जिसकी बुनियाद स्वार्थ पर नहीं टिकी है। कोई बहन अपने भाई का कभी भी अहित नहीं चाहती, और न ही कोई भाई कभी अपनी बहन को असुरक्षित देख सकता है। एक आदर्श भाई के रूप में योगेश्वर कृष्णा ने पांचाली द्रोपती की लाज बचाई थी। द्रोपति के पांचों पति चीर हरण के समय सिर झुकाये बैठे थे और पूरी हस्तिनापुर मौन थी, लेकिन भाई के रूप में श्री कृष्णा ने द्रोपति की लज्जा बचाई । आज वर्तमान युग में हम सबको भगवान श्री कृष्ण से सीखने लेने की आवश्यकता है।भारत भूमि पर यदि किसी भी बेटी बहन के साथ अन्याय अत्याचार हो रहा हो और आप वहां मौन है तो आप कृष्ण की भूमिका में नहीं हैं। आप उस समय भीष्म और धृतराष्ट्र व कर्ण की भूमिका में ही गिने जाएंगे। बतादे की अंत समय में भीष्म, कर्ण और धृतराष्ट्र का क्या हश्र हुआ यह हमसे आपसे छुपा हुआ नहीं है। जब तक हम आप ऐसी कथाओं को आत्मसात नहीं करेंगे, जब तक उन तथ्यों और उन विचारों के अनुसार जीवन जीने की कला नहीं सीखेंगें, तब तक राम और कृष्ण का वंशज खुद को कहना हम सबका खोखला दावा होगा।आइए इस राखी पावन पर्व पर यह संकल्प लें कि देश की किसी भी बेटी बहन के साथ अगर अत्याचार हो रहा हो, तो वहां कृष्ण की भूमिका में रहेंगे धृतराष्ट्र, भीष्म और कर्ण की भूमिका में नही।

अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ पैदल मार्च कर की नारेबाजी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। हापुड़ में धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में राज्य विधिक परिषद उ.प्र . के आवाहन पर रुदौली के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को पैदल मार्च कर पुलिस विरोधी नारेबाजी की । इसके बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम रुदौली व तहसीलदार को सौंप कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की । आंदोलित अधिवक्ता एक दिवसीय न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना पर विरोध जताया ।मांग पत्र में प्रमुख रूप से हापुड़ में पुलिस क्षेत्राधिकारी को बर्खास्तगी की मांग तथा धरना कर्मियों अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक की गई लाठी चार्ज में शामिल पुलिस के दोषी अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही की मांग हुई । घायल अधिवक्ताओं को उपचार हेतु आर्थिक सहायता

उपलब्ध कराया जाय व प्रशासनिक अधिकारियों का हापुड़ जनपद से स्थांतरण कराए जाने की मांग की। इस मौके पर तहसीलदार रुदौली राजेश कुमार वर्मा,बार अध्यक्ष हरिनारायण यादव,महामंत्री सन्तोष कुमार पाण्डेय ,साहब सरन वर्मा, प्रमोद ,अजय,राम रतन, चौधरी अजीमुद्दीन, मो फहीम, नन्द किशोर , बल देव, अब्दुल हई, अफसर रजा, शाह अदनान सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। एसडीएम श्री सिंह ने भी घटना की निंदा की तथा उन्होंने बताया कि मांग पत्र मिला है उचित माध्यम से इसे शासन को भेजा जाएगा। वही मिल्कीपुर में भी हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश है मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी आज जारी रहा। बार एसोसिएशन तहसील मिल्कीपुर के अध्यक्ष पवन शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। 29 अगस्त को हापुड़ में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक महिला व पुरुष अधिवक्ताओं पर अकारण लाठी चार्ज किया गया इसके बाद से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तथा बीते 30 अगस्त को अधिवक्ता मनोज चौधरी गाजियाबाद तहसील परिसर में अपने चेंबर में दोपहर में खाना खा रहे थे उसी वक्त अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता मनोज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

एस एस बी 45 वी वाहिनी के जवानों को छात्राओं नें बांधी राखि

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल। जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस. एस. बी. कैंप 45 वीं बटालियन बीरपुर के परिसर में दिनांक 31.08.2023 को रक्षा बंधन के त्योहार का आयोजन किया गया इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय सक्सेस एजुकेशन एकेडमी बीरपुर से आये छात्राओं ने सभी जवानों कि कलाई पर प्रेम, हौसले व ताकत की डोर के रूप में राखी बांधी तथा सभी मौजूद बल कर्मियों द्वारा बहनों को भिन्न प्रकार के उपहारों से सम्मानित किया । कार्यक्रम के दौरान वाहिनीं के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं को उनके भविष्य की उज्ज्वल कामना करते हुए रक्षा बंधन त्योहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा SSB के कार्य प्रणाली से भी अवगत कराया ।

गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज एवं लिफ्ट किया उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम,मधुपुर/देवघर । मधुपुर और मथुरापुर स्टेशन पर बने नवनिर्मित फूट ओवर ब्रिज और दो लिफ्ट का उद्घाटन शुक्रवार को गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने किया । मौके पर संसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे में अभूतपूर्व काम हुआ है । अमृत भारत योजना के ' तहत मधुपुर स्टेशन को विकसित किया जा रहा है । कहा की मधुपुर का इतिहास है । यहां की धरती पर महात्मा गांधीजी का आगमन हुआ है । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आवास भी मधुपुर में था । रविंद्र नाथ टैगोर का भी यहां से काफी लगाव था । उन्होंने कहा कि ईश्वर चंद्र विद्यासागर बीस साल तक करमाटांड़ में जीवन बिताया। जो इसी रेलखंड में विद्यासागर के नाम से स्टेशन जाना जाता है । मधुपुर शहर की पहचान रेलवे के नाम से है । मधुपुर की गरिमा को बचाने की जरूरत है ।

भाजपा को अंडर ग्राउंड एजेंट के रूप में तुष्टिकरण की राजनीति के लिए फील्ड तैयार कर दे रहे हैं केके पाठक

किशनगंज । 1 सितंबर (अली रेजा सिद्दिकी)बिहार सरकार के शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव केके पाठक लगातार पत्रबाज़ अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अचानक से पाठक द्वारा बिहार में शिक्षकों को दिए जाने वाले रक्षाबंधन, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा जैसे विभिन्न महत्त्वपूर्ण धार्मिक भावनाओं से जुड़े त्योहारों के छुट्टियों में कटौतियां किए जाने से पुरे बिहार में आक्रोश का माहौल है। जहां भाजपा द्वारा महागठबंधन सरकार पर हिन्दू धर्म के आस्था से खिलवाड़ कर हिन्दू त्योहारों पर छुट्टी रद्द करने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य इन्तेखाब आलम ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनपर एनडीए के लिए सेक्रेट एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। इन्तेखाब आलम ने कहा कि भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए से जनता परेशान है और पूरे भारत

में परिवर्तन की लहर है इंडिया का पलड़ा भारी है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक लोकसभा चुनाव को देखते हुए जानबूझकर धार्मिक भावनाओं के विपरित पवित्र त्योहारों के छुट्टियों को रद्द कर भाजपा के एजेंट के रूप में भाजपा को तुष्टिकरण की राजनीति करने के लिए मैदान तैयार कर दे रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से एनडीए गठबंधन को फायदा पहुंचाने का साजिश रच रहे हैं। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि जहां एक तरफ मुंबई में महागठबंधन द्वारा जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारों के साथ एनडीए को परास्त करने की तैयारी चल रही है वहीं बिहार में केके पाठक जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार के उलजलूल हरक़त से इंडिया गठबंधन की क्षवि ख़राब करने की कोशिश की जा रही है माननीय मुख्यमंत्री नितीश कुमार जी को तुरंत इस मामले पर संज्ञान लेते हुए इस एनडीए के एजेंट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए छुट्टी रद्द करने संबंधित आदेश को निरस्त कर देना चाहिए। श्री इन्तेखाब आलम ने कहा कि अगर टेक्निकल तौर पर भी देखें तो शिक्षकों और स्कूली बच्चों को साल में 60 दिन का अवकाश बिहार शिक्षा संहिता सेवा के आधार पर कानून के तहत मिलता आ रहा है। गौर करने की बात है वर्तमान में जो बिहार सरकार के द्वारा संशोधित अवकाश पत्र निकाला गया है उसमें इस बात की चर्चा भी है कि शिक्षा अधिकार कानून के तहत साल में 200 से 220 दिन प्रारंभिक स्कूलों में अध्ययन अध्यापन के लिए खोलना है।

अमावां व सराय खरगी ग्राम पंचायत में जन चौपाल का हुआ आयोजन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, बीकापुर-अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के अमावा और सराय खरगी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अमावा में ग्राम चौपाल की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद मोबीन ने किया। मौके पर मौजूद खंड विकास अधिकारी रषेश गुप्ता एवं एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडे द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। चौपाल में 7 ग्रामीणों द्वारा आवास चक मार्ग की पिटाई पेंशन और नाली निर्माण से संबंधित शिकायत की गई। खंड विकास अधिकारी रषेश गुप्ता द्वारा मनरेगा योजना के तहत किसानों को निशुल्क अपने खेत के समतलीकरण और मेड बंदी कराए जाने की जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। और निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल के बाद खंड विकास अधिकारी द्वारा गांव में निर्माण कराए गए प्रधानमंत्री आवासों का भी स्थलीय सत्यापन किया गया। गांव निवासी अंजू यादव का प्रधानमंत्री आवास प्लास्टर ना होने पर नाराजगी जताई और प्लास्टर करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत में प्रस्तावित अपूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। । जबकि सराय खरगी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि उमेश पाठक उर्फ गुड्डू पाठक द्वारा की गई। ग्राम चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा मनरेगा से निर्माण कराए जा रहे अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया।

बेबस शिक्षामित्र आगामी 3 सितंबर को संसद से मिलकर देंगे ज्ञापन पत्र

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जैसा कि विदित हो कि लोकसभा चुनाव सन्निकट है। हमारे साथी लगभग प्रतिदिन काल के गाल में समा रहे हैं। हम सभी अनवरत संघर्षशील हैं, कहीं ना कहीं से प्रत्यक्ष या परोक्ष हमारे ही बीच के या बाहर के लोग निर्णायक संघर्ष घोषित होने पर अचानक विघ्न बाधा डालने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। जिस वजह से विगत 7 वर्षों से हम कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। उइस बार प्रांतीय संगठन के दिशा निर्देश पर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर जनपद अयोध्या में आगामी 3 सितंबर को सहादतगंज हनुमान मंदिर पर शत प्रतिशत विशेष कर महिलाएं संख्या में प्रातः 10 बजे तक प्रत्येक दशा में उपस्थित होकर सांसद लल्लू सिंह के आवास तक तिरंगा यात्रा में शामिल होना है और उन्हें अपनी पीड़ा का ज्ञापन पत्र प्रधानमंत्री को संबोधित प्रदान कर आगामी 9 अक्टूबर को राजधानी लखनऊ में होने वाले विशाल कार्यक्रम में आमंत्रित भी करना है। दूरी केवल 1 किलोमीटर के अंदर ही है। उपरोक्त बातें संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव के माध्यम से मीडिया को बताई। यह आपके मान-सम्मान स्वाभिमान एवं वेतनमान की खुद की लड़ाई है। बगल उत्तराखंड राज्य में भाजपा सरकार ने साथ ही भर्ती हुए शिक्षामित्र को स्थाई कर दिया है। हमारा काम शिक्षण कार्य है और हमारी समस्या अपने स्थाईकरण को लेकर है।

सकुशल संपन्न हुआ कोटेदार का चुनाव

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ,महबूबगंज अयोध्या। ग्राम सभा उनियार बाजार में कोटेदार का चुनाव शकुशल संपन्न हुआ जिसका परिणाम भी घोषित हो गया है दीपक पुत्र रामनिहाल 05 वोट, पवन सोनी पुत्र स्व0 शिवप्रसाद सोनी 221 वोट मिले। वहीं मिथिलेश सिंह पत्नी रणजीत (चिंटू) सिंह 299 वोट प्राप्त कर विरोधियों को पस्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार सोनी, एडीओ पंचायत संतोष कुमार तिवारी, सिक्रेटरी राजाराम, लवकुश यादव, संपूर्णा, इस्पेक्टर गोशाईगंज, ईश्र नारायण मिश्रा, चौकी इंचार्ज महबूबगंज मुनिमन रंजन दूबे, एस आई कमलेश, हेड कांस्टेबल जगत यादव, राजेंद्र यादव, अभिषेक यादव, कांस्टेबल रमाकांत, जगदीश सहित आदि लोग उपस्थित रहे और नवनिर्वाचित कोटेदार मिथिलेश सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। मिथिलेश सिंह ने अपनी जीत का संपूर्ण श्रेय सम्मानित ग्रामवासियों को दिया उन्होंने कहा कि यदि हमारी सम्मानित जनता ने हमें यह अमूल्य अवसर प्रदान किया है तो मैं अपने कार्यकाल के दौरान ग्रामवासियों को कोई भी परेशानी का सामना ना करना पड़े इस हेतु उनके प्रति पूरी निष्पक्षता व पूर्ण निष्ठा से समर्पित रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन करूँगी।

गौशाला के निरीक्षण में मिली अव्यवस्था, अपर निदेशक ने दी नोटिस दाना व हरा चारा न देने पर जताई नाराजगी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या । गौशाला के निरीक्षण में मिली अव्यवस्था, अपर निदेशक ने दी नोटिस दाना व हरा चारा न देने पर जताई नाराजगी अयोध्या। अपर निदेशक ने गुरुवार को क्षेत्र में स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्थाएं मिलने पर नाराजगी जाहिर की। तालढोली गोशाला में गोवंशो को हरा चारा व दाना न दिए जाने और विगत छः माह से केयर टेकर को पारिश्रमिक न मिलने में पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की । गौशाला से संबंधित अभिलेख मांगने पर केयरटेकर ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी ले गये हैं। अव्यवस्था से नाराज अपर निदेशक ने सीवीओ, वीओ, बीडीओ, नोटिस केयरटेकर को रिसीव कराई।

परियोजना आपत्ति एवं समस्याओं का निराकरण करते हुए मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

रैयतों को अनावश्यक कार्यालय नहीं दौड़ाएं, ससमय मुआवजा का भुगतान करे

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल ,जामताड़ा । शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला भू अर्जन विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा भू अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि की विवरणी, कुल परियोजना, भू अर्जन पूर्ण परियोजना, भुगतान की जा रही परियोजना, बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया गया। बैठक में समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 16 परियोजना संचालित हैं जिसमें सभी परियोजना की राशि प्राप्त है। सभी परियोजनाओं में कुल 9709 रैयत प्रभावित हुए हैं, जिसमें से 4774 रैयतों का मुआवजा भुगतान हो चुका है, जबकि शेष प्रभावित 4935 रैयतों के मुआवजा भुगतान की कार्रवाई

की जा रही है। विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा क्रम में उन्होंने एडीबी संपोषित गोविंदपुर साहेबगंज पथ परियोजना में हाईकोर्ट में लंबित 07 मामले, मुआवजा भुगतान हेतु वांछित कागजात अप्राप्त 118 मामलों सहित वंशावली प्रमाण पत्र अप्राप्त 43 एवं नावल्ड मृत 05 मामलों की समीक्षा करते हुए मुआवजा भुगतान में हो रहे विलंब के कारण की पृच्छा की। उन्होंने कागजात अप्राप्त सभी 118 रैयतों को सूचना देने एवं उन्हें बुलाकर जो दस्तावेज अप्राप्त हैं उसकी सूची बनाकर उन्हें दें ताकि उन्हें ससमय मुआवजा राशि मिल सके।उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने नारायणपुर, जामताड़ा एवं फतेहपुर के नावल्द (जिनके बच्चे नहीं हैं) रैयतों का समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी को उनके अधिकार से वंचित नहीं रखें। भू अर्जन एवं इससे संबंधित सभी कार्य को नियमानुसार पूर्ण करें। वहीं उन्होंने लंबित परियोजनाएं ससमय पूर्ण हों इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं इसके अलावा जामताड़ा करमाटांड़ लहरजोरी पथ परियोजना में कुल 36 मौजो के 4081 रैयतों में से 1505 रैयत का भुगतान हुआ है। उपायुक्त ने मुआवजा भुगतान के संदर्भ में सभी लंबित रैयतों को लेकर जानकारी ली एवं आपत्ति एवं समस्याओं का निराकरण करते हुए मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा इसके अलावे बेवा बाईपास पथ परियोजना, जामताड़ा जेल रोड पथ परियोजना, (आरओबी) जामताड़ा कंबाइंड बिल्डिंग पथ परियोजना, जामताड़ा तिलाबाद से लादना डैम, विद्यासागर लोहारंगी एवं नारायणपुर करमदहा पथ सहित नारायणपुर पथ एवं तरनी चिरुडीह पबिया पथ परियोजना की समीक्षा की गई।

इंडिया गठबंधन की विशेष बैठक आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर , प्रेम रंजन झा,देवघर । "इंडिया" गठबंधन के घटक दलों के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने स्वागत भाषण देकर बैठक की सारी विषयों को रखा। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता एवं देवघर विधानसभा के विधायक प्रभारी प्रदीप यादव ने सर्व प्रथम सारे उपस्थित सदस्यों की समस्याओं को सुना तथा कहा कि आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह है कि राज्य सरकार जो जनहित में काम कर रही है,उसका जमीनी हकीकत जानने के लिए कार्यकर्ताओं से रुबरु होना है। सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभ लेने में कहीं कोई वंचित ना रहे। जमीन पर पाए समस्याओं को सरकार तक फीडबैक दिया जाना है,ताकि उसका निदान हो सके। समस्याओं में खासकर केन्द्र सरकार द्वारा पौषण सखी को हटाने, देवघर एम्स में स्थानीय को नौकरी नहीं मिलने,मनरेगा में फंड कटौती एवं अफसरशाही,प्रधानमंत्री आवास का फंड बंद करना आदि दर्जनों ऐसी समस्याओं को संकलित किया गया। इन सारी विषयों को लेकर आज के बैठक में इंडिया गठबंधन के घटक दलों को भी आमंत्रित किया गया है। अब हम सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आगे की रणनीति पर चलना होगा। इंडिया गठबंधन को देखते ही नरेंद्र मोदी एवं पुरी टीम का पांव थरथराने और दम फूलने लगा है। पुरे हिन्दुस्तान में इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से लड़ेंगी। अब जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। जनता के मिजाज ने बता

दिया है कि अगला साल लालकिला पर इंडिया गठबंधन ही तिरंगा फहराएंगा। जीत की कड़ी को जोड़ने के लिए गोड्डा लोक सभा भी हमलोग भारी मतों से जीतेंगें। उम्मीदवार कोई हो, जो भी लड़े इंडिया गठबंधन ही जीतेगी। कांग्रेस के सांगठनिक विधानसभा प्रभारी वैभव सिन्हा ने कहा कि पुरे देश में भय और नफरत का माहौल है। यहां कोई लोग सुरक्षित नहीं है। ये लोग संविधान बदने का षड्यंत्र किया कर रहे हैं । इसलिए अब देश वासियों को भ्रम से मुक्त होना एवं जगना भी है और 2024 में ऐसी सरकार को हटाना है। भाकपा माले के केन्द्रीय सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य गीता मंडल ने कहा कि देश को संविधान से नहीं तानशाही से चलाई जा रही है। मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है। धर्म के नाम पर जाति हिंसा फैलाकर लड़ाने का काम किया जा रहा है। महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार इस सरकार में बढ़ गई है। ऐसे सरकार को सबक सिखाने के लिए 2024 में इंडिया गठबंधन तैयार हो चुकी है। हमें संकल्प लेकर मैदान में उतर जाना है। जदयू जिलाध्यक्ष सतीश दास ने कहा कि देश को नरेंद्र मोदी के लुटेरे और देश विक्रेता केन्द्र सरकार को हटाने के लिए नीतीश कुमार ने जो मुहिम छेड़ा आज पुरी तरह से सफल हो रही और मोदी सरकार इस मुहिम से डर चुकी है। सीपीआई के जिला सचिव अर्जुन यादव ने देश की वर्तमान हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गरीब ,मजदूर,नौजवान और किसान को केन्द्र सरकार दिवा स्वप्न दिखा कर छला है। इस बार हमने ठाना है और भाजपा मुक्त देश बनाना है। बैठक में कांग्रेस जिला सचिव राजेंद्र दास, नागेश्वर सिंह,नगर अध्यक्ष रवि केसरी, जिला पदाधिकारी जियाउल हसन, प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, सुधीर देव, शैलैश मालवीय, सुजीत झा, कुमार विनायक,मकशूद आलम, चमेली देवी, मीना देवी, महेंद्र यादव, दशरथ यादव, अफताबा आलम, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राहुल राज, अर्जुन राऊत, सुभाष मंडल,वृजभूषण राम, गणेश कांत मिश्रा ,मुजीब खान,बिनोद मणी,डा अनुप,प्रखंड अध्यक्ष गुलाब यादव, प्रदीप नटराज,नरेश यादव, हेमंत चौधरी,जयशंकर शरण, उमेश यादव, कुमार बाबा,अनुराग आनंद, लालू भोक्ता,श्यामा सुंदर यादव,चंदन, क मुन्ना बाजपेई, किशोर रवानी,महिला प्रखंड अध्यक्ष सीता कुमारी, दुलारी देवी, जहांपनाह बीबी,तब्बसुम खातुन,जदयू के नगर अध्यक्ष पवन राज, राजकुमार दास, सीपीआई के हरिहर यादव, दीपक देव, टीएमसी के विकास कुमार,बुलेट सिंह आदि सैकड़ों ने भाग लिया।

ख़ास ख़बर

युवा चेतना परिचर्चा का आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा। युवा लोक जनता दल के तत्वाधान में युवा चेतना परिचर्चा का आयोजन जिला युवा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार राय के अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद प्रांगण में पूजा बैंक्वेट मैं संपन्न हुई।जिसमें प्रमुख रूप से युवा लोक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एनडीए प्रत्याशी हिमांशु पटेल शामिल हुए।जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को अंग वस्त्र फूल माला और बुके देकर सम्मानित किया गया।युवा चेतना परिचर्चा को संबोधित करते हुए युवा लोक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने कहा कि बिहार के सत्ता पर लगातार 33 वर्षों से बड़े भाई और छोटे भाई की सरकार काबिज है तथा वर्तमान में भी चाचा और भतीजा बिहार के सत्ता पर काबिज है। उन्होंने कहा कि 33 वर्षों के शासनकाल में युवाओं के विकास के लिए नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के पास कोई विजन नहीं है । इसलिए आज भी रेलगाड़ी में भरकर चाहे रोजी रोजगार की खोज में हो चाहे पढ़ाई लिखाई को लेकर हो बिहार से पलायन जारी है। जिसे रोक पाने में 33 वर्षों की सरकार पूर्णता विफल रही है।इसलिए राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में बिहार में युवाओं के विकास हेतु युवा लोक जनता दल निर्णायक संघर्ष करेगी। इस संघर्ष को मजबूती प्रदान करने हेतु युवा लोक जनता दल बिहार के सभी जिला में युवा चेतना परिचर्चा का आयोजन कर रही है।युवाओं को संगठित कर बिहार में एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने का काम युवा लोक जनता दल करेगी। युवा चेतना परिचर्चा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रदेश महासचिव सह पूर्व एनडीए प्रत्याशी चंदन बागची ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि चाहे देश की आजादी की लड़ाई हो या जनसमस्याओं के खिलाफ लड़ाई हो ,शिक्षा व्यवस्था ठीक करने के लिए संघर्ष की बात हो हमेशा युवाओं ने संघर्ष का संकल्प लेकर मंजिल तक पहुचाये है । इसलिए आप सब बिहार में व्याप्त बेरोजगारी ,भ्रष्टाचार एवं शैक्षणिक कुव्यवस्था के खिलाफ आगे आए और संघर्ष कर बिहार के इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेके।

इंदरपुर में ग्रामीणों ने मवेशी चोरी करते मवेशी चोर गिरोह को दबोचा, की जमकर धुनाई, बाद में किया पुलिस के हवाले

छातापुर।सुपौल। छातापुर थानाक्षेत्र में मवेशी चोर गिरोह का आतंक चरम पर है और इसको लेकर पशुपालकों के बीच भय व्याप्त हो गया है। इसी बीच शुक्रवार की अहले सुबह रामपुर पंचायत के इंदरपुर में ग्रामीणों ने चोरों के गिरोह को मवेशी चोरी करते रंगे हाथ धर दबोचा लिया। ग्रामीणों ने पीकअप वाहन के साथ हत्थे चढे चोरों की पहले पिटाई की, फिर सूचना पर पहूंची पुलिस के हवाले उसे कर दिया। पुलिस मौके से चोरों को कब्जे में लेकर थाना ले गई। जिसमें रामपुर निवासी 22 वर्षिय मो. अजरूद्दीन, 21 वर्षिय मो. इरफान के अलावे पड़ोसी अररिया जिला अंतर्गत नरपतगंज थाना क्षेत्र के कौशकापुर निवासी 23 वर्षिय मो. सदरूल बताये जा रहे हैं। चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को कई घंटे बाद जप्त कर थाना लाया गया। बिना नंबर के पिकअप पर तीन पशु भी लदे हुए हैं। जानकारी अनुसार चोर गिरोह ने गुरुवार की रात थानाक्षेत्र के अलग अलग हिस्सों से पशु चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद गिरोह के सदस्य देररात अररिया सीमा के समीप रामपुर पंचायत के इंदरपुर गांव पहूंच गया। जहां मो. अब्बास पिता स्व. मो. इशहाक का मवेशी चोरी कर पिकअप वाहन की ओर आ रहा था। जहां मवेशी मालिक सहित ग्रामीणों ने रंगे हाथ चोरों को पकड़ लिया। बताया जाता है कि गिरोह के सरगना सहित कई चोर को मौके से भगा दिया गया और तीन चोर को पुलिस के हवाले किया गया।

छुट्टी में कटौती का मनमाना फैसला वापस ले सरकार -अंशु

फारबिसगंज। फारबिसगंज विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता अविनाश कन्नौजिया अंशु ने कहा कि सरकारी स्कूलों में रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, ज्यूतिया जैसे प्रमुख हिंदू पर्व-त्योहारों पर छुट्टी रद करना और नवरात्रि, दीपावली से छठ तक की छुट्टी में कटौती करना राज्य सरकार की हिंदू-विरोधी मानसिकता का परिणाम है।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव ने एक और मनमाने फैसले से बिहार की छवि और संस्कृति पर आघात किया है।जब चेहल्लुम और मोहम्मद साहब के जन्मदिन की छुट्टी बरकरार रखी गई और यह रहनी भी चाहिए, तब भगवान कृष्ण की जयंती (जन्माष्टमी), गुरु नानक जयंती (कार्तिक पूर्णिमा) और बिहार केसरी श्रीबाबू की जयंती पर छुट्टी समाप्त क्यों गई? अंशु ने कहा कि सरकार को स्कूली बच्चों के मन पर विपरीत प्रभाव डालने वाले और सांस्कृतिक सद्भाव बिगाड़ने वाले फैसले को तत्काल वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की पहचान जिस लोकपर्व छठ से होती है, उसकी छुट्टी भी काट दी गई। दीपावली से छठ पूजा के बीच 9 दिन की छुट्टी को घटाकर 4 दिन कर दिया गया। यह बहुत ही आपत्तिजनक है। यह स्वीकार्य नहीं है।जिस शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई एक्ट) के तहत 220 दिन की पढाई सुनिश्चित करने का तर्क देकर केवल हिंदू-सिख त्योहारों पर चोट की गई।

अब जन सुनवाई हुई और भी आसान

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा। आज दिनांक* :-01.09.23 को समय-11.00बजे से 01.00बजे तक पुलिस अधिक्षक के कार्यालय कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी थाना के थाना अध्यक्ष एवं ओपीअध्यक्ष तथा पुलिस निरीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ के साथ सभी थाने में उपस्थित फरियादियों एवं जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आए फरियादियों के साथ प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किए जाने वाले वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन प्रारंभ किया गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह कदम सुदूर जिला के थाना जहां से फरियादियों को जिला मुख्यालय आने में काफी कठिनाइयों का सामना करने के साथ-साथ अतिरिक्त खर्च का वहन एवं समय की बर्बादी करना पड़ता है,को ध्यान में रखते हुए आज से यह कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया गया है जो प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजित किया जाएगा! आधोहस्ताक्षरी के द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करीब 50 से अधिक लोगों के साथ सीधे विभिन्न थानों से थाना अध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष के साथ जुड़ने वाले फरियादियों के शिकायत को सुना गया तथा ठीक इसी प्रकार पुलिस कार्यालय में आए फरियादियों को संबंधित थाना के थानाध्यक्ष एवं ओपीअध्यक्ष के साथ जोड़कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही ऑन स्पॉट उसकी शिकायत को सुना गया।उक्त शिकायत को उसके प्रकृति के अनुसार 24 घंटा,48घंटा से लेकर एक सप्ताह के अंदर निष्पादित करने का लक्ष्य संबंधित थाना अध्यक्ष/ओपी अध्यक्ष को दिया गया साथ ही निष्पादन के उपरांत उक्त संदर्भ में प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करने का निर्देश दिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त जनसुनवाई का प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला मुख्यालय के संबंधित कार्यालय जन शिकायत कोषांग में एक्सेल फाइल में सभी प्रकार फरियादों का एंट्री होगा और उसके निष्पादन का निर्धारित समय सीमा के अंदर हर एक प्रतिष्ठान के प्रभारी को करने का दायित्व होगा। इस वीडियो कांफ्रेंस में करीब सभी थाना क्षेत्र से सैकड़ो फरियादियों ने भाग लिया और सभी ने पुलिस के इस पहल को काफी अच्छा बताया और इस माध्यम से जुड़ने वाले हर एक फरियादी काफी खुश दिखे।

People's satisfaction – पूरी जन सुनवाई का मुख्य बिंदु यही है। लोगो की समस्यायों का निष्पादन जल्द से जल्द हो एवं उनको हम संतुष्ट कर पाए।

Transparency – फरियादी एवं पुलिस पदाधिकारी/जांच कर्ता दोनो आमने सामने होंगे एवं उनको सुनकर on the spot निष्पादन किया जायेगा।

Easy for people – यह पूरी प्रक्रिया लोगो के लिए बहुत ही सुगम होगी। Video conferencing के माध्यम से भी लोगो की सुनी जा रही शिकायते। कटिहार जिला के प्रत्येक थाने में लागू हुई यह व्यवस्था। लोग 1100 से 1300 बजे अपने संबंधित थाना/ओ पी में जाकर सीधे पुलिस अधीक्षक के सामने अपनी समस्या को रख सकते हैं जिनका निष्पादन "ऑन द स्पॉट" करने की पूरी कोशिश की जाएगी एवं अन्य को एक समय सीमा के अंदर निष्पादित किया जायेगा। इससे लोगो की समस्याएं तो जल्द ही दूर होंगी ही साथ में सहूलियत भी होगी। अब दूर दराज के इलाकों के लोगो को कटिहार मुख्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

Accountability – इसमें पुलिस पदाधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। सभी पदाधिकारी को एक समय सीमा के अंदर विधिवत कार्यवायी करने की बाध्यता होगी।

Feedback system – इसमें लोगो से फीडबैक भी लिया जाएगा ताकि जन सुनवाई को और बेहतर से बेहतर किया जा सके। इसमें लोगो के feedback लेने की भी व्यवस्था की गई है ताकि लोगो को बेहतर से बेहतर सेवा दी जा सके।

जीपीएस ने विभिन्न पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष के साथ किया समीक्षात्मक बैठक!

सवाददाताः अब्दूल वहाब, उधवा –साहिबगंज। उधवा/साहिबगंज। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को जी पी एस बलराम दास की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जी पी एस बलराम दास ने बताया कि 1300 मतदाता से अधिक मतदान केंद्र से मतदाता को नजदीकी मतदान केंद्र में सिफ्ट करने का आदेश जिला से प्राप्त हुआ है। जिसके आधार पर बैठक आयोजित हुई है। प्रखंड के पांच मतदान केंद्र 270, 279, 278, 290, 360 में 13 सौ से ऊपर मतदाता हैं।जहां-जहां मतदान केंद्र में हेरफेर हुआ है उसमें कहीं से 150 तो कहीं से 200 मतदाता को फेरबदल किया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख, एम आई एम प्रखंड अध्यक्ष मो सलाहुद्दीन, एम आई एम उपाध्यक्ष मो इब्राहिम, कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष, उप प्रमुख मामलोत शेख़, सुपरवाइजर शमीम अख्तर, बाबुलाल मंडल, आपरेटर देवाशीष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

सड़क दूर्घटना में जख्मी महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

छातापुर।सुपौल। छातापुर थानाक्षेत्र स्थित सोहटा शिवमंदिर के समीप चुन्नी सोहटा पथ पर सड़क दूर्घटना में जख्मी महिला की मौत हो गई। मृतक महिला 34 वर्षिया रूबी देवी कटहरा वार्ड संख्या 10 निवासी सुनील शर्मा की पत्नी बताई जा रही है। बुधवार की संध्या हुई दूर्घटना के बाद उपचार के लिए सदर अस्पताल पूर्णियां ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान गुरुवार की सुवह महिला ने दम तोड़ दिया। पूर्णिया से वापस लाये गये शव को थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपूर्द कर दिया। छातापुर थाना पुलिस ने हादसा को अंजाम देने वाली बाइक को मौके से कब्जे मे लिया है और आगे की कार्रवाई में जूटी हुई है। इधर महिला की असामायिक हुई मौत के बाद बच्चों सहित परिजनों के बीच चीख पुकार मची हुई है। बताया जाता है कि रक्षा बंधन को लेकर महिला भरगामा थानाक्षेत्र के पेकपार जाने के लिए देवर के साथ बाइक से निकली थी। इसी क्रम में छातापुर प्रखंड के सोहटा शिवमंदिर के समीप पक्की सडक पर सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार अपनी बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। दूर्घटना में महिला के सिर में भारी चोट लगा और वह बेहोश हो गई थी। जख्मी महिला को आनन फानन में छातापुर पीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया।

बाल शोषण को लेकर एकदिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन

फारबिसगंज। फारबिसगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार भवन में बाल शोषण के विभिन्न रूपों यथा बाल विवाह,बाल श्रम,बाल यौन शोषण और मानव तस्करी मुक्त बनाने को लेकर एकदिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया के साथ डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यशाला का आयोजन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन, यूएस के सहयोग से जागरण कल्याण भारती,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया।कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक सह जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति के सदस्य शंभू कुमार रजक,जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नितेश कुमार पाठक,अपर एसडीओ रंजीत कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सूर्य प्रसाद यादव ने भाग लिया और बाल शोषण के विभिन्न आयामों को लेकर चर्चा किया। कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के संजय कुमार ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक शंभू कुमार रजक ने बताया कि बच्चों के लिए स्कूल, स्वास्थ और सुरक्षा जरूरी है।अभिभावक बच्चों को समय दे और स्कूल जाने के लिए प्रेरित करे।उन्होंने कहा कि बच्चों से बालपन नहीं छिनना चाहिए और उसे बाल अधिकार का पालन करने की खुली छूट होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि बच्चों के बाल अधिकार को लेकर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय को लेकर को ऑर्डिनेशन कमिटी बनाई गई है।उन्होंने बच्चों को भयमुक्त घर से ही बनाने के लिए अभिभावकों को परिवार से ही माहौल दिया जाना चाहिए।उन्होंने अक्टूबर माह से जिला में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के जिला में काम करने की जानकारी दी। वही जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक नितेश कुमार पाठक ने बच्चों से दोस्ताना संबंध बनाने की अपील के साथ उनके अंदर छिपे प्रतिभा को तराशे जाने की वकालत की।बच्चों के बचपन को सुरक्षित करार देने को जरूरत करार दिया।अपर एसडीओ रंजीत कुमार ने मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया है और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सामाजिक कुरीतियां को दूर करने में शुरू से ही मीडिया ने अपनी अग्रिम भूमिका निभाई है और इसके खिलाफ भी मीडिया को मुखर होने को कहा।उन्होंने बच्चों को घरों से ही प्रारंभिक शिक्षा के रूप गुड और बाद टच की शिक्षा देने के साथ खुलकर बालमन के अनुसार बालपन में जीने की वकालत की।साथ ही उन्मूलन को लेकर गठित कमिटी को सहयोग देने की वकालत की।

श्रद्धांजलि सभा में फारबिसगंज कॉलेज के लिपिक मनोज शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

फारबिसगंज। फारबिसगंज कॉलेज के लिपिक मनोज शर्मा के असामयिक निधन को लेकर कटहरा स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।जिसमे मौजूद लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।उल्लखनीय है कि 16 अगस्त को कॉलेज में ड्यूटी के दौरान ही अचानक गश्त खाकर गिरने के बाद लिपिक मनोज शर्मा को पहले फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जिसके बाद प्राथमिक चिकित्सीय सुविधा के बाद उनकी नाजुक हालत को लेकर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था।विराटनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती होने के बाद 19 अगस्त को उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

पंचमुखी हनुमान मंदिर में रामधुन के साथ मेला का आयोजन

फारबिसगंज। हरे राम हरे कृष्णा हरे हरे की धुन के साथ स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर हाईस्कूल रोड में 24 घण्टे का रामचरितमानस पाठ के साथ 48 घण्टे का अष्टयाम जारी है जिसका समापन शनिवार की देर सन्ध्या को होगा। वही मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 1993 को मंदिर की स्थापना हुई थी। स्थापना वर्ष से रामधुन एवं मेला का आयोजन 30वां वर्ष में अनवरत जारी है। मंदिर को आधुनिक तरह से रंग रोगन कर सजाया गया,यहाँ विगत 30 वर्ष से अनवरत रामधुन अष्टयाम और दो दिन का मेला लगता है जिसमे शहर लोगो की उपस्थिति आकर्षण का केंद्र रहता है। साथ ही बताया की भजन मंडली समाज द्वारा रामधुन पाठ हो रहा है वही अन्य मंडली में,खाब्दह कन्हैली,घोडा घाट,बेलाय, समोल,जोगीपुर,स्थानीय समाज समेत आसपास के ग्रामीण मंडली अनवरत रामधुन जारी रखे हुए है। वही कार्यक्रम और विधि व्यवस्था की जिम्मेवारी लगे कमिटी कार्यकर्ता में अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, संजय सिंह,नीरज सिंह,रविंद्र सिंह,विनय कुमार सिंह,सुनील झा,सुमन झा,पंकज सिंह समेत स्थानीय लोग मुख्य रुप से शामिल है।

किशनगंज शाखा में धूमधाम से मनाया गया एल आई सी का स्थापना दिवस

किशनगंज 1 सितम्बर (अली रेजा सिद्दिकी)। आज भारतीय जीवन बीमा निगम किशनगंज शाखा में एलआईसी की 67वीं स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर किशनगंज नगर परिषद के अध्यक्ष श्री इंद्रदेव पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यक्ष श्री इंद्रदेव पासवान ने भारतीय जीवन बीमा निगम की उपलब्धियां को एक-एक कर के बताया और कहा की परिवार और समाज की सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन बीमा करवाना ही है। भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी का आज देश के विकास एवं हर पंचवर्षीय योजनाओं में निगम का बहुत ही अहम योगदान होता है। लगभग 14 लाख अभिकर्ता 98000 कर्मचारी एवं 47 लाख करोड रुपए की परिसंपत्ति वाले निगम का कारोबार देश में बहुत बड़े पैमाने पर हो रहा है और देश के हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने परिवार और अपने समाज को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने के लिए बीमा अवश्य ले। इस खास मौके पर शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक श्री नवल किशोर गुप्ता ने निगम की उपलब्धियां पर बारीकी से चर्चा किया और शाखा के सभी अभिकर्ता कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ पॉलिसी धारकों को अनेकों अनेक शुभकामनाएं दी। इस ऐतिहासिक मौके पर शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक कौशल किशोर सहायक शाखा प्रबंधक एजाज अहमद विकास अधिकारी एसके पासवान नरेंद्र टुडू एसके लोट प्रशासनिक पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह उदय स्वर्णकार पीके ठाकुर, मुशाहिद राजा ,परवेज आलम विक्रांत भट्ट एवं तमाम कर्मचारियों के साथ निगम के वरीय अभिकर्ता तरुण कुमार सिंह ,प्रदीप कुमार शाह, सुजित कुमार इत्यादी उपस्थित थे।

कटिहार में 49 दिव्यांग जनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल दिया गया

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा. बारसोई। प्रखंड के बुनियाद केंद्र में समाज कल्याण विभाग मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना (सम्बल) के अंतर्गत दिव्यांगजनो के बीच निशुल्क बैट्री चालित ट्राईसाईकिल 49 दिव्यांग जनों को देखकर विधायक महबूब आलम एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर अपने घरों के लिए रवाना किया। वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक महबूब आलम ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर क्षेत्र में विकास कर रहे है। दिव्यांग जनों के लिए निशुल्क बैटरी चलित ट्राई साइकिल दे रहे है। इससे दिव्यांग छात्र-छात्रा पढ़ाई के लिए खुद स्कूल जा सकेंगे तथा दिव्यांग लोग अपने भरण पोषण के लिए ट्राई साइकिल के जरिए दूर-दूर तक व्यापार कर सकेंगे। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए अनेक योजनाएं चलाए जा रहे हैं।

हौसले प्रथम महिला लक्ष्मी झा का आजाद युवा विचार मंच ने देव रिसोर्ट में चादर देकर स्वागत किया गया

पर्वतारोही लक्ष्मी झा तुर्की के बाद अब माउंट एवरेस्ट पर लहरायेगी तिरंगा झंडा

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा। तुर्की की सबसे ऊंची चोटी माउंट अरारात पर तिरंगा फहराने वाली भारत कि प्रथम महिला लक्ष्मी झा का आजाद युवा विचार मंच ने देव रिसोर्ट में चादर देकर भव्य स्वागत किया गया। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मिडिया को संबोधित करते हुए लक्ष्मी झा ने पर्वतारोहण के कठिन अनुभवों को बताते हुए आजाद युवा विचार मंच द्वारा दिए गए हौसले एवं किये गए मदद के प्रति अपना आभार जताते हुए उपस्थित तमाम मंच के सदस्यों को राखी बांध कर एक बहन के प्रति भाई के कर्तव्यो के रूप जिस प्रकार अपना योगदान दिया उसकी सराहना कि लक्ष्मी झा ने बतलाया कि वो इससे पहले भी कई पर्वत श्रृंखलाओं की चढ़ाई कर तिरंगा फहरा चुकी है।अब आगे उसका लक्ष्य माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहरा कर इस उपलब्धि को हासिल करने वाला बिहार का प्रथम व्यक्ति बनना चाहती है। जहां उन्होंने सरकार एवं जन प्रतिनिधियों से कोई भी मदद न मिलने कि बातें कही। वहीं आजाद युवा विचार मंच के शैलेश कुमार झा ने मिडिया को संबोधित करते हुए लक्ष्मी झा के उपलब्धि को जिला सहित प्रदेश के लिए गौरव कि बात कही।शैलेश झा ने कहा कि लक्ष्मी जैसी हरेक बहने जिन्हें अपना मुकाम हासिल करने में किसी मदद कि आवश्यकता है। उनके साथ आजाद युवा विचार मंच का हरेक सदस्य एक भाई के तरह खड़ा रहेगा। आज जरुरत है सरकारी स्तर पर प्रदेश एवं अपने जिले का नाम विश्व मानसपटल पर ऊंचा करने वाले हरेक व्यक्ति को सरकार द्वारा मदद किये जाने की ताकि हमारे प्रदेश का नाम ऊंचा करने वालो को हौसला मिले।लेकिन वर्तमान में जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के निरंकुशता का जो आलम है। उससे कई प्रतिभावान युवा पीढ़ी का मनोबल दम तोड़ देता है। विषम परिस्थिति में लक्ष्मी झा ने जो कर दिखाया वो युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत एवं सरकार के लिए आईना है।सम्मान कार्यक्रम में मंच के गजमोहन झा, सुर्यप्रकाश झा, रघुवंश झा, अमित कुमार मिट्ठू,अभिषेक आनंद, बमबम मिश्रा, रौशन कुमार, चमन कष्यप, मिठू सदा, अंशु ठाकुर, अनीस सदा सहित अन्य सभी उपस्थित युवाओं ने लक्ष्मी के इस उपलब्धि पर शुभकामना व्यक्त किया।

बिजली ट्रांसफार्मर जल जानें से गांव में छाया हैं अंधेरा!

सवाददाताः अब्दूल वहाब, उधवा – साहिबगंज। साहिबगंज/उधवा। प्रखंड के उत्तर पियारपुर पंचायत अंतर्गत हाजी खुशरूद्धीन टोला में करीब छह महीने से ट्रांसफार्मर खराब होकर बंद पड़ा है। जिससे गांव में अंधेरा छाया हुआ है! मामले को लेकर ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता विद्युत प्रमंडल राजमहल को हस्ताक्षरित आवेदन देकर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किया है। आवेदन में बताया है कि बीते छह महीनों से गांव में शार्ट सर्किट से जल जाने के कारण 25 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। जिसके कारण गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हैं। इस ट्रांसफार्मर से करीब 30-40 घरों में बिजली मिलती थी। बिजली आपूर्ति ठप होने से गांव में अंधेरा छा गया है, तथा बच्चों की पठन-पठान में दिक्कतें आ रही हैं!

समारोह आयोजित कर नए एसडीओ का स्वागत और तबादला पर पुराने एसडीओ को दी गई विदाई

फारबिसगंज। फारबिसगंज प्लस टू स्तरीय ली अकादमी उच्च विद्यालय में समारोह आयोजित कर स्थानांतरित हुए पुराने एसडीओ सुरेंद्र कुमार अलबेला को विदाई दी गई।वहीं कटिहार के पंचायती राज पदाधिकारी से तबादला होकर नए एसडीओ रोजी कुमारी का शहर के लोगों ने स्वागत किया।समाजसेवी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के लोगों भाग लिया और सुरेंद्र कुमार अलबेला की ओर से फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में किए गए कार्यकाल की सराहना की।मौजूद वक्ताओं ने अपेक्षा जताई कि ने एसडीओ रोजी कुमारी भी फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देकर न केवल सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को लाभ समाज के हर वर्ग को देगी,बल्कि पहली बार महिला एसडीओ के रूप में पदस्थापना से अपने कामकाज से एक नजीर भी पेश करेगी। मौके पर स्थानांतरित होकर मुंगेर डीटीओ बनकर जाने वाले सुरेंद्र कुमार अलबेला ने कहा कि फारबिसगंज अनुमंडल के लोगों का भरपूर सहयोग मिला।यहां का कार्यकाल उन्हें हमेशा यादगार रहेगा।उन्होंने कहा की गंगा जमुनी तहजीब यहां की अनोखी मिसाल है। कह सकते हैं राम बिना रमजान अधूरा और अली बिना दिवाली का स्वरूप कहीं देखने को मिलता है तो वह है फारबिसगंज में।वहीं नए एसडीओ रोजी कुमारी ने सरकारी नौकरी में तबादला और पदस्थापना को लगे रहने की बात करते हुए कहा कि फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था नियंत्रण और सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक वेज को दिए जाने के साथ विकास कार्यों को प्राथमिकता के रूप में ली है और वह इस चुनौती के लिए शहरवासियों से भी अपर्याप्त सहयोग की अपेक्षा जताई। मौके पर अपर एसडीओ रंजीत कुमार,एसडीपीओ खुशरू सिराज, बीईओ सूर्य नारायण यादव, सीओ,बीडीओ समेत फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,रेवती रमण सिंह उर्फ टुनटुन सिंह,अजातशत्रु अग्रवाल,वाहिद अंसारी,इंजीनियर आयुष अग्रवाल,इजहार अंसारी,चांदनी सिंह, रामकुमार भगत,ब्रजेश राय,पिंटू गोयल,डा.मुन्ना कुमार, राशिद जुनैद,कुणाल केडिया,शांति देवी,दिनेश भगत सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र

पीडीडीयू नगर। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में पहल करते हुए 7 डेज फाउंडेशन एवं रेलवे प्रशासन (डीडीयू नगर)के आरपीएफ जवान भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा गया।इस दौरान प्रदीप रावत(निरीक्षक प्रभारी डीडीयू)ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनको स्वावलंबी बनाने और समाज में प्रेम सौहार्द बनाए रखना ही हमारा परम कर्तव्य है।एवं संस्था को सभी आरपीएफ जवानों की तरफ से महिला बहनों को एक रुपए सुरक्षा डब्बा स्टेशन पर मुहिम से उनके स्वास्थ्य के प्रति रक्षा करते हुए सेंट्री पैड्स उपलब्ध करने की योजना की शुरुआत की गई।रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर 7 डेज फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को एवं यातायात निरीक्षक रामप्रीत यादव सहित अन्य यातायात पुलिसकर्मियों को वीआईपी गेट के पास राखी बांधी गई।इस दौरान 7 डेज फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष कोमल गुप्ता ने बताया की इस साझा प्रयास से महिला सुरक्षा,प्रेम सौहार्द,सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल एक मील का पत्थर साबित होगा।इस दौरान श्री प्रदीप रावत(निरीक्षक प्रभारी डीडीयू),(उ.नि)(रे.सु.बल पोस्ट डी डी,संस्था से अंजू,आरती, संस्कार,अभिषेक,आशीष , यसी,करीना शीला,पूजा,अंशु सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस की चेकिंग को देख ट्रक छोड़ भागे पशु तस्कर

चंदौली। जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र सिंधीताली रेलवे पुल एन. एच. के समीप पुलिस की चेकिंग को देखकर एक ट्रक बीच रास्ते में ही खड़ा करके कुछ लोग उतरकर भाग गए। जब पुलिस ने मौके पर जाकर ट्रक की तलाशी ली तो वाहन में पीछे कुल जिन्दा 19 जानवर व एक मृत गोवंश लदे पाये गये। गोवंशों की तस्करी में संलिप्त आरोपीगण की तलाश की जा रही हैआपको बता दें कि गोवंशों की वध हेतु तस्करीप प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराध में संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवम् जुर्म जरायम के रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया, उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन एवम् क्षेत्राधिकारी पं. दी. द. उ. नगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अलीनगर शेषधर पाण्डेय के नेतृत्व में अलीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर हाईवे एनएच 02 सिंधीताली क्षेत्र में वाराणसी से चन्दौली जाने वाले लेन पर चेकिंग की जा रही थी जिस दौरान पुलिस की सक्रियता व चेकिंग को देखकर एक ट्रक को बीच रास्ते में ही स्टार्ट अवस्था में ही खड़ा करके कुछ लोग उतरकर भाग गये जिनको पकड़ने का काफी प्रयास किया गया परन्तुपकड़े नहीं जा सके। रोड़ पर खड़े ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर up42at2980 को सड़क के किनारे चेक किया गया तो ट्रक में पीछे कुल 19 गोवंश जिन्दा व एक जानवर मृत लदे पाये गये । वहीं गोवंशों की तस्करी में संलिप्त आरोपीगण की तलाश की जा रही है । इस संबंध अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर गोवंशों की तस्करी में संलिप्त आरोपीगण की तलाश की जा रही है। बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में चौकी प्रभारी जफरपुर जावेद सिद्दिकी, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार व अनुराग सिंह, उपस्थित रहे।

फिर बोतल से बाहर निकला पूर्व एआरटीओ आरएस यादव का जिन्न, धमकी दिलाने का आरोप

अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली। पूर्व एआरटीओ आरएस यादव एक बार फिर चर्चा में हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाले गाजीपुर निवासी पंकज राय ने उन पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बताया कि पूर्व एआरटीओ के गुंडों ने घर पर आकर मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में जनता दरबार में गुहार लगाई। सीएम ने डीजीपी को मामले में गंभीरता के साथ कार्रवाई का निर्देश दिया है। इसके बाद पुलिस एक्शन में आ गई है।पंकज राय ने मुगलसराय कोतवाली में पूर्व एआरटीओ, उनके सिपाही व चालक पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि पूर्व एआरटीओ की ओर से मुकदमा वापस लेने के लिए पहले तमाम प्रलोभन दिए गए। पैसे व प्लाट लेकर मुकदमा वापस लेने का लालच दिया गया, लेकिन जब उन्होंने इससे इनकार कर दिया तो आरएस यादव के गुंडे उनके घर पहुंच गए। उनसे मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने लगे। चेताया कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया तो बर्बाद कर दिया जाएगा। उन्होंने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी के दरबार में पहुंचकर गुहार लगाई। सीएम ने तत्काल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मामले में एक्शन लेने के निर्देश दिए। इसके बाद गाजीपुर एसपी ने पंकज को बुलाकर मामले की जानकारी ली। साथ ही कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

पत्नी की हत्या करने वाला अभियुक्त अपने एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार

चंदौली। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम व अनावरण हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में विनय कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक चन्दौली,रामवीर सिंह क्षेत्राधिकारी सदर जनपद चन्दौली के पर्यवेक्षण में दिनांक 17.08.2023 को ग्राम सोगाई स्थित नाले में मिली एक अज्ञात महिला की लाश के सम्बन्ध मे स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसके सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित टीम में शामिल निरीक्षक श्रीकान्त पाण्डेय, उ0नि0 जमीलुद्दीन खान, हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार,का0 सुधांशु यादव,का0 अजय पटेल की मदद से विवेचना व साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आये वांछित आरोपीगण की तलाश मे पुलिस टीम कस्बा सैयदराजा मे मौजूद थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जो आपके थाना क्षेत्र में जघन्य हत्या की घटना हुई थी।जिसमें लाश को बोरे मे भरकर नाले मे फेंक दिया गया था उसके अभियुक्तगण चन्द्रशेखर व राकेश विश्वकर्मा इस समय भतीजा मोड़ अंडर पास के उस पास मौजूद हैं। जो कहीं बाहर भागने की फिराक में हैं।जिसकी सूचना पर पुलिस बल द्वारा तत्काल उक्त स्थान पर पहुंच घेराव/दबिश देते हुए पकड़ने का प्रयास किया कि पुलिस टीम को देखकर भागना चाहे कि आवश्यक बल प्रयोग कर दोनों व्यक्तियों को भतीजा रोड अंडर पास के उस पार स्थित सड़क के पास से पकड़ लिया गया। जिनके पास से पुलिस 3000 रूपये नकद वह एक मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्त चन्द्रशेखर द्वारा बताया गया कि मृतका बबिता मेरी पत्नी थी उससे मैं काफी परेशान हो गया था।उसने मेरे व मेरे घर वालों के खिलाफ दो मुकदमे दहेज के लिखवा दिया था। किसी तरह मुकदमे मे सुलह करके मुम्बई ले गया था।तब भी उसके बर्ताव मे बदलाव नही आया तो मै अपने साथी राकेश विश्वकर्मा के साथ जान से मारने का प्लान बनाया और दिनांक 11.08.2023 को मुम्बई से बबिता व अपनी बेटी रितिका तथा मेरा दोस्त राकेश विश्वकर्मा को साथ लेकर चन्दौली अपने घर आया और 12.08.2023 की रात्रि मे ही बबिता से कहासुनी हुई तब मैं गुस्से मे आकर बबिता को गिराकर गला दबाया और जब ज्यादा छटपटाने लगी तो राकेश ने उसका पैर पकड़कर दबाये रखा और जब बबिता मर गयी तो लाश को बोरे मे भरकर गांव के बाहर स्थित नाले मे फेंक दिया।अभियुक्त राकेश विश्वकर्मा द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि मैं गोरखपुर का रहने वाला हूं मुम्बई मे रहकर लोहे की फैक्ट्री मे नौकरी करता हूँ। वहीं पर मेरी मुलाकात चन्द्रशेखर से हुई थी।मैं चन्द्रशेखर को चार-पांच साल से जानता हूं।पिछले महीने चन्द्रशेखर अपनी पत्नी बबिता व बेटी रितिका को लेकर मुम्बई गया था और काफी परेशान रहता था।तब सारी बातें मुझे बताई और मारने का प्लान बनाया।मैं भी चन्द्रशेखर व उसके पत्नी बबिता व बेटी गुड़िया के साथ दिनांक 11.08.2023 को मुम्बई से चन्दौली के लिये चला था और दिनांक 12.08.2023 की रात्रि मे चन्द्रशेखर के घर ग्राम सोगाई आ गया घर आने के बाद बबिता व चन्द्रशेखर मे कहासुनी हुई तो चन्द्रशेखर ने बबिता को गिराकर उसका गला दबा दिया।जब वह छटपटाने लगी तो मैं उसका पैर दबा दिया।बबिता की हम दोनों ने मिलकर हत्या कर दी तथा लाश को एक बोरे मे भरकर गांव के बाहर स्थित नाले मे फेंक दिया था। गिरफ्तारी करने वाली थाना सैयदराजा पुलिस टीम मे संतोष कुमार सिंह-प्रभारी निरीक्षक,निरीक्षक श्रीकान्त पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

एक माह में आठ बार जल चुका है ट्रांसफार्मर

चहनियां।चंदौली। क्षेत्र के झोरी गांव में लगाया जा रहा ट्रांसफार्मर विगत एक माह में आठ बार जल चुका है। गांव के लोग इसे लेकर परेशान है। उमस भरी गर्मी में ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है । जिसे लेकर लोगो मे बिजलीं विभाग के खिलाफ आक्रोश ब्याप्त है । बिजलीं विभाग के रवैये से क्षेत्र के लोग त्रस्त है। झोरी गांव लगभग 50 घरों का गांव है। यहां ग्रामीणों के लिए 25 केबीए का ट्रांसफार्मर लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां बार बार पुराना ट्रांसफार्मर लगाया जाता है। एक माह में जलने के बाद यह आठवां ट्रांसफार्मर लगाया गया था । जब जेई सुभाष यादव से शिकायत किया जा रहा है तो अपनी रोना रो रहे है। एक तो बिजलीं मिल नही रही है। थोड़ बहुत मिल भी रही है तो उसमें यह जटिल समस्या बनी हुई है। उमस भरी गर्मी में बच्चो,महिलाओ का बुरा हाल है। इन्वर्टर ,मोबाइल सब शो पीस बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर घटिया लगाया गया तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे।

शुभ भास्कर पेपर की खबर का हुआ असर

स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने मानक विहीन पैथालॉजी रेड क्लिप सेंटर पर की छापेमारी

चकिया चन्दौली एक तरफ प्रदेश सरकार के द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य बिभाग के जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को फरमान जारी किया गया है की किसी भी दशा मे बगैर मानक के अस्पताल पैथालॉजी सेंटर ना संचालित किया जाए तथा तथा प्रदेश सरकार के द्वारा हास्पिटल पैथोलॉजी सेंटर खोलने को लेकर बाकायदा एक मानक तय किया गया है जिससे मरीजों का बेहतर तरीक़े से इलाज हो सके तथा किसी भी मरीजों की जिंदगी के साथ जिंदगी के साथ खिलवाड़ ना हो सके तथा प्रशिक्षित चिकित्सक तथा डिग्री वाले ही मरीजों का ईलाज जांच कर सके मगर प्रदेश सरकार के आदेश पर जमीनी स्तर पर बगैर मानक के धडल्ले से अवैध पैथोलॉजी सेंटर संचालित करते हुए अप्रशिक्षितो के हाथो सौप दी गयी है जिसकी खबर शुभ भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसको संज्ञान मे लेकर स्वास्थ्य बिभाग के अधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद टुट गयी। और स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी चकिया समेत स्वास्थ्य बिभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर रेड क्लिप पैथोलॉजी सेंटरो पर छापेमारी की गयी जहां स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने पैथालॉजी के संम्बन्धित कागजात चेक किये गये अब देखना होगा की स्वास्थ्य बिभाग की टीम के द्वारा मानक विहीन पैथोलॉजी सेंटर पर छापेमारी तो गयी लेकिन कोई कार्यवाही होती है या पुर्व की भांति जांच के नाम पर कोरमपुर्ती करते हुए मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया जाता है।

मजदूरी के नाम पर फैक्ट्री ले जा रहे 7 बच्चे को कराया गया मुक्त

पीडीडीयू नगर। मुखबीर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में अन्य अधिकारी व जवान साथ सीआइबी टीम,टास्क टीम व बचपन बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 19314 अप (पटना-इंदौर) एक्सप्रेस के डीडीयू स्टेशन पर आगमन उपरांत गाड़ी के पिछले जनरल कोच से कुल 7 नाबालिक बच्चों व एक ट्रैफिकर को संदिग्ध स्थिति में पाए जाने पर उनसे पूछताछ कर उनको गाड़ी से उतारा गया।पूछताछ में सभी ने अपना नाम व पता बताये जिसमे सभी सीतामढ़ी जिला बिहार के निवासी पाए गए।उक्त ट्रेफिकर द्वारा सातों बच्चों को मजदूरी के नाम पर फैक्ट्री में काम करने हेतु इंदौर ले जाया जा रहा था।ट्रैफिकर द्वारा अपराध स्वीकारोक्ति उपरांत उसको गिरफ्तार कर सभी सातों बच्चों को सुरक्षित कब्जे में लिया गया।उसके बाद गिरफ्तार ट्रैफिकर व सातो बच्चों को जीआरपी डीडीयू को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।जहां पर जीआरपी डीडीयू द्वारा गिरफ्तार उक्त ट्रेफिकर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है।उक्त अभियान में डीडीयू पोस्ट के उप निरीक्षक आर एन राम,अमरजीत दास,प्रधान आरक्षी आर सी यादव, सीआइबी के सहायक उप निरीक्षक सतीश सिंह,प्रधान आरक्षी पवन कुमार,अवधेश कुमार,टास्क टीम के आरक्षी अच्छेलाल यादव तथा बचपन बचाओ आंदोलन डीडीयू टीम की प्रोजेक्ट अधिकारी चंदा गुप्ता मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव को लेकर बसपा भी कमर कसना शुरू कर दिया है

सकलडीहा चंदौली। लोकसभा चुनाव को लेकर बसपा भी कमर कसना शुरू कर दिया है संगठन के मजबूती को लेकर कोरी गांव निवासी संदीप कुमार को सकलडीहा विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने का काम शुरू कर दिया है राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला अध्यक्ष घनश्याम प्रधान द्वारा कोरी गांव निवासी युवा नेता संदीप कुमार को सकलडीहा विधानसभा अध्यक्ष बनाकर संगठन की मजबूती में चार चांद लगाने का काम किया है इनको विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर युवाओं में एक नया जोश के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती करने का काम होगा विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर संदीप कुमार ने बताया कि हमें संगठन में विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसका निर्वहन बखूबी ईमानदारी पूर्वक करने का काम करूंगा।

सदस्यता महा अभियान का हुआ आगाज, किसानों ने दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुडकुडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बारोड़ीह में सहकार से समृद्ध के सपने को साकार करने हेतु आज बी पैक्स सदस्यता महा अभियान आयोजन किया गया । इस अभियान की अध्यक्षता बीजेपी नेता दयाशंकर सिंह ने किया , वहीं मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप उर्फ मसाला सिंह और विशिष्ट अतिथि ए डी सी ओ तहसील जखनिया रहे। नई सदस्यता लेने के लिए कई गांव से किसान इस अभियान में मौजूद रहे । वही ए डी सी ओ निरंकार मौर्य ने बताया कि इस समय सरकार का ध्यान सरकारी समितियां पर काफी जोरों पर है । इसमें कर्मचारियों की नियुक्ति बढ़ाई गई है , सभी समितियां को कंप्यूटराइज किया गया है। किसानों से संबंधित जितना भी प्रोजेक्ट है उसे सरकारी सीमित से उचित मूल्य पर प्राप्त कराया जाएगा ।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र प्रताप सिंह ने कहा बदलते दौर में आत्मनिर्भर रहना बहुत जरूरी है।यह अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर तक महोत्सव के रूप में चलाया जाएगा । इसके अलावा किसानों को आय दुगनी करने और उनके भविष्य को बेहतर बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार कटिबंध लगातार सरकारी योजनाओं देकर आर्थिक आधार पर मजबूत करने का कार्य योगी सरकार कर रही है। इस मौके पर सीमित अध्यक्ष भूलन सिंह और संचालक सदस्य प्रदीप सिंह, अवधेश गिरी, शीला देवी, अवधेश गिरी, अनिल सिंह ,टुनटुन सिंह, सच्चिदानंद सिंह ,संजय यादव, विजय जायसवाल ने अपना-अपना विचार प्रकट किया ।

सामुदायिक सुधार एवं शांति फेलोशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक शुभ भास्कर, फिरदौस अहमद, भागलपुर (बिहार)। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत बलुआचक मखना में सामुदायिक सुधार एवं शांति फेलोशिप कार्यक्रम का आयोजन जामा मस्जिद मखना में किया गया। इसकी अध्यक्षता जमीअत उलेमा बिहार के महासचिव मुजाहिदे मिल्लत हजरत मौलाना मुहम्मद नाजिम साहब कासमी दमात बरकातहुम ने की और मंच संचालन का दायित्व शम्स तबरेज रहमानी, महासचिव जमीअत उलेमा शहर भागलपुर और प्रदेश आयोजक जमीअत उलेमा हिंद ने निभाया।प्रदेश महासचिव जमीयत उलेमा बिहार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सबसे पहले शांति फेलोशिप कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यदि स्थानीय लोग सहयोग करते रहे तो हम और हमारी शांति फेलोशिप कार्यक्रम टीम बहुत कम समय में सफल होगी। तबरेज़ रहमानी ने दर्शकों और आमंत्रित अतिथियों के सामने शांति फ़ेलोशिप कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी सज्जनों ने यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया और तुरंत जामा मस्जिद मखना में एक आदर्श संगठित विद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया। सुधार समाज समिति के गठन के बाद मासिक सुधार कार्यक्रम का कार्यक्रम तय किया गया। स्कूलों और कॉलेजों के महिलाओं और छात्रों के लिए जलसा तफ़ुज़ ईमान,नौजवान के लिए सुधार कार्यक्रम, प्रौढ़ शिक्षा इस मौके पर जमीयत उलेमा बिहार संगठन विकास विभाग के सचिव हजरत मौलाना आसिफ नदवी।जमीयत उलेमा पटना के महासचिव हजरत मौलाना मुहम्मद इजहार साहब कासमी। हजरत मौलाना मुहम्मद अंसार साहब, संचालक ईशाअती मुनज्ज़म मकतब व उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा शहर भागलपुर।जमीअत सद्भावना मंच भागलपुर के आयोजक अब्दुल करीम अंसारी जी ।अमन फेलोशिप प्रोग्राम भागलपुर के आयोजक हाफ़िज़ मोहम्मद साबिर प्रचारक मास्टर शहादत अंसारी साहब जमीयत उलेमा ब्लॉक जगदीशपुर के महासचिव अल्हाज शाहीन शाहिद साहब और अन्य सैकड़ों गणमान्य लोगों उपस्थित थे।

तैयारी — पीठाधीश्वर बाबा के कुशल नेतृत्व में बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास पूर्वक जन्मोत्सव मनाया जायेगा

बाबा कीनाराम तीन दिवसीय जन्मोत्सव की तैयारी जोरो पर

चहनियां। चंदौली। सन्त शिरोमणि अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी का 424 वां जन्मोत्सव समारोह जन्मस्थली व तपोस्थली रामगढ़ में परम पूज्य अघोरेश्वर बाबा कीनाराम के ग्यारहवें अवतार पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के कुशल नेतृत्व में बड़े ही धूम-धाम व हर्षोल्लास पूर्वक जन्मोत्सव मनाया जायेगा । इस दौरान पिठाधीश्वर ने महोत्सव के सहयोगी प्रधान आशुतोष कुमार सिंह को बताया कि इस बार जन्मोत्सव में वाराणसी क्रिम कुंड से महिला मंडल संगठन का गठन किया गया है। जिससे संगठन कि महिलाएं वाराणसी से लेकर पूर्वांचल व अन्य राज्यों से बाबा कीनाराम जन्मोत्सव में प्रचार प्रसार के साथ साथ बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान कर रही है। वही दूसरी तरफ कीनाराम मठ के अंदर व बाहर किनेश्वर महादेव मंदिर,विश्राम बाबा मंदिर, बाबा कीनाराम जी द्वारा निर्मित कूप का रंग रोगन, साफ-सफाई जोर सोर से चल रहा,क्षेत्र के दर्जनों युवाओं की टोली श्रमदान कर मठ की सफाई में अपना योगदान दे रहे। मेला के लिए दुकानदार अभी से अपने दुकानों का सीमांकन करके निशान लगाकर अपनी जगह सुरक्षित कर रहे है । मठ की साफ सफाई रंगरोगन के साथ साथ मठ के अंदर व खेल मैदान में होने वाले रात्रि के सांस्कृतिक कार्यक्रमो को लेकर रूपरेखा तैयार किया जा रहा है । जिले के उच्चाधिकारियों व मठ प्रशासन के बीच शुक्रवार को कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित होगी । चन्दौली जिला प्रशासन द्वारा जमोत्सव में प्रत्येक वर्ष सहयोग सराहनीय रहता है । इस बार 13 से 15 सितम्बर तक बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा । जिसमे तीनो दिन कार्यक्रम,पूजन अर्चन,रामायण,कीर्तन, सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा भजन व भोजपुरी गीत संगीत एवं विचार गोष्ठी व रात्रि में नामी गिरामी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान प्रधान ब्यवस्थापक अरुण सिंह, ब्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह, महिला संगठन की रूबी सिंह, चैयरमैन यू के सिंह, पंकज पाण्डेय,मंटू सिंह आदि लोग उपस्थित थे ।

जक्शन परिसर में मां के साथ सोया बच्चा गायब, सनसनी

चंदौली। हावड़ा दिल्ली रूट के महत्वपूर्ण पं.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन परिसर में सोमवार की रात एक सनसनी खेज घटना सामने आई है। स्टेशन परिसर में सोइ महिला का नौ माह का बेटा सोमवार की रात चोरी गया। स्टेशन परिसर से मासूम की चोरी की घटना से हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी होते ही मगलवार को सीओ जीआरपी वाराणसी ने स्टेशन पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और जीआरपी अधिकारियों को जल्द से जल्द बच्चे का पता लगाने का निर्देश दिया है। बुधवार को भी पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से तलाश में जुटी रही। वहीं बच्चा गायब होने से उसकी मां का रो रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के लाठ नंबर दो पानी टंकी निवासिनी दलित महिला सपना अपने पति मूरत सोनकर के साथ मजदूरी कर पेट पालते हैं। सपना के अनुसार सोमवार की रात 10 बजे वह अपने नौ माह के बेटे प्रिंस के साथ स्टेशन परिसर स्थित नए रिजर्वेशन काउंटर के समीप सीढ़ी के नीचे सोई थी। भोर में तीन बजे महिला की नींद खुली तो उसका मासूम बेटा गायब था। पास में बच्चा न होने से वह हैरान हो गई। घंटों तक उसने काफी खोजबीन की लेकिन मासूम का पता नहीं चला। शोर मचाने पर आस पास के लोग भी एकत्र हो गए। स्टेशन परिसर से बच्चा चोरी की घटना से मौके पर खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे जीआरपी कर्मियों ने भी बच्चे की तलाश की लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह मूरत ने बेटे के चोरी होने की तहरीर जीआरपी में दी। जीआरपी बच्चा गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं मासूम के गायब होने से माता पिता का रो रोकर हाल बेहाल है। मंगलवार की दोपहर में जीआरपी के सीओ कुंअर प्रभात सिंह ने स्टेशन पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। उन्होंने महिला से घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली। वहीं सीसीटीवी खंगाला। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द बच्चे का पता लगाने का निर्देश दिया। जीआरपी के अतिरिक्त निरीक्षक प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जीआरपी आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश करने में जुटी है। वहीं संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी खंघालने के साथ ही सर्विलांस की मदद ली जा रही है। विभिन्न थानो को बच्चे की फोटो भेजी गई है। आरपीएफ की भी मदद ली जा रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।